संस्करण : नई दिल्ली, पानीपत (हरियाणा), चंडीगढ़, लखनऊ, भोपाल (मध्य प्रदेश), हल्द्वानी, नैनीताल, देहरादून (उत्तराखंड) से एक साथ प्रकाशित

पब्लिक की सुनें, पब्लिक की कहें...

# पब्लिक एशिया

खोजी पत्रकारिता का नया आयाम





सदैव अनुकरणीय रहेंगे भगवान श्रीराम के आदर्श — पृष्ठ नं: 2

@publicasia1989 @publicasiaofficial @publicasia

वर्ष : 35 | अंक : 149 | नई दिल्ली, गुरुवार, 18 अप्रैल, 2024 | पृष्ठ : 12

मूल्य ₹ 3.00

RNI No-49329/89
website: www.publicasia.in
email:- publicasia1989@gmail.com

पृष्ठ नं: 12 — मुफ्त एलपीजी सिलेंडर, सबको घर और...

**मौसम**

**दिल्ली/एनसीआर**

| अधिकतम ता. | न्यूनतम ता. |
| --- | --- |
| 38.0°C | 22.0°C |

**संक्षिप्त समाचार**

## वडोदरा-अहमदाबाद एक्सप्रेसवे पर भीषण दुर्घटना


- कार के ट्रैलर से टकराने से 10 की दर्दनाक मौत



वडोदरा, एजेंसी। अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस हाईवे पर बुधवार को नडियाद के पास एक भीषण हादसा हो गया। यहां एक कार ट्रेलर के पीछे जा घुसी, जिससे 10 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इनमें से आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो ने अस्पताल में ही दम तोड़ दिया। मृतकों की संख्या अभी भी बढ़ने की आशंका है।बता दें कि कार वडोदरा से अहमदाबाद जा रही थी, तभी एक्सप्रेस हाईवे पर नडियाद के पास पहुंचते समय एक ट्रेलर के पीछे से टकरा गई। हादसा इतना गंभीर था कि कार पलट गई। मरने वालों में एक महिला भी शामिल है। घटना की सूचना मिलने पर आपातकालीन 108 और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। हादसे के बाद अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस हाईवे पर ट्रैफिक जाम हो गया है। बता दें कि कार वडोदरा से अहमदाबाद जा रही थी, तभी एक्सप्रेस हाईवे पर नडियाद के पास पहुंचते समय एक ट्रेलर के पीछे से टकरा गई। हादसा इतना गंभीर था कि कार पलट गई। मरने वालों में एक महिला भी शामिल है। घटना की सूचना मिलने पर आपातकालीन 108 और पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

## सीएम नवीन पटनायक यहां से लड़ेंगे चुनाव

- बीजद ने जारी की 9 प्रत्याशियों की एक और लिस्ट
- संबलपुर और रेढाखोल सीट पर बीजद ने बदले उम्मीदवार
- कंटाबांजी विधानसभा सीट से नवीन पटनायक लड़ेंगे चुनाव



भुवनेश्वर। बीजू जनता दल ने बुधवार को अपनी पांचवीं सूची जारी की है। पांचवीं सूची में 9 उम्मीदवार के नाम घोषित करने के साथ ही संबलपुर तथा रेढाखोल सीट पर पहले से घोषित उम्मीदवार को पार्टी ने बदल दिया है। आज घोषित 9 उम्मीदवारों की सूची में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक का भी नाम शामिल है।मुख्यमंत्री नवीन पटनायक कंटाबांजी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे।उसी तरह से संबलपुर तथा रेढाखोल सीट पर पार्टी ने उम्मीदवार बदल दिए हैं। संबलपुर एवं रेढाखोल सीट पर बीजद ने अपने पहले घोषित उम्मीदवारों का अदल-बदल किया है। रेढाखोल विधानसभा सीट से बीजद ने पहले रोहित पुजारी को उम्मीदवार बनाया था। हालांकि, अब रोहित पुजारी को संबलपुर से एवं प्रसन्न आचार्य को रेढाखोल से उम्मीदवार बनाया है।

## रामनवमी पर दर्दनाक हादसा

- मंदिर दर्शन करने जा रहे ग्रामीणों की गाड़ी पलटी; तीन की मौत और 17 घायल



कानपुर, एजेंसी। कानपुर में दर्दनाक हादसा हुआ है। फतेहपुर से जूही बारादेवी मंदिर दर्शन करने जा रहे बोलेरो पिकअप रफ्तार तेज होने से अनियंत्रित होकर चकेरी मोड़ के पास पलट गई। हादसे में दो महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई,जबकि 17 से ज्यादा लोग घायल हो गए। पुलिस एंबुलेंस से घायलों को रामादेवी स्थित कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया है,जहां से कई घायलों को एलएलआर अस्पताल रेफर किया गया। घायलों का इलाज चल रहा है। फतेहपुर के मानागांव निवासी रामू ने बताया कि बुधवार दोपहर रामनवमी पर जूही स्थित बारादेवी मंदिर में दर्शन करने के लिए पिता रामपाल व रिश्तेदार व गांव के करीब 40 से 45 लोगों के साथ दो बोलेरो पिकअप बुक कराकर जा रहे थे। चकेरी मोड़ के पास दोनों गाड़ियों की रफ्तार काफी तेज होने और एक दूसरे से रेस लगाने के चक्कर में एक बोलेरो पलट गई।हादसे में फतेहपुर चुराई अकबरपुर निवासी भोला, उसकी बहन गंगादेई और मनापुर निवासी रामदेवी की मौत हो गई,जबकि 17 से ज्यादा ग्रामीणों की मौत हो गई है। घायलों को कांशीराम अस्पताल भर्ती कराया है।

# शंभू बॉर्डर पर किसानों ने रेलवे ट्रैक जाम किया, बैरिकेडिंग तोड़ी

**पुलिस से धक्कामुक्की; 34 ट्रेन प्रभावित, 11 कैंसिल हुई**

**पुलिस ने किसानों को रोकने की कोशिश की तो उनमें धक्कामुक्की हो गई।**

अंबाला, एजेंसी। पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों ने शंभू रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक जाम कर दिया है। बॉर्डर पर नेशनल हाईवे बंद कर डटे किसान शंभू बॉर्डर के पास ही रेलवे ट्रैक पर बैठ गए हैं। इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, जिससे पुलिस-किसानों की धक्कामुक्की हुई। मगर, किसानों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी और ट्रैक पर बैठ गए। किसान सरकार से युवा नेता नवदीप सिंह जलबेड़ा समेत 3 किसानों की रिहाई की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में पहले उनकी हरियाणा और पंजाब सरकार से मीटिंग हुई थी, जिसके बाद रिहाई का भरोसा मिला था। जिसके बाद किसानों ने सरकार को 16 अप्रैल तक का समय दिया था। सरकार ने रिहाई नहीं की तो वे ट्रैक पर उतर आए। किसानों के प्रदर्शन के चलते 34 ट्रेन प्रभावित हुई हैं। 11 ट्रेनों को पूरी



तरह से कैंसिल किया गया है, जबकि कई ट्रेनों के रूट डायवर्ट किए गए हैं तो कुछ के रूट शॉर्ट किए गए हैं।

### डल्लेवाल ने कहा- रिहाई तक ट्रैक खाली नहीं करेंगे

किसान नेता जगजीत डल्लेवाल ने कहा कि सरकार ने भरोसा देकर भी उन्हें रिहा नहीं किया। हमारा किसान साथी जेल में मरणव्रत पर बैठा है। जब तक सरकार उसे रिहा नहीं करती, हम ट्रैक खाली नहीं करेंगे। अगर सरकार अभी रिहा कर दे तो हम 10 मिनट में हट जाएंगे।आम लोगों की परेशानी को लेकर डल्लेवाल ने कहा कि हमारा साथी जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहा है, इसमें लोग हमें सहयोग करें।

### पंधेर बोले- हम नहीं चाहते थे, सरकार ने मजबूर किया

आंदोलन की अगुआई कर रहे किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि हम रेल नहीं रोकना चाहते थे। मगर, हमें इसके लिए मजबूर करना सरकार का फेलियर है। सरकार ने 16 अप्रैल तक रिहाई का भरोसा देकर वादाखिलाफी की है। उन्होंने कहा कि रेल रोको आंदोलन अनिश्चितकाल के लिए रहेगा। पंधेर ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान हम भाजपा के साथ-साथ विपक्ष को भी सवाल पूछेंगे।

**विपक्ष ने नॉर्थ-ईस्ट में अलगाववाद को खाद-पानी दिया, मोदी ने गले लगाया**

# असम को कांग्रेस ने पंजे में जकड़ा था: मोदी

**गुवाहाटी, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार (17 अप्रैल) को असम और त्रिपुरा दौरे पर हैं। उन्होंने असम के नलबाड़ी में चुनाव रैली को संबोधित करते हुए कहा- कांग्रेस ने सियासी फायदे के लिए असम को अपने पंजे में जकड़ रखा था। ताकि उनके लिए लूट और भ्रष्टाचार के रास्ते खुले रहें। अब ये पंजा खुल गया है। असम में सबका साथ और सबका विकास हो रहा है। मोदी ने कहा- जिस नॉर्थ-ईस्ट को कांग्रेस और विपक्ष ने समस्याएं दीं, अलगाववाद को खाद-पानी दिया। उस नॉर्थ-ईस्ट को मोदी ने गले लगाया। जो कांग्रेस के 60 वर्षों में नहीं हुआ, वह मोदी ने 10 साल में किया।**

मोदी जिस समय भाषण दे रहे थे, उसी समय अयोध्या के राम मंदिर में रामलला का सूर्यतिलक हो रहा था। मोदी ने फोन की फ्लैश लाइट जला कर लोगों से सूर्य तिलक के कार्यक्रम से जुड़ने का आह्वान किया। सभा के बाद उन्होंने टैबलेट पर सूर्यतिलक देखा और सोशल मीडिय प्लेटफॉर्म पर तस्वीरें पोस्ट कीं। नलबाड़ी के बाद मोदी त्रिपुरा के अगरतला में रैली को संबोधित करेंगे। वे मंगलवार को देर शाम गुवाहाटी पहुंचे थे। उन्होंने वहां रोड शो के दौरान लोगों का अभिवादन किया। वे रात में गुवाहाटी में ही रुके थे। NDA सरकार की योजनाओं में कोई भेदभाव नहीं होता। योजनाओं का लाभ हर किसी को मिलता है। अब NDA ने ठाना है कि देश के हर नागरिक तक पहुंचकर जिस सुविधा का वो पात्र है, वो सुविधा उसे दी जाएगी। अब 70 साल के ऊपर के बुजुर्गों की सेवा आपका बेटा मोदी करेगा। इन्हें 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। आपका बिजली बिल जीरो आए, इसलिए कम दाम पर सोलर पैनल दिए जाएंगे। इसके अलावा हमने लक्ष्य रखा है 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे। हमने खरीफ की फसलों का टरढ बढ़ाया है। इससे यहां के किसानों को लाभ हुआ है। भाजपा ने



किसानों को लेकर सभी योजना को जारी रखेंगे। असम का विकास इस बात का सबूत है कि जब नीयत सही हो तो नतीजे भी सही आते हैं। मोदी ने मुस्लिम बहनों को तीन तलाक की टेंशन से मुक्ति दिलाई। हमने कानून बनाकर मुस्लिम बहनों और उनके परिवारों को राहत पहुंचाई।

मैंने कुछ ही दिन पहले असम में देश की बड़ी सेमीकंडक्टर फैसिलिटी शिलान्यास किया है। इससे 15 हजार से ज्यादा युवाओं के लिए रोजगार के अवसर मिलेगा। ये ऐतिहासिक शुरूआत है।

कांग्रेस को दिया आपका वोट केंद्र में सरकार नहीं बनाएगा। भाजपा को दिया आपका वोट विकसित भारत बनाएगा। 4 जून को नतीजा क्या होने जा रहा है, ये साफ दिखाई दे रहा है।

### असम की 14 सीटों पर 3 फेज में वोटिंग

देश के 543 लोकसभा सीटों पर 7 फेज में चुनाव होने वाले हैं। 19 अप्रैल को पहले फेज की वोटिंग होगी। 4 जून को नतीजे आएंगे। असम की 14 सीटों के लिए शुरुआती 3 फेज में चुनाव होंगे। यहां 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को वोटिंग होने वाली है। भाजपा असम में असम गण परिषद (AGP) और यूनाइटेड पीपल्स पार्टी लिबरल (UPPL) के साथ गठबंधन में हैं। AGP बारपेटा और UPPL कोकराझार लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रही है। भाजपा बाकी 11 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार के नाम का ऐलान कर चुकी है।


### BJP ने 2019 में त्रिपुरा की दोनों सीटें जीतीं

त्रिपुरा में दो लोकसभा सीटें हैं- त्रिपुरा ईस्ट और त्रिपुरा वेस्ट। त्रिपुरा वेस्ट के लिए 19 अप्रैल और त्रिपुरा ईस्ट में 26 अप्रैल को चुनाव होंगे। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राज्य की दोनों सीटें जीत दर्ज की थी। इससे पहले 2014 में सीपीआई (एम) दोनों सीटें जीती थी।

## प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का पहला सूर्य तिलक

**12 बजे अभिजीत मुहूर्त में 3 मिनट तक माथे पर पड़ीं नीली किरणें**

**अयोध्या में राम जन्मभूमि में रामलला के मस्तक पर सूर्य तिलक की तस्वीर। दूसरी फोटो में असम में अपने टैबलेट पर सूर्य तिलक देखते पीएम मोदी।**



अयोध्या, एजेंसी। अयोध्या में बुधवार यानी 17 अप्रैल को रामनवमी पर दोपहर 12 बजे से रामलला का सूर्य तिलक हुआ। प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का यह पहला सूर्य तिलक है। दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में रामलला का सूर्य तिलक किया गया और मस्तक पर 3 मिनट तक नीली किरणें पड़ीं। सूर्य तिलक के साथ ही रामलला का जन्म हो गया। मंदिर में आरती की गई। सूर्य तिलक के बाद कुछ देर के लिए रामलला का पट बंद कर दिया गया। इससे पहले जगद्गुरु राघवाचार्य ने 51 कलशों से भगवान रामलला का अभिषेक किया। आज सुबह 3.30 बजे मंदिर के कपाट खुल गए, आम दिनों में यह 6.30 बजे खुलते हैं। श्रद्धालु रात 11.30 बजे तक, यानी 20 घंटे दर्शन कर सकेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी टैबलेट में रामलला का सूर्य तिलक देखा। सूर्य तिलक के लिए अष्टधातु के 20 पाइप से 65 फीट लंबा सिस्टम बनाया गया। इसमें 4 लेंस और 4 मिरर के जरिए गर्भ गृह तक रामलला के मस्तक पर किरणें पहुंचाई गईं। अब तक 6 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंच चुके हैं। राम जन्मभूमि परिसर में लंबी लाइनें लगी हैं। राम पथ, भक्ति पथ और जन्मभूमि पथ पर काफी भीड़ है।

## आम आदमी पार्टी की आप का रामराज्य वेबसाइट लॉन्च, लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए बनाया प्लान



- सीएम केजरीवाल और आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा कराए जा रहे कामों से दुनिया सीख ले रही है।

नई दिल्ली, एजेंसी। आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए आज वेबसाइट आपका रामराज्य (aapkaramrajya.com) लॉन्च कर दी है। आप सांसद संजय सिंह आतिशी, सौरभ भारद्वाज और जैस्मिन शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वेबसाइट लॉन्च की। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि केजरीवाल सरकार के कामकाज के बारे में जानकारी देने के लिए आपका रामराज्य वेबसाइट शुरू की गई। रामराज्य की अवधारणा को हम दिल्ली और पंजाब में लागू कर रहे हैं। हम इस वेबसाइट के जरिए आम आदमी पार्टी के जनहित के कार्यों को देश और दुनिया में पहुंचाना चाहते हैं। वहीं, आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल के रामराज्य की अवधारणा में कोई भेदभाव नहीं है, कोई छोटा-बड़ा नहीं है और सभी के हित में काम करने का विचार है। इसी को ध्यान में रखते हुए रामनवमी के अवसर पर आप की लोकसभा अभियान वेबसाइट आपका रामराज्य लॉन्च की गई है। संजय सिंह ने कहा, किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि बिजली मुफ्त दी जा सकती है। आजादी के बाद मुफ्त बिजली योजना, मुफ्त पानी योजना और मुफ्त बस यात्रा योजना लागू करने वाली यह पहली सरकार थी। दिल्ली मुनाफे का बजट देने वाला एकमात्र राज्य है।

## मुख्यमंत्री आदित्यनाथ और बसपा प्रमुख मायावती ने रामनवमी पर बधाई दी






लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने राज्य के लोगों को रामनवमी पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, भारत के प्राण, सनातन जगत की सकल आस्था के केंद्र, हमारे आराध्य, मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के पावन अवतरण दिवस ह्यश्री राम नवमी की समस्त प्रदेश वासियों एवं श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं !उन्होंने कहा, शताब्दियों की प्रतीक्षा के उपरांत श्री अयोध्या धाम में प्रभु श्री रामलला का निर्मित नव्य, भव्य, दिव्य मंदिर कोटि-कोटि रामभक्तों और मानव सभ्यता को हर्षित, गर्वित कर रहा है। जय-जय श्री राम !बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने एक्स पर लिखा, रामनवमी की, देश-दुनिया में रहने वाले, राम के सभी अनुयाइयों को, हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें।

# 29 नक्सलियों के एनकाउंटर:लंच के बाद मीटिंग की तैयारी में थे माओवादी

**कांकेर/जगदलपुर**

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में 16 अप्रैल को पुलिस और नक्सलियों के बीच करीब साढ़े 5 घंटे तक मुठभेड़ हुई। DRG और BSF के जवानों ने नक्सलियों के ठिकाने में घुसकर उनके 29 सदस्यों का एनकाउंटर कर दिया। मुठभेड़ के वक्त नक्सली दोपहर का खाना खाकर बेफिक्र होकर बैठे थे। इनका कमांडर शंकर राव मीटिंग लेने की तैयारी कर रहा था। करीब 250 से 300 मीटर तक जवान उनके करीब पहुंच गए थे। इसके बाद मौका मिलते ही हमला कर दिया। इस मुठभेड़ का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कुछ जवान पोजीशन लेते हुए नजर आ रहे हैं। फायर करते हुए आगे



भी बढ़ रहे हैं। जिस जवान ने वीडियो बनाया, वह कह रहा है कि ह्यएकदम आगे नहीं...आड़ लेते हुए...पीछे वाले फायर मत करना। ज्यादा नजदीक मत जाओ।

**पहला दिन-** तारीख 15 अप्रैल...पुलिस को पुख्ता सूचना मिली थी कि कांकेर के छोटे बेठिया थाना क्षेत्र के हापाटोला के जंगल में नक्सली मौजूद हैं। यहां नक्सलियों के उत्तर बस्तर डिवीजन का कमांडर शंकर राव आया हुआ है। अपने साथियों की बैठक लेने वाला है। उनके साथ करीब 40 से 50 नक्सलियों का जमावड़ा है। मुखबिर की इसी सटीक जानकारी के बाद सोमवार देर शाम DRG और BSF के जवानों को मौके के लिए रवाना किया गया था।

**दूसरा दिन-** 16 अप्रैल को पहाड़, नदी-नाले पार कर करीब 300 से 400 जवान नक्सलियों को घेरने उनके गढ़ में घुस गए। नक्सली जिस जंगल को अपना सुरक्षित ठिकाना मानकर रुके थे, वह टेकरी वाला इलाका था। लगभग 1 से डेढ़ बजे के बीच जवान नक्सलियों के ठिकाने के नजदीक पहुंच गए थे। जवानों और नक्सलियों के बीच की दूरी महज 250 से 300 मीटर ही थी। पेड़ और मेड़ का सहारा लेकर जवान छुप गए। जहां नक्सली मौजूद थे, उस पूरे इलाके को चारों तरफ से घेर लिया गया। यहां नक्सली कमांडर शंकर अपने साथियों के साथ खाना खाकर निश्चिंत बैठा था। सूत्रों के मुताबिक एनकाउंटर से कुछ देर पहले शंकर अपने साथियों के साथ मीटिंग करने वाला था। इसके पहले ही ठीक 2 बजे पुलिस ने फायर खोल दिया।समय 3 बजकर 30 मिनट- शुरुआती फायरिंग में ही 2 से 3 नक्सली मारे गए। बाकी जब तक संभलते, तब तक जवानों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसानी शुरू कर दी थीं।

**चुनाव** | **अखिलेश यादव ने कहा कि वो 2014 में आए थे 2024 में जाएंगे और इस बार विदाई भी बैंड बाजे के साथ होगी...**

# यूपी में एक साथ राहुल और अखिलेश, बोले- मौजूदा सरकार में 10 पेपर हुए लीक

### इंडी गठबंधन करेगा भाजपा का सफाया

गाजियाबाद/नई दिल्ली, एजेंसी। कौशांबी स्थित एक होटल में इंडिया गठबंधन की संयुक्त प्रेस वार्ता हुई इसमें राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने कहा कि गठबंधन एनडीए को गाजियाबाद से गाजीपुर तक हराएगी। राहुल गांधी ने दावा किया कि इस बार एनडीए की सरकार 150 सीटों पर सिमट कर रह जाएगी। अखिलेश यादव ने कहा कि वो 2014 में आए थे 2024 में जाएंगे और इस बार विदाई भी बैंड बाजे के साथ होगी। इस मौके पर कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत और बागपत के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी पंडित अमरपाल शर्मा, सपा के पूर्व मंत्री शाहिद मंजूर भी मौजूद रहे।



### भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बनी: अखिलेश

राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने प्रेसवार्ता शुरू की। पत्रकारों को संबोधित करते हुए पहले अखिलेश यादव ने कहा कि इस बार पश्चिम से बदलाव की हवा चली है। जनता भाजपा के झूठ और वादा खिलाफी से तंग आ चुकी है। अखिलेश यादव ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड ने भाजपा की बैंड बजा दी है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बनकर रह गई है। राहुल गांधी ने कहा कि यह विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ आरएसएस और भाजपा संविधान को खत्म करने की कोशिश में है तो दूसरी ओर गठबंधन लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए चुनाव लड़ रही है।

### पीएम मुद्दों पर बात नहीं करते

उन्होंने प्रधानमंत्री पर सीधे हमला बोलते हुए कहा कि हमारे प्रधानमंत्री कभी मुद्दों पर बात नहीं करते। मुद्दों पर बात करने की बजाय कभी तो वह आसमान में सी प्लेन पर चले जाते हैं तो कभी समुद्र की गहराईयों में चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम ने एक साक्षात्कार में इलेक्टोरल बॉन्ड को सही बताया और चुनाव में पारदर्शिता लाने के लिए इसे जरूरी बताया। यदि यह सच है तो इस सिस्टम को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द क्यों किया। उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों ने भाजपा को चुनाव के नाम पर करोड़ों की रकम दी भाजपा उनका नाम क्यों नहीं उजागर कर रही है।

पब्लिक एशिया
नई दिल्ली, गुरुवार, 18 अप्रैल, 2024

तृणमूल कांग्रेस घुसपैठियों का समर्थन करती है, लेकिन सीएए का विरोध करती है जो शरणार्थियों को नागरिकता देता है। श्री मोदी ने दोहराया और जोर दिया कि यह लोकसभा चुनाव 2024 साबित करेगा कि बाबासाहेब अंबेडकर के लोकतंत्र में, दलित, वंचित व्यक्ति और आदिवासी तृणमूल कांग्रेस के नियंत्रण में नहीं हैं। पूरे पश्चिम बंगाल में भाजपा के लिए अद्वितीय समर्थन है। लोगों ने तृणमूल कांग्रेस की लूट और भ्रष्टाचार की संस्कृति को खारिज करने का फैसला किया है।
**-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**





मैं हमारे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी का भी अभिनंदन करना चाहता हूं, आज उनके नेतृत्व में पूरे भारत में सबसे पहले यूसीसी लाने का काम उत्तराखंड ने किया है। उन्होंने आने वाले पांच वर्षों में चीन की सीमा से सटा हुआ एक-एक गांव रिवर्स पलायन के माध्यम से 1980 से ज्यादा आबादी वाला होगा, यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी आठ हजार करोड़ की लागत से दिल्ली देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर बनाने का कार्य कर रहे हैं।
**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह**



कभी भी गुजरात का अपमान नहीं करना चाहते लेकिन गुजरात में भी भाजपा के विरोध में आंदोलन होने लगे हैं। इसका कारण भाजपा की वजह से गुजरात की छवि खराब हो रही है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि सलमान खान के घर के सामने हवाई फायरिंग करने वाले गुजरात से पकड़े गए। इतना ही नहीं, शिवसेना से गद्दारी करने वाले भी गुजरात में जाकर छिपे थे। गुजरात में ही ड्रग की खेप उतर रही है। इससे गुजरात की छवि खराब हो रही जो आम गुजरात के लोगों को शर्मसार कर रहा है।
**शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे**



रामनवमी की पावन तिथि यानी मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मदिन है। अभी से लाखों लोग अयोध्या धाम में जन्मोत्सव समारोह में पहुंच रहे हैं। पांच सौ वर्षो के बाद पहली बार यह अवसर आ रहा है, जब रामलला अपनी जन्मभूमि पर जन्मोत्सव मनाएंगे। हमारी पीढ़ियां धन्य हो गईं, जो हम जन्मोत्सव कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे। आपने सरकार बनाने में योगदान दिया, इसलिए यह श्रेय आपको जाता है। सही दिशा में गया एक वोट तस्वीर-तकदीर बदल देता है, गलत दिशा में गया वोट पहचान का संकट खड़ा कर देता है। कांग्रेस, सपा-बसपा दलदल में डूबे दल हैं। इन्हें अच्छाई से नफरत है।
**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**

# सदैव अनुकरणीय रहेंगे भगवान श्रीराम के आदर्श

**विधि के विधान के अनुसार भगवान श्रीराम को दुष्ट राक्षसों का विनाश करने के लिए ही वनवास मिला था। उन्होंने अपने मानव अवतार में न तो भगवान श्रीकृष्ण की भांति रासलीलाएं खेली और न ही कदम-कदम पर चमत्कारों का प्रदर्शन किया बल्कि उन्होंने सृष्टि के समक्ष अपने क्रियाकलापों के जरिये ऐसा अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसकी वजह से उन्हें मयार्दा पुरूषोत्तम कहा गया। मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम में सभी के प्रति प्रेम की अगाध भावना कूट-कूटकर भरी थी। उनकी प्रजा वात्सल्यता, न्यायप्रियता और सत्यता के कारण ही उनके शासन को आज भी आदर्श शासन की संज्ञा दी जाती है और आज भी अच्छे शासन को रामराज्य कहकर परिभाषित किया जाता है। श्रीराम का चरित्र बेहद उदार प्रवृत्ति का था।**



बिग न्यूज

**-योगेश कुमार गोयल-**
(स्वतंत्र लेखक)

समूचे भारतवर्ष में प्रतिवर्ष चैत्र मास की शुक्ल पक्ष नवमी को रामनवमी का त्यौहार भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है, जो इस वर्ष 17 अप्रैल को मनाया जा रहा है। मान्यता है कि त्रेता युग में इसी दिन अयोध्या के महाराजा दशरथ की पटरानी महारानी कौशल्या ने मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम को जन्म दिया था। रामनवमी के दिन श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में उत्सवों का विशेष आयोजन होता है, जिनमें भाग लेने के लिए देशभर से हजारों भक्तगण अयोध्या पहुंचते हैं। अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में जनवरी महीने में हुई भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद इस बार पहली बार रामनवमी बेहद खास होगी। समूची अयोध्या नगरी इस दिन पूरी तरह राममय नजर आएगी और हर तरफ भजन-कीर्तनों तथा अखण्ड रामायण के पाठ की गूंज सुनाई पड़ेगी। रामनवमी के अवसर पर भगवान राम के दर्शन के लिए इस बार लाखों लोगों के अयोध्या पहुंचने का अनुमान है और इसके लिए राम मंदिर ट्रस्ट द्वारा खास प्रबंध किए गए हैं।

विधि के विधान के अनुसार भगवान श्रीराम को दुष्ट राक्षसों का विनाश करने के लिए ही वनवास मिला था। उन्होंने अपने मानव अवतार में न तो भगवान श्रीकृष्ण की भांति रासलीलाएं खेली और न ही कदम-कदम पर चमत्कारों का प्रदर्शन किया बल्कि उन्होंने सृष्टि के समक्ष अपने क्रियाकलापों के जरिये ऐसा अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसकी वजह से उन्हें मयार्दा पुरूषोत्तम कहा गया। मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम में सभी के प्रति प्रेम की अगाध भावना कूट-कूटकर भरी थी। उनकी प्रजा वात्सल्यता, न्यायप्रियता और सत्यता के कारण ही उनके शासन को आज भी आदर्श शासन की संज्ञा दी जाती है और आज भी अच्छे शासन को रामराज्य कहकर परिभाषित किया जाता है। श्रीराम का चरित्र बेहद उदार प्रवृत्ति का था। उन्होंने उस अहिल्या का भी उद्धार किया, जिसे उसके पति ने देवराज इन्द्र द्वारा छलपूर्वक उसका शीलभंग किए जाने के कारण पतित घोषित कर पत्थर की मूर्त बना दिया था। जिस अहिल्या को निर्दोष मानकर किसी ने नहीं अपनाया, उसे भगवान श्रीराम ने अपनी छत्रछाया प्रदान की। लोगों को गंगा नदी पार कराने वाले एक मामूली से नाविक केवट की अपने प्रति अपार श्रद्धा व भक्ति से प्रभावित होकर भगवान श्रीराम ने उसे अपने छोटे भाई का दर्जा दिया और उसे मोक्ष प्रदान किया। अपनी परम भक्त शबरी नामक भीलनी के झूठे बेर खाकर शबरी का कल्याण किया। महारानी केकैयी ने महाराजा दशरथ से जब राम को 14 वर्ष का वनवास दिए जाने और अपने लाड़ले पुत्र भरत को राम की जगह राजगद्दी सौंपने का वचन मांगा तो दशरथ गंभीर धर्मसंकट में फंस गए थे। वह बिना किसी कारण राम को 14 वर्ष के लिए वनों में भटकने के लिए भला कैसे कह सकते थे और श्रीराम में तो वैसे भी उनके प्राण बसते थे। दूसरी ओर वचन का पालन करना रघुकुल की मयार्दा थी। ऐसे में जब श्रीराम को माता केकैयी द्वारा यह वचन मांगने और अपने पिता महाराज दशरथ के इस धर्मसंकट में फंसे होने का पता चला तो उन्होंने खुशी-खुशी उनकी यह कठोर आज्ञा भी सहज भाव से शिरोधार्य की और उसी समय 14 वर्ष का वनवास भोगने तथा छोटे भाई भरत को राजगद्दी सौंपने की तैयारी कर ली। श्रीराम द्वारा लाख मना किए जाने पर भी उनकी पत्नी सीता जी और अनुज लक्ष्मण भी उनके साथ वनों में निकल पड़े। वनवास की यात्रा की शुरूआत श्रृंगवेरपुर नामक स्थान से प्रारंभ कर वहां से वे भारद्वाज मुनि के आश्रम में चित्रकूट पहुंचे। उसके बाद विभिन्न स्थानों की यात्रा के दौरान पंचवटी में उन्होंने अपनी कुटिया बनाने का निश्चय किया। यहीं पर रावण की बहन शूर्पणखां की नाक काटे जाने की घटना हुई। उसी घटना के कारण वहां खर-दूषण सहित 14 हजार राक्षस राम-लक्ष्मण के हाथों मारे गए। यहीं से श्रीराम व लक्ष्मण की अनुपस्थिति में लंका का राजा रावण माता सीता का अपहरण कर उन्हें अपने साथ लंका ले गया। कहा जाता है कि जब सीता का विरह श्रीराम से नहीं सहा गया तो उन्होंने साधारण मनुष्य की भांति विलाप किया लेकिन हिम्मत न हारते हुए सीता जी की खोज में राम-लक्ष्मण जंगलों में भटकने लगे। इसी दौरान उनकी भेंट श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान से हुई, जिन्होंने राम-लक्ष्मण को वानरराज बाली के छोटे भाई सुग्रीव से मिलाया, जो उस समय बाली के भय से यहां-वहां छिपता फिर रहा था। श्रीराम ने बाली का वध करके सुग्रीव तथा बाली के पुत्र अंगद को किष्किंधा का शासन सौंपा और उसके बाद सुग्रीव की वानरसेना के नेतृत्व में लंका पर आक्रमण कर देवताओं पर भी विजय पाने वाले महाप्रतापी, महाबली, महापंडित तथा भगवान शिव के घोर उपासक लंका नरेश राक्षसराज रावण का वध कर सीता को उसके बंधन से मुक्त कराया और लंका पर खुद अपना अधिकार न जमाकर लंका का शासन रावण के छोटे भाई विभीषण को सौंप दिया तथा वनवास की अवधि समाप्त होने पर भैया लक्ष्मण, सीता जी व हनुमान सहित अयोध्या लौट आए। एक ओर जहां रावण अन्याय, अत्याचार व अनाचार का प्रतीक था तो श्रीराम सत्य, न्याय एवं सदाचार के प्रतीक थे। सीता जी के अपहरण के बाद भी श्रीराम ने अपनी मयार्दाओं को कभी तिलांजलि नहीं दी।

## चुनाव से दिल जुड़ेंगे या टुटेंगे?

**-विनीत नारायण-**

लोकतंत्र

संघ और भाजपा के राजनैतिक हिंदू एजेंडा से उन सभी लोगों का दिल टूटता है, जो हिंदू धर्म और संस्कृति के लिए समर्पित हैं, ज्ञानी हैं, साधन-संपन्न हैं पर उदारमना भी है। क्योंकि ऐसे लोग धर्म और संस्कृति की सेवा डंडे के डर से नहीं, बल्कि श्रद्धा और प्रेम से करते हैं। जिस तरह की मानसिक अराजकता पिछले 5 वर्षों में भारत में देखने में आई है, उसने भविष्य के लिए बड़ा संकट खड़ा दिया है। अगर ये ऐसे ही चला, तो भारत में दंगे, खून-खराबे और बढ़ेंगे। जिसके परिणामस्वरूप भारत का विघटन भी हो सकता है।

लोकसभा चुनाव इस बार बिलकुल फीका है। एक तरफ नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा हिंदू बनाम मुसलमान, कांग्रेस की नाकामियों को ही चुनावी मुद्दा बनाए हुए हैं। जबकि चार दशक में बढ़ी सबसे ज्यादा बेरोजगारी, किसान को फसल के उचित दाम नहीं मिलने, बेइंतहा महंगाई और तमाम उन वायदों-जो मोदी ने 2014 व 2019 में किए थे-पर वायादाखिलाफी के ऐसे मुद्दे हैं जिनकी भाजपा नेतृत्व ने अनदेखी की हुई है। इन पर चुनावी सभाओं में भाजपा नेता बात नहीं करते है। सबका साथ सबका विकास नारे के बावजूद समाज में जो खाई पैदा हुई है, वो चिंताजनक है।

दिलचस्प बात है कि 2014 के लोकसभा चुनाव को नरेंद्र मोदी ने गुजरात मॉडल, भ्रष्टाचार मुक्त शासन और विकास के मुद्दे पर लड़ा था। लेकिन उस चुनाव के बाद, 2019 में और इस बारइनमें से किसी भी मुद्दे पर नरेंद्र मोदी बात नहीं कर रहे हैं। इसलिए देश के किसान, मजदूर, करोड़ों बेरोजगार युवाओं, छोटे व्यापारियों यहां तक कि उद्योगपतियों की भी मोदी के भाषणों में दिलचस्पी नहीं है। उन्हें लगता है कि नरेंद्र मोदी ने अपने शासन में वायदे के अनुसार कुछ भी नहीं किया है। बल्कि बहुत से मामलों में तो जो कुछ उनके पास था, वो भी छीन लिया गया।इसलिए चुनाव में एक विशाल मतदाता वर्ग भाजपा सरकार के विरोध में है। हालांकि वह अपना विरोध खुलकर प्रकट नहीं कर रहा। पर यहाँ यह भी उल्लेख करना जरूरी है कि प्रतिव्यक्ति हर महीने 5 किलो अनाज मुफ़्त बाँटने का फामूर्ला कारगर रहा है। जिन लोगों को अनाज मिल रहा है वे कहते हैं कि इससे पहले कभी किसी सरकार ने उन्हें ऐसा कुछ नहीं दिया। इसलिए वे मोदी के समर्थन में हैं।

इस मामले में बुद्धिजीवियों और अर्थशास्त्रियों की राय भिन्न है। वे कहते हैं कि अगर मोदी ने अपने वायदे के अनुसार हर साल 2 करोड़ युवाओं को रोजगार दिया होता तो अब तक 20 करोड़ युवाओं को रोजगार मिल जाता। तब हर युवा अपने परिवार के कम से कम पाँच सदस्यों का भरण पोषण कर लेता। इस तरह भारत के 100 करोड़ लोग सम्मान की ज़िंदगी जी रहे होते। जबकि आज 80 करोड़ लोग 5 किलो राशन के लिए भीख का कटोरा लेकर जी रहे हैं। दूसरी तरफ वे लोग हैं, जो अन्धभक्त हैं। ये हर हाल में मोदी सरकार फिर से लाना चाहते हैं। वे नरेंद्र मोदी के 400 पार के नारे से बम-बम हैं। मोदी सरकार की सभी नाकामियों को वे कांग्रेस शासन के मत्थे मढ़कर पिंड छुड़ा लेते हैं। क्योंकि इन प्रश्नों का कोई उत्तर उनके पास नहीं है। अभी यह बताना असंभव है कि इस कांटे की टक्कर में ऊंट किस करवट बैठेगा। क्या विपक्षी गठबंधन की सरकार बनेगी या मोदी जी की ? सरकार जिसकी भी बने, चुनौतियां दोनों के सामने बड़ी होंगी। मान लें कि भाजपा की सरकार बनती है, तो क्या हिंदुत्व के एजेंडे को इसी आक्रामकता से, बिना सनातन मूल्यों की परवाह किये, बिना सांस्कृतिक परंपराओं का निर्वहन किये सब पर थोपा जाएगा, जैसा पिछले 10 वर्षों में थोपने का प्रयास किया गया। इससे नरेंद्र मोदी को सीमित मात्रा में राजनैतिक लाभ भले मिल जाए, हिंदू धर्म और संस्कृति को स्थाई लाभ नहीं मिलेगा।

भाजपा व संघ दोनों ही हिंदू धर्म के लिए समर्पित होने का दावा करते हैं, पर सनातन हिंदू धर्म की मूल सिद्धांतों से परहेज करते हैं। सैंकड़ों वर्षों से हिंदू धर्म के स्तंभ रहे शंकराचार्य मानते हैं कि जिस तरह का हिंदूत्व मोदी और योगी राज में पिछले कुछ वर्षों में प्रचारित और प्रसारित किया गया, उससे हिंदू धर्म का मजाक उड़ा है। केवल नारों और जुमलों में ही हिंदू धर्म का हल्ला मचाया गया।

हाँ, उज्जैन, काशी, अयोध्या, केदारनाथ आदि धर्मस्थलों पर विशाल मंदिरों के निर्माण, पुर्ननिर्माण से हिंदू समाज में अपनी पहचान के लिए जागरूकता बढ़ी है। पर इसके अलावा जमीन पर ठोस ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है, जिससे सनातन परंपरा पल्लवित-पुष्पित हो। इस बात का हम जैसे सनातनधर्मियों को अधिक दुख है। क्योंकि हम साम्यवादी विचारों में विश्वास नहीं रखते। हमें लगता है कि भारत की आत्मा सनातन धर्म में बसती है और सनातन धर्म विशाल हृदय वाला है।

# राम पर राजनीति नही, राम को अपनाए!

**हे रघुकुल श्रेष्ठ। जिस दिन चौदह वर्ष पूरे होंगे उस दिन यदि आपको अयोध्या में नहीं देखूंगा तो अग्नि में प्रवेश कर जाऊंगा। भरत के मुख से ऐसे प्रतिज्ञापूर्ण शब्द सुनकर रामजी ने भरत को आश्वस्त करते हुए कहा था- तथेति प्रतिज्ञाय- अर्थात ऐसा ही होगा। इसी प्राकार महर्षि वशिष्ठ ने राजा दशरथ से राम के राज्याभिषेक के संदर्भ में कहा था-चैत्र :श्रीमानय मास :पुण्य पुष्पितकानन :। जिसमें वन पुष्पित हो गए। ऐसी शोभा कांति से युक्त यह पवित्र चैत्र मास है। श्रीराम का राज्याभिषेक पुष्य नक्षत्र चैत्र शुक्ल पक्ष में करने का विचार निश्चित किया गया है। षष्ठी तिथि को पुष्य नक्षत्र था। श्रीराम लंका विजय के पश्चात अपने 14 वर्ष पूर्ण करके पंचमी तिथि को भारद्वाज ऋषि के आश्रम में आए थे। वहां एक दिन ठहरे और अगले दिन उन्होंने अयोध्या के लिए प्रस्थान किया, उससे पहले उन्होंने अपने भाई भरत से पंचमी के दिन हनुमानजी के द्वारा कहलवाया...**



**-डॉ. श्रीगोपाल नारसन-**
(स्वतंत्र लेखक)

रणनीति

प्रत्येक वर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को रामनवमी का पर्व मनाया जाता है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि के दिन अभिजीत मुहूर्त और कर्क लग्न में प्रभु श्री राम का जन्म हुआ था। इस पर्व पर अयोध्या में रामलला के दर्शन करने के लिए लाखों श्रद्धालु की भीड़ लग सकती है। चैत्र मास के इस शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि 16 अप्रैल को दोपहर 1 बजकर 23 मिनट से प्रारंभ हो रही है, जो 17 अप्रैल को दोपहर 3 बजकर 15 मिनट तक रहेगी है। इसलिए उदया तिथि के हिसाब से रामनवमी 17 अप्रैल 2024 को ही मनाई जा रही है। इस दिन भगवान राम की पूजा सुबह 11 बजकर 1 मिनट से दोपहर 1 बजकर 36 मिनट तक होगी। यानि कुल 2 घंटे 35 मिनट तक की पूजा का योग है। वही विजय मुहूर्त- दोपहर 02 बजकर 34 मिनट से 03 बजकर 24 मिनट तक रहेगा व गोधूलि मुहूर्त - शाम 06 बजकर 47 मिनट से 07 बजकर 09 मिनट तक बना रहेगा। रामनवमी के दिन आश्लेषा नक्षत्र के साथ रवि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। इस दिन सुबह 5 बजकर 16 मिनट से 6 बजकर 8 मिनट तक सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। इसके साथ ही रवि योग पूरे दिन रहने वाला हैं। राम एक ऐसा शब्द है जिसके उच्चारण मात्र से मन मे शांति, सुख, सन्तुष्टि का बोध होता है। ऐसा किसी अन्य शब्द में नही है। क्योंकि राम केवल दशरथनन्दन श्रीराम ही नही है अपितु राम उस परमात्मा का नाम भी है, जिनकी साधना स्वयं रामचंद्र जी भी करते है। यानि राम परमसत्ता है तो एक आदर्श का प्रतिरूप भी है। तभी तो राम हर किसी के रोम रोम में बसा है। वह भी आज से ही नही, बल्कि युगों युगों से। सबुरी राममय हुई तो राम, सबुरी के हो गए और सबुरी के झूठे बेर तक खा लिए। आज सबुरी जैसी आस्था तो कम ही देखने को मिलती है। राम का मंदिर बन गया है, यह उत्साह हर उस व्यक्ति में है जिसके घट में राम है। राम मंदिर मुद्दा कानून की चौखट से होते हुए कानून की ही बदौलत निर्माण के लक्ष्य तक आ गया है। राम मंदिर जितना बड़ा और भव्य बना है, उतना ही राम के भक्तो में हर्ष की अनुभूति हो रही है। बशर्ते इसे राजनीतिक रंग देने से बचाया जा सके। आवश्यक यह है कि हम राम को आत्मसात करे। राम मयार्दा पुरुषोत्तम है तो हम भी राम का आदर्श स्थापित करे। राम के उच्च चरित्र को दशार्ती रामायण हिंदू धर्म की एक प्रमुख आध्यात्मिक धरोहर है परंतु रामायण को बार बार पढ़ने के बावजूद भी उसमें लिखे आध्यात्मिक मूल्यों की धारणा नहीं हो पा रही है। हम राम के नाम रूप पर तो बहस करते रहते हैं लेकिन राम को अपनाने की कभी कौशिश नही करते। दशरथ नन्दन की कथा में, रावण का वध करने के बाद लंका से अयोध्या लौटते समय राम, लक्ष्मण, सीता एवं हनुमान पुष्पक विमान से अयोध्या के पास नंदीग्राम नामक स्थान पर उतरे थे, जहां पर राम की खड़ाऊं रखकर राजा भरत अपना राजपाट चलाते थे। नंदीग्राम में एक दिन रुकने के बाद वे दूसरे दिन अयोध्या पहुंचे थे। जबकि रावण वध यदि दशमी के दिन हुआ था तो उसके दूसरे दिन सीता को अग्नि परीक्षा से गुजरने के बाद अर्थात उन्हें अग्निदेव से वापस मांगने के बाद श्रीराम अयोध्या लौटे थे। यानि वे एकादशी के दिन अयोध्याद की ओर चले थे और रास्ते में वह निषादराज गुह केवट के यहां रुके भी थे। श्रीराम का नंदीग्राम में भव्य स्वागत किया गया था। उस दौरान अयोध्या के सभी आठों मंत्री और राजा दशरथ की तीनों रानियां हाथियों पर सवार होकर नंदीग्राम पहुंचे थे। उनके साथ अयोध्या के आम नागरिक भी नंदीग्रम पहुंचे थे। वाल्मीकि रामायण के युद्धकाण्ड सर्ग 127 के अनुसार अयोध्या के नागरिकों, मंत्रियों और रानियों ने देखा कि श्रीराम पुष्पक विमान से धरती पर उतरे है। उन सबने विमान पर विराजमान श्रीराम के दर्शन किए और वे उन्हें लेकर अयोध्या गए। श्रीराम का जन्म इंस्टीट्यूट ऑफ साइंटिफिक रिसर्च ऑन वेदाज के शोधानुसार श्रीराम का जन्म 5114 ईसा पूर्व हुआ था। जबकि श्रीराम ने रावण का वध 4 दिसंबर 5076 ईसा पूर्व किया था। वे 29वें दिन 2 जनवरी 5075 ईसा पूर्व वापस अयोध्या लौटे थे। अयोध्या लौटने के खुशी में अयोध्यावासियों ने दीपावली मनाई थी। रुकने के दिनों को छोड़कर इस सफर में उन्हें करीब 24 दिन लगे थे। इस दौरान वे 8 से 9 जगहों पर रुके थे। यह निष्कर्ष वाल्मीकि रामायण में लिखे उस दौर के ग्रहों, नक्षत्रों, तारामंडलों की स्थिति के आधार पर नासा के वेद स्पेशल प्लेटिनम गोल्ड सॉफ्टवेयर से निकाला गया है। श्रीराम की खड़ाऊ ले जाते समय भरत ने कहा था कि

चर्तुर्दशे ही संपूर्ण वर्षेदद्व निरघुतम।
नद्रक्ष्यामि यदि त्वां तु प्रवेक्ष्यामि हुताशन।।

# जब तक सृष्टि तब तक राम की दृष्टी

**-प्रभात झा-**

रामायण में वर्णन है-महर्षि वाल्मीकि ने मुनिश्रेष्ठ नारद से पूछा, भगवन !इस समय इस संसार में गुणी, शूरवीर, धर्मयज्ञ, सत्यवादी और दृढ़- प्रतिज्ञ कौन है ? सदाचारी, सब प्राणियों का हित करनेवाला, प्रियदर्शन, धैर्ययुक्त तथा काम-क्रोधादि शत्रुओं को जीतनेवाला कौन है ? मुझे यह जानने की प्रबल अभिलाषा है। महर्षि ! आप इस प्रकार के श्रेष्ठ पुरुष के जानने में समर्थ हैं, अतः मुझे बताइये। ह्व महर्षि वाल्मीकि के ऐसा पूछने पर मुनिश्रेष्ठ नारद ने कहा, महर्षि ! आपने जिन गुणों का वर्णन किया है वे बहुत, श्रेष्ठ और दुर्लभ हैं तथा उन सबका एक ही व्यक्ति में मिलना कठिन है, फिर भी आप द्वारा पूछे सभी गुणों से युक्त एक व्यक्ति हैं जो इक्ष्वाकु वंश में उत्पन्न हुए हैं और राम नाम से जगदविख्यात हैं। वे अति बलवान, धैर्ययुक्त, जितेन्द्रिय, बुद्धिमान, प्रियवक्ता, शत्रुघ्नों के नाशक, धर्म के जाननेवाले, सत्यवादी, प्राणियों के हित में तत्पर, वेदों के ज्ञाता, धनुर्वेद में कुशल, आर्य, प्रियदर्शन, गम्भीरता में समुद्र के समान, धेयं में हिमालय के सदृश, पराक्रम में विष्णु के तुल्य, क्रोध में कालाग्नि जैसे, क्षमा में पृथ्वी सम, दान करने में कुबेर और सत्य बोलने में दूसरे धर्म के समान हैं।

भगवान श्री राम के अवतरण के संदर्भ में गोस्वामी तुलसीदासजी ने रामचरितमानस में वर्णन किया है

जब जब होई धरम कै हानी। बाढ़हिं असुर अधम अभिमानी।।
करहिं अनीति जाइ नहिं बरनी। सीदहिं बिप्र धेनु सुर धरनी॥
तब तब प्रभु धरि बिबिध सरीरा। हरहिं कृपानिधि सज्जन पीरा।।
असुर मारि थापहिं सुरन्ह राखहिं निज श्रुति सेतु।
जग बिस्तारहिं बिसद जस राम जन्म कर हेतु।।

जब-जब धर्म का ह्रास होता है और नीच अभिमानी राक्षस बढ़ जाते है और वे ऐसा अन्याय करते हैं कि जिसका वर्णन नहीं हो सकता तथा ब्राह्मण, गो, देवता और पृथ्वी कष्ट पाते हैं, तब-तब वे कृपानिधान प्रभु भांति-भांति के (दिव्य) शरीर धारण कर सज्जनों की पीड़ा हरते हैं। वे असुरों को मारकर देवताओं को स्थापित करते हैं, अपने (श्वास रूप) वेदों की मयार्दा की रक्षा करते हैं और जगत में अपना निर्मल यश फैलाते हैं।

रामायण में वर्णन के अनुसार, त्रेता युग में सूर्य देव के पुत्र वंशज महाराज इक्ष्वाकु के कुल में अयोध्यापुरी के राजा दशरथ के पुत्र के रूप में विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम का जन्म हुआ था। राजा दशरथ की तीन पत्नियां थी- कौशल्या, सुमित्रा तथा कैकेयी। अयोध्या के सूर्यवंशी राजा दशरथ को चौथेपन तक तीन रानियां होते हुये भी संतान प्राप्ति नहीं हुई। दुःखी सम्राट दशरथ जब अपनी यह अंतर्वेदना गुरु वशिष्ठ से कही तो उन्होंने श्रृंगी ऋषि को बुलाकर पुत्रकामेष्टि यज्ञ कराया। वशिष्ठ जी ने यज्ञ पश्चात खीर दशरथ जी को समर्पित की और राजा ने सभी रानियों को बुलाकर वह खीर वितरित की जिसका सेवन कर सभी रानियां गर्भवती हुईं और राजा दशरथ को चार पुत्रों का सुख प्राप्त हुआ। वाल्मीकि रामायण में ऋषि लिखते हैं, जिस समय महा कान्ति वाले राजा दशरथ जी पुत्रेष्टि यज्ञ करने लगे, उसी समय विष्णु भगवान ने पुत्र बनकर उनके यहां अवतार लेने का निश्चय कर लिया' इस प्रकार भगवान श्री राम का जन्म चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को हुआ था। भगवान श्री राम जन्म प्रसंग को रामचरितमानस के बालकाण्ड में गोस्वामी तुलसीदासजी ने वर्णन किया है- भए प्रगट कृपाला दीनदयाला, कौसल्या हितकारी।

हरषित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप बिचारी॥ अर्थात दीनों पर दया करने वाले, माता कौशिल्याि के हितकारी प्रगट हुए हैं। मुनियों के मन को हरने वाले भगवान के अदभुत रूप का विचार कर माता कौशल्या हर्ष से भर गई। गोस्वामी जी आगे वर्ण करते हैं-लोचन अभिरामा तनु घनस्यामा निज आयुध भुजचारी।

भूषन बनमाला नयन बिसाला सोभा सिंधु खरारी॥ अर्थात प्रभु के दर्शन नेत्रों को आनंद देने वाले हैं, उनका शरीर मेघों के समान श्या म रंग का है तथा उन्होंने अपनी चारों भुजाओं में आयुध धारण किए हैं, दिव्य आभूषण और वन माला धारण की हैं। प्रभु के नेत्र बहुत ही सुंदर और विशाल है। इस प्रकार शोभा के समुद्र और खर नामक राक्षक का वध करने वाले भगवान प्रकट हुए हैं।

पब्लिक एशिया : पत्र पंजीकरण संख्या : 49329/1989, स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, मुकेश वत्स ने पब्लिक एशिया E-33, सेक्टर-7 नोएडा, गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित कराया व 302, ||| फ्लोर नेशनल आर्केट बिल्डिंग एल.एस.सी. गाजीपुर दिल्ली 96 से प्रकाशित किया है। संपादकीय कार्यालय : 302 ||| फ्लोर नेशनल आर्केट बिल्डिंग एल.एस.सी. गाजीपुर दिल्ली-96। मुख्य कार्यालय पब्लिक एशिया हाउस 686 जी, न्याय खंड-2, इन्द्रापुरम, गाजियाबाद (उ.प्र.), Mob. 9891945513, Web-www.publicasia.in, E-mail ID: publicasia1989@gmail.com

पब्लिक एशिया
नई दिल्ली, गुरुवार, 18 अप्रैल, 2024

इस तरह 2023-24 में औसत वृद्धि दर उस स्तर की ही है। टिकाऊ आर्थिक वृद्धि है। हम अपने ऊपर आत्मविश्वास बनाए रखते हुए आगे बढ़ सकते हैं कि जैसे पूरी दुनिया में पिछले तीन साल से लगातार हम सबसे तेज वृद्धि दर वाली अर्थव्यवस्था रहे हैं, वैसे ही आने वाले सालों में भी रह सकते हैं। आर्थिक नीति, व्यापक आर्थिक स्थिरता, स्थिर सरकार, स्थिर कर नीति व सरकार के टेंडर तथा खरीदारी आदि पारदर्शी तरीके से होने की वजह से आज भारत की अर्थव्यवस्था की विदेश में बहुत साख है और निवेशक यहां आ रहे हैं।
-केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण



## संक्षिप्त समाचार

### छात्रों के बीच मारपीट के वीडियो पर पुलिस ने चलाया अभियान

**अवैध हुक्का सेंटर, ढाबे, स्नूकर प्लेस करवाए बंद, पीजी में सत्यापन शुरू**

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-126 थाना इलाके में पड़ने वाली एमिटी यूनिवर्सिटी के छात्रों की आए दिन मारपीट और बवाल के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं, जिसके चलते पुलिस के लॉ एंड ऑर्डर की भी किरकिरी होती है। एमिटी यूनिवर्सिटी के आसपास के इलाकों में बने हुक्का बार, स्नूकर प्लेस, ढाबों और अन्य दुकानों के देर रात तक चलने के कारण लोगों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसको देखते हुए नोएडा पुलिस ने अभियान चलाकर नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियों का चालान भी काटा। साथ ही, पीजी में रह रहे स्टूडेंट्स और अन्य लोगों का सत्यापन भी करवाया जा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, 16 अप्रैल को अभियान में गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नार लक्ष्मी सिंह से मिले निर्देश पर पुलिस आयुक्त (प्रथम) प्रवीण कुमार सिंह व एसीपी यातायात राजीव गुप्ता ने पुलिस बल के साथ थाना सेक्टर-126 क्षेत्र के अंतर्गत निजी यूनिवर्सिटी के आस-पास विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान 278 गाड़ियों के चालान व 16 गाडियों को क्रेन से टो किया गया। सभी वाहन चालकों को निर्देशित किया गया कि वह यातायात नियमों का पालन करें, वरना उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी। पुलिस टीम द्वारा आसपास के क्षेत्र में पेट्रोलिंग करते हुए संदिग्ध प्रतीत हो रहे वाहनों/व्यक्तियों की तलाशी भी ली गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस द्वारा लगातार की जा रही इस प्रकार की कार्यवाही की सराहना की गई। नोएडा के एडीसीपी मनीष मिश्रा ने बताया कि कई दिनों से लगातार मारपीट के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे थे निजी यूनिवर्सिटी के आसपास अवैध तरीके से ढाबे हुक्का बार स्नूकर प्लेस आदि चल रहे थे, जिनके कारण बाहरी इलाकों से भी युवा यहां पर आकर मौज-मस्ती करते थे और उनके बवाल और मारपीट के वीडियो सामने आते थे। पुलिस ने इन सब के खिलाफ एक्शन लेते हुए अवैध रूप से चल रहे सभी ठिकानों को बंद कराया है और पीजी में रह रहे सभी छात्रों और अन्य लोगों का सत्यापन करने की शुरूआत की है। उन्होंने बताया कि यह अभियान इसी तरह जारी रहेगा और पुलिस लगातार चेकिंग करती रहेगी।

### रियल एस्टेट सेक्टर को इंडस्ट्री का दर्जा दें सरकार: प्रदीप गुप्ता

**लोकसभा चुनाव के दौरान उठी मांग**



गाजियाबाद। देश में 19 अप्रैल से लोकसभा चुनाव का पहला चरण शुरू हो रहा है। 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आएंगे और उसके बाद नई सरकार का गठन होगा। व्यापारी एकता समिति संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा रियल एस्टेट सेक्टर देश का एक ऐसा सेक्टर है जो सबसे ज्यादा लोगों को रोजगार मुहैया कराता है। इसके साथ ही सरकार के खजाने में मोटा पैसा रियल एस्टेट सेक्टर से जाता है। बावजूद इसके रियल एस्टेट सेक्टर कभी सरकार की प्राथमिकताओं में शुमार नहीं हुआ। यही वजह है कि दिन-ब-दिन इस सेक्टर के सामने चुनौतियां बढ़ती जा रही है। रियल एस्टेट आज कई तरह की चुनौतियों से जूझ रहा है। इस विषय में,व्यापारी एकता समिति संस्थान का मानना है कि अब वक्त आ गया है कि सरकार रियल एस्टेट सेक्टर को इंडस्ट्री का दर्जा दें। इस क्षेत्र को अपनी प्राथमिकता सूची में शामिल करे। इसके साथ ही मौजूदा वक्त में बिल्डरों को आने वाली परेशानियां को दूर करने के लिए सरकार ठोस पहल करें। ग्रुप हाउसिंग बनाने के लिए जमीन की कीमत महंगी होती जा रही है। बिल्डिंग मैटेरियल्स की कीमत भी लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में कम दाम में लोगों को घर मुहैया कराना मुश्किल होता जा रहा है और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए घर खरीदना भी मुश्किल होता जा रहा है। लिहाजा सरकार से मेरी गुजारिश है कि नई सरकार बनने के बाद ही रियल एस्टेट सेक्टर से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए सरकार गंभीरता से कदम उठाए। अधिक मकान के निर्माण से सीमेंट, स्टील, जैसे सेक्टर को भी प्रोत्साहन मिलता है और बड़े पैमाने पर रोजगार का भी सृजन होता है। रियल एस्टेट सेक्टर को व्यवस्थित करने के लिए इस सेक्टर को उद्योग का दर्जा देने की जरूरत है। इससे मकानों की वर्तमान मांग में बढ़ोतरी होगी और यह रियल एस्टेट सेक्टर के लिए गेम चेंजर साबित होगा। रियल एस्टेट सेक्टर को उद्योग का दर्जा देने की मांग लंबे समय से अटकी है। यह मान्यता न केवल निवेश को प्रेरित करेगी बल्कि नियमों को भी सुव्यवस्थित करेगी, जिससे विकास के लिए अधिक अनुकूल वातावरण को बढ़ावा मिलेगा।

### 18 अप्रैल जनसभा को सम्बोधित करने मुख्यमंत्री योगी पहुंचेंगे पिलखुआ रामलीला मैदान

गजियाबाद।गजियाबाद की लोकसभा उत्तर प्रदेश में कुछ खास मायने रखती है। देश की राजधानी और प्रदेश के हिसाब से गाजियाबाद को ही प्रवेश द्वारा माना गया है। गाजियाबाद भाजपा का गढ़ है। मोदी युग का अभेद किला है। गाजियाबाद को अपनी नई पहचान बनाने में यहां के स्थानीय जन प्रतिनिधियों की सराहनीय भूमिका रही है। देश और प्रदेश के मुखिया मोदी योगी का भी गाजियाबाद से खास लगाव है। इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा हाईकमान ने प्रत्याशी के रूप में अतुल गर्ग को चुनाव मैदान में उतारा है। गठबन्धन के रूप में लोकदल का साथ गाजियाबाद की शीट पर एक नया कीर्तिमान स्थापित करने वाला है। पांच विधानसभा वाले गाजियाबाद में पार्टी कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती। मोदी योगी के विशाल रोड शो हो जाने के बाद देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या के बाद अब धौलाना विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी की सभा लग गई है। लोकसभा संयोजक अजय शर्मा के हवाले से महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 अप्रैल को दोपहर 12 बजे रामलीला मैदान पिलखुआ में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसभा को सम्बोधित करेंगे। मुख्यमंत्री मोदीनगर की सभा में 19 अप्रैल को पहुंचेंगे। 22 अप्रैल को गाजियाबाद में रोड शो के लिए कंगना रनौत का कार्यक्रम की महत्त्वपूर्ण जानकारी मिल रही है। गाजियाबाद में पार्टी की ओर से भी कुछ बड़ा ही होता है तो जनता भी अपनी तरफ से हर बार कुछ बड़ा ही संदेश देती है।

### समलैंगिक समुदाय के मुद्दों पर गौर करने के लिए कैबिनेट सचिव की अगुवाई में पैनल गठित

नयी दिल्ली। केंद्र ने समलैंगिक समुदाय के मुद्दों पर गौर करने के लिए कैबिनेट सचिव की अगुवाई में एक समिति गठित की है। इन मुद्दों में बिना भेदभाव के सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक उपाय तलाशना तथा यह देखना शामिल है कि इस समुदाय से जुड़े लोगों को हिंसा के खतरों का सामना नहीं करना पड़े। उच्चतम न्यायालय ने पिछले वर्ष 17 अक्टूबर को केंद्र सरकार से समलैंगिक समुदाय के मुद्दों पर गौर करने के लिए एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति गठित करने को कहा था जिसके अनुपालन में यह समिति गठित की गई है। मंगलवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, समिति इस समुदाय से जुड़े मुद्दों को देखेगी तथा केन्द्र और राज्य सरकार को ऐसे कदमों के बारे में सुझाव देगी जिससे समलैंगिक समुदाय को वस्तुओं और सेवाओं तक बिना किसी भेदभाव तक पहुंच सुनिश्चित हो सके। यह समिति उठाए जाने वाले कदमों की भी जांच करेगी ताकि समलैंगिक समुदाय को हिंसा, उत्पीड़न आदि के खतरे का सामना न करना पड़े।

### यूपीएससी परीक्षा में दिल्ली पुलिस के 7 अधिकारियों के बच्चे हुए कामयाब

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस अधिकारियों के सात बच्चों ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में सफलता हासिल की है। इस उपलब्धि की दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने प्रशंसा की। उन्होंने कामयाब बच्चों को मंगलवार को एक्स पर बधाई दी। पुलिस कमिश्नकर ने एक्स पर पोस्ट किया, ह्मयूपीएससी2024 परीक्षा में सफलता हासिल करने के लिए दिल्ली पुलिस परिवार के बच्चों और दोस्तों को बहुत-बहुत बधाई। दिल्ली पुलिस परिवार के सफल उम्मीदवारों में सृष्टि डबास शामिल हैं।

# घोटाला : इलेक्टोरल बांड देश का सबसे बड़ा एक्सटॉर्शन है, पीएम मोदी भ्रष्टाचार के बड़े चैंपियन निकले : राहुल गांधी

**प्रेस कॉन्फ्रेंस में राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने भाजपा पर जोरदार हमला कर चूलें हिलाने का किया काम**

**राहुल गांधी ने कहा, जनता सब समझ चुकी है इसलिए इंडिया गठबंधन के पक्ष में मजबूत लहर है, अब 180 नहीं बल्कि 150 सीटों तक सिमट जाएगी भाजपा**

**सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, पश्चिम से चल रही हवा यूपी और देश में बदलाव लाएगी, इंडिया गठबंधन गाजियाबाद से गाजीपुर तक क्लीन स्वीप करेगा इस बार जनता लुभावने वादों पर नहीं कर रही फोकस**









**अशरफ हुसैन**

गाजियाबाद। बात तो अब बनेगी चूंकि इंडिया गठबंधन की लहर जनता लाई है, और जनता की कसौटी पर खरा नहीं उतर पाई भाजपा, कौशांबी स्थित रेडिसन ब्लू सभागार में बुधवार को इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा के समर्थन में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने देशवासियों और पत्रकारों को रामनवमी की बधाई देते हुए कहा कि ये चुनाव विचारधारा का चुनाव है। एक तरफ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और भाजपा लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन देश में लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में 2-3 बड़े मुद्दे हैं। वह है महंगाई, बेरोजगारी और भागीदारी। लेकिन इसके बारे में ना तो प्रधानमंत्री बात कर रहे हैं और ना ही बीजेपी बात कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री पर सीधे हमला बोलते हुए कहा कि हमारे प्रधानमंत्री कभी मुद्दों पर बात नहीं करते। मुद्दों पर बात करने की बजाय कभी तो वह आसमान में सी प्लेन पर चले जाते हैं तो कभी समुद्र की गहराईयों में चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम ने एक साक्षात्कार में इलेक्टोरल बॉन्ड को सही बताया और चुनाव में पारदर्शिता लाने के लिए इसे जरूरी बताया। यदि यह सच है तो इस सिस्टम को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द क्यों किया। उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों ने भाजपा को चुनाव के नाम पर करोड़ों की रकम दी भाजपा उनका नाम क्यों नहीं उजागर कर रही है। उन्होंने पीएम मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड अपने आपमें दुनिया का सबसे बड़ा संगठित घोटाला है। इसमें सरकारी एजेंसी और बीजेपी नेतृत्व की भूमिका संदेहास्पद है। इस प्रकार इलेक्टोरल बांड सबसे बड़ा एक्सटॉर्शन है। पीएम मोदी भ्रष्टाचार के चैंपियन हैं। इससे पहले संवाददाता सम्मेलन की शुरूआत करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि, ह्यमैं रामनवमी के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देना चाहता हूं। मुझे खुशी है आज हम मिलकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं। यूपी में गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक भाजपा का सफाया होने जा रहा है भाजपा की हर बात झूठी निकली न किसान की आय दोगुनी हुई, न युवाओं को रोजगार मिला, विकास के वादे भी अधूरे हैं। इलेक्टोरल बॉन्ड ने इनकी पोल खोल दी है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बन गई है। लूट और झूठ भाजपा की पहचान बन गई है। उन्होंने आगे कहा कि गाजियाबाद यानी पश्चिम उत्तरप्रदेश से चल रही हवा पूर्वी यूपी में गाजीपुर तक जाएगी और पूरे देश में बदलाव लाएगी। हमारा इंडिया गठबंधन गाजियाबाद से गाजीपुर तक क्लीन स्वीप करेगा। हमें पूरी उम्मीद है कि इस बार केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि इस बार पश्चिम से बदलाव की हवा चली है। जनता भाजपा के झूठ और वादा खिलाफी से तंग आ चुकी है। अखिलेश यादव आगे ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड ने भाजपा की बैंड बजा दी है। भाजपा भ्रष्टाचारियों का गोदाम बनकर रह गई है। वहीं आगामी चुनाव में सीटों की संख्या को लेकर पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि पहले उन्हें लगता था कि बीजेपी 180 सीट जीत जाएगी, लेकिन अब उन्हें लग रहा है कि बीजेपी 150 सीटों पर सिमट जाएगी। उन्होंने कहा हर राज्य से रिपोर्ट मिल रही है कि हम अच्छा कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में हमारा गठबंधन बहुत मजबूत है और हम अच्छा करेंगे। कांग्रोस नेता राहुल गांधी ने कहा कि गठबंधन तीन प्रमुख मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है। इसमें पहला बेरोजगारी दूसरा महंगाई और तीसरा भागीदारी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में हर बार परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होता है जिससे लाखों युवा आहत होते हैं। गठबंधन की सरकार आएगी तो वह युवाओं को रोजगार देगी, प्रत्येक परिवार की एक महिला को सालाना एक लाख रुपये देगी और जातीय जनगणना कराकर पिछड़े लोगों को आगे ले जाने का काम करेगी। बता दें कि इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा के पक्ष में वोट करने की अपील के लिए रेडिशन ब्लू कौशाम्बी सभागार में आहूत इंडिया गठबंधन के संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के बाद कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी डॉली शर्मा, बागपत से सपा प्रत्याशी अमरपाल शर्मा, गौतमबुद्धनगर से सपा पार्टी महेंद्र नागर आदि को साथ खड़ा करके पत्रकारों को सामूहिक फोटो दिए। इस दौरान उन्होंने अपने गठबंधन के सभी प्रत्याशियों के लिए मतदान करने की अपील की। गौरतलब है कि सुबह 9:51 पर राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने प्रेसवार्ता शुरू की थी। रेडिशन ब्लू कौशाम्बी सभागार में इंडिया गठबंधन के संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के दौरान मंच पर काँग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, राष्ट्रीय महासचिव व उत्तरप्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, उत्तरप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय, एआईसीसी के संचार प्रमुख जयराम रमेश, सोशल मीडिया प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत, पूर्व सपा मंत्री शाहिद मंजूर व अन्य राजनेतागण भी मंचस्थ रहे। वहीं, कांग्रेस मीडिया विभाग से विनीत पुनिया, यूपी के कोषाध्यक्ष शिव पांडेय, गाजियाबाद महानगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज, फॉक्सस्काई के डायरेक्टर मनीष भारद्वाज, कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी, महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी, सपा के जिलाध्यक्ष फैजल हुसैन, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, पूर्व मंत्री नरेंद्र त्यागी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष संगीता त्यागी, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सोनल नागर, पूर्व मंत्री सतीश शर्मा, पुष्पा रावत आदि दर्जनों नेता व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# सरकारी अस्पतालों में अचानक दोगुना हो गई सीटी स्कैन जांच

**कंबाइंड अस्पताल में सीटी स्कैन जांच में लगे थे कमीशन लेने के आरोप**

गजियाबाद।जिले के सरकारी अस्पतालों में अचानक ही रोजाना होने वाले सीटी स्कैन की संख्या दोगुना हो गई है। कंबाइंड अस्पताल में पिछले चार साल से सीटी स्कैन की सुविधा है और कोरोना काल के अलावा अस्पताल में रोजाना 25 से 28 सीटी स्कैन की होते थे, लेकिन अब यह संख्या 45 तक पहुंच रही है। एमएमजी अस्पताल में बीते साल में ही सीटी स्कैन की सुविधा शुरू हुई है। अस्पताल में रोजाना 30 से 40 सीटी स्कैन होते थे, लेकिन अब यह संख्या 80 से 90 तक पहुंच रही है। सीटी स्कैन करवाने में मरीजों को रेडिएशन का सामना करना पड़ता है, जिससे कई गंभीर रोग होने की आशंका बनी रहती है।

आमतौर पर डॉक्टर बहुत जरूरी होने पर ही सीटी स्कैन करवाते हैं, लेकिन जिले के एमएमजी और कंबाइंड अस्पताल में अधिकांश मरीजों की सीटी स्कैन जांच करवाई जा रही है। जबकि दोनों अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे की भी सुविधा है। इसके बावजूद कई मरीजों को पहली बार में ही सीटी स्कैन जांच लिखी जा रही है। जिसके कारण न केवल सीटी स्कैन केंद्रों पर मरीजों की भीड़ बढ़ रही है बल्कि मरीजों को अन्य गंभीर बीमारी होने का भी खतरा भी बढ़ रहा है। सीटी स्कैन के दौरान रेडिएशन निकलता है, जिससे कैंसर जैसा रोग होने की भी आशंका बनती है। पेट में खराबी से लेकर फ्रैक्चर तक के सामान्य मामलों में भी सरकारी अस्पतालों में सीटी स्कैन किए जा रहे हैं। इस बारे में बात करने पर डॉक्टर कहते हैं कि मरीज की पेरशानी सीटी स्कैन में साफ तौर पर पता चल जाती है।

निजी लैब पर सीटी स्कैन जांच 4 से 7 हजार रुपए में होती है। एमएमजी और कंबाइंड अस्पताल में शासन से अनुबंध के तहत निजी कंपनी सीटी स्कैन सेंटर संचालित कर रही हैं। इन कंपनियों को सीटी स्कैन जांच का भुगतान शासन की ओर से किया जाता है। कंबाइंड अस्पताल में जांच रिपोर्ट बनाने के लिए कंपनी ने ऑन लाइन पैनल की व्यवस्था की है। कंबाइंड अस्पताल में होने वाले सीटी स्कैन की रिपोर्ट बैंगलुरू, चेन्नई और महाराष्ट्र में बैठे डॉक्टर ऑन लाइन देखकर देते हैं। ऐसी ही व्यवस्था एमएमजी अस्पताल में भी है।

कंबाइंड अस्पताल में तैनात कुछ डॉक्टरों पर सीटी स्कैन के लिए कमिशन लेने के भी आरोप लगे थे। जिसके बाद अस्पताल के सीएमएस ने मामले की जांच करवाई थी और किस डॉक्टर ने कितनी सीटी स्कैन जांच करवाई उसका डेटा निकालकर शासन को भी भेजा। इसके साथ ही बहुत जरूरी होने पर ही मरीज को सीटी स्कैन जांच लिखने के निर्देश दिए गए थे। जबकि दो डॉक्टरों को तो ज्यादा सीटी स्कैन जांच करवाने के लिए फटकार भी पड़ी थी।

अस्पताल में केवल उन्हीं मरीजों को सीटी स्कैन जांच लिखी जाती है, जिन्हें उसकी बहुत जरूरत होती है। अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ रही है, जिसके कारण सीटी स्कैन जांच की संख्या भी बढ़ रही है।

**--डॉ. राकेश कुमार, सीएमएस, एमएमजी अस्पताल**

# मोदी के विकास रथ में शामिल हुए बसपा नेता

**साथियों संग थामा भाजपा का दामन**



**गाजियाबाद, संवाददाता**

लोकसभा चुनाव के लिए सभी दलों अपनी चुनावी कसरते जारी हैं। चुनाव से पहले जो दल मौजूदा सरकार के समक्ष जनता की किसी परेशानी आदि की बात करना भी अपनी नैतिक जिम्मेदारी नहीं समझते हों। अपनी पार्टी अपने दल के कार्यकताओं के साथ परिवार जैसा सामंजस्य स्थापित न कर पाते हों। सत्ता में आने के एकमात्र उद्देश्य से या यूं कहें चुनाव से पहले इनके अंदर जाति भक्ति गरीब भक्ति उजागर होने लगती है। मगर अब जनता जनार्दन ऐसे खेल को शुरू होने से पहले खत्म करने का काम करती है। और पार्टी कार्यकर्त्ता दल में घुटन महसूस कर विकासशील मंत्र वाले दल व सरकार से जुड़ने में तनिक देर भी नहीं लगाते। ऐसा ही नजारा नवयुग मार्केट स्थित भाजपा के चुनाव कार्यलय पर देखने को मिल रहा है। यहां आए दिन कांग्रेस, सपा बसपा दलों कई जनप्रतिनिधियों नेताओं कार्यकताओं का भाजपा कार्यालय पर आकर के भाजपा परिवार में शामिल होने के प्रकरण में स्पष्ट दिखता है। इसी कड़ी में मंगलवार को डेढ़ दर्जन बसपा नेताओं ने भाजपा का दामन थामकर पार्टी को तगड़ा झटका दिया है। साथ ही साथ भाजपा सरकार की लोककल्याणकारी नीतियों पर आस्था दिखाई है।बसपा छोड़ भाजपा का दामन थामने वाले नेताओं को योगी सरकार के राज्य मंत्री स्वतन्त्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप, भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा ने भाजपा का पटका माला पहनाकर परिवार में शामिल किया ।इस अवसर पर मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने बताया भाजपा में कार्यकताओं के सम्मान और मोदी योगी सरकार की सर्व जन कल्याणकारी नीतियों को देखते हुए दूसरे दलों के लोग घुटन महसूस करने लगे हैं। इस से पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थाम रहे हैं। इद्रापुरम मंडल अध्यक्ष हरमीत बख्शी व भाजपा पार्षद संजय सिंह की अगुआई में बसपा के पूर्व उपाध्यक्ष तरुण शर्मा,बसपा मंडल उपाध्यक्ष डी०सी० शर्मा ने अपने साथियों सहित भाजपा परिवार में शामिल हुए। इनके साथ भाजपा का दामन थामने वालों में संदीप चौधरी, वरुण झा, आशीस यादव, विजय शर्मा, मनीष यादव, दीपक यादव, विराट पवार आदि प्रमुख रहे। कार्यक्रम में मौजूद भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा, सौरभ जायसवाल, कामेश्वर त्यागी, राजेंद्र मित्तल,नीरज गोयल, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने सभी नए सदस्यों का परिवार में आगमन का स्वागत किया।

# मतदाताओं से करीबी दिखाने का मौका नहीं छाड रहे है प्रत्याशी

**-तमाम जाति विशेष के मतदाताओं में घुसपैठ बनाने के लिए लगा रहे है एडी चोटी का जोर**

गाजियाबाद। कहते है कि चुनाव का मौका हो,ऐसे में किसी भी जाति विशेष के आयोजन के दौरान वोटरों को साधने मौका छोड दिया जाए तो वह व्यर्थ ही है। देखा जाए तो चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी तमाम वर्ग के लोगों को साधने के लिए एडी चोटी का जोर लगाए हुए है। इसके लिए किसी तरह की कोर कसर नहीं छोडी जा रही है। हाल में इर्द का पर्व हुआ तो चुनाव मैदान में उतरे तमाम प्रमुख राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों के द्वारा समाज के लोगों को बढचढकर शुभकामनाएं दी गई,बल्कि दिन निकले से कांग्रेस-समाजवादी पार्टी क गठबंधन प्रत्याशी के द्वारा मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में जाकर इर्द की शुभकामना दी। यही नहीं अम्बेडकर जयंति के मौके पर तमाम उम्मीदवार ये साबित करने में एडी चोटी का जोर लगाए रहे कि सच्चे मायने में डा अम्बेडकर के हितेषी है। दुर्गा अष्टमी एवं दुर्गा नवमी पर जगह जगह हुए भडारों में भी उम्मीदवारों के द्वारा आगे रहने का प्रयास किया गया। कुल मिलाकर देखा जाए तो तमाम राजनैतिक दलों के उम्मीदवार प्रत्येक वर्ग विशेष के आयोजन में हिस्सा लेने का मौका नहीं छोड रहे है। सभी के द्वारा इस बात पर जोर दिया जा रहा है कि किस तरीके से जाति विशेष के मतदाताओं को जोडने का काम किया जाए।

**लोकसभा चुनाव** -अनुपस्थित कार्मिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज, निर्वाचन में ना बरते लापरवाही: अभिनव गोपाल

# लोकसभा चुनाव: पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**-प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के खिलाफ की जाए कठोर कार्रवाई: इन्द्र विक्रम सिंह**



**गाजियाबाद, संवाददाता**

मोहन नगर स्थित आईटीएस संस्थान में लोकसभा चुनाव को लेकर पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय, तृतीय के प्रशिक्षण का प्रारंभ हुआ। प्रथम पाली में कुल 1574 में से 73 अनुपस्थित रहे। जिनमें 20 पीठासीन अधिकारी, 8 मतदान अधिकारी प्रथम, 23 द्वितीय मतदान अधिकारी और 23 मतदान अधिकारी तृतीय अनुपस्थित थे। जबकि द्वितीय पाली में कुल 1639 में से 96 अनुपस्थित रहे, जिनमें से 25 पीठासीन अधिकारी, 11 मतदान अधिकारी प्रथम, 22 मतदान अधिकारी द्वितीय और 38 मतदान अधिकारी तृतीय अनुपस्थित थे। प्रशिक्षण आईटीएस के 31 कमरों में दिया गया। प्रशिक्षण का प्रथम पाली का जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह एवम चुनाव प्रेक्षक अरूण कुमार सिन्हा, आईएएस द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी/स्वीप नोडल प्रभारी/जिला कार्मिक प्रभारी अभिनव गोपाल और पीएन दीक्षित सह प्रभारी कार्मिक उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण में अनुपस्थित कर्मचारियों के लिए कार्मिक प्रभारी निर्वाचन अभिनव गोपाल और सह प्रभारी कार्मिक पीएन दीक्षित को निर्देशित किया कि उक्त कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्यों में अनुशासनहीनता बरतने सहित निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर आरपी एक्ट 1951 की विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कराया जाए। जनपद भर के पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारियों को प्रथम और द्वितीय चरण में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स ने सभी को ईवीएम और वीवीपैट के संचालन के बारे में जानकारी दी गई। एलसीडी के माध्यम से जानकारी देते हुए समझाया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रथम पाली में पीठासीन और मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षित मतदान कार्मिक 26 अप्रैल को मतदान कराने का काम करेंगे। कार्मिक प्रभारी निर्वाचन अभिनव गोपाल ने बताया कि सभी अनुपस्थित कार्मिकों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए आदेशित कर दिया गया है और एफआईआर दर्ज करवा दी गई है। प्रशिक्षण के दौरान गंभीर बीमारी के कारण ड्यूटी करने में असमर्थ लोगों के लिए ड्यूटी कटवाने के लिए मेडिकल बोर्ड की व्यवस्था की गई। प्रशिक्षण के दौरान लगभग 30 कर्मचारियों ने मेडिकल बोर्ड के समक्ष अपना प्रत्यावेदन प्रस्तुत किया और लगभग 15 लोगों ने विभिन्न कारणों से अपनी ड्यूटी कटवाने के लिए प्रतिवेदन दिया। जिस पर कमेटी द्वारा उचित निर्णय लिया जाएगा। सभी कर्मचारियों की मूलभूत आवश्यकताओं का ध्यान रखा गया। प्रथम दिन का प्रशिक्षण में मुख्य रूप से ओपी यादव जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अमरजीत सिंह समाज कल्याण विभाग, पियूष राय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह, पवन कुमार भाटी जिला समन्वयक माध्यमिक शिक्षा एवम कार्मिक टीम द्वारा संपन्न कराया गया।

पब्लिक एशिया
नई दिल्ली, गुरुवार, 18 अप्रैल, 2024

सैफई स्थित आवास पर यूनीवार्ता से बातचीत में कहा ' सारा देश यह है बात भली भांति जानता है कि पाखंड देश भर में कौन फैला रहा है और वास्तव में पाखंडी कौन है, यह बताने की कतई जरूरत नहीं है। बचपन से पढ़ाया जाता था कि झूठ बोलना पाप है, अब भाजपा वाले सिखा रहे है कि झूठ बोलना धर्म है।'

-प्रो. रामगोपाल यादव, राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव, समाजवादी पार्टी



## मुख्य समाचार

### परिवार के अन्य सदस्यों में डीसीएम चालक, परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए



शावेज़ खान पब्लिक एशिया

**मूंढापांडे »** आज सुबह ऑटोमोबाइल दो बड़े वाहनों की पूरी तरह से सामने की तरफ की पार्टलेंट में चालक परिचालक वाहन के रूप में घायल हो गए, क्योंकि डीसीएम के चालक परिचालक वाहन में ही फंस गया और डीसीएम का केबिन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया पुलिस को। ऑलवेज की मदद से वाहन से औद्योगिक कर जिला अस्पाताल कोटा। रविवार की सुबह 6 बजे तेज गति से चलने वाली डीसीएम ने काशीपुर की ओर से आ रही बालू रेत से अलग-अलग ट्रकों में टक्कर मार दी, टक्कर इतनी भीषण थी कि, डीसीएम का अगला हिस्सा पूरी तरह से नष्ट हो गया और चालक परिचालक बुरी तरह से अपनी जगह पर फंस गया। दुर्घटना की सूचना पुलिस चैकी से मिली, कर्णपुर में प्लास्टिक गंगाशरण ने क्रेन की मदद से क्रेन की मदद से वाहनों को अलग-अलग ढाँचे में बंद कर दिया और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया। पंचायत भवन की पूरी दीवार क्षतिग्रस्त हो गई, पंचायत भवन में घुस कर ट्रक में बैठे ड्राइवर-ड्राइवर को मौका देखने के लिए मौका दिया गया, इस भिड़ंत से दोनों समुदाय के आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

### पुलिस ने की एसोसिएट की जांच





पब्लिक एशिया संवाददाता

**मूंढापांडे।** लोकसभा चुनाव के लिए पुलिस क्षेत्र के सभी सीमा पर रणनीतिक मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल की स्थापना की जा रही है चार पहिया और विपक्ष की साख की जांच की जा रही है पुलिस प्रशासन के अधिकारी इलेक्ट्रोनिक कमीशन के आदेश पर पूरी तरह से रोक लगाई गई है। बुधवार की सुबह दलपतपुर चैराहा पर स्ट्रैटेजिक मैजिस्ट्रेट ने प्लाजा कीलॉकशी ली दलपतपुर रोड, जीरो पेंट इन त्रिस्तरीय रेलवे से आने वाले सभी एलेक्जेंड्रा की लॉजिक पैलेस कॉन्स्टेंसी जारी की है।

### 70 पेटी अवैद्य अंग्रेजी शराब सहित 1 अभियुक्त गिरफ्तार

करीब 3 लाख रु आंकी गई अवैध शराब की कीमत



मनोज सिंहल, पब्लिक एशिया

**स्याना/चोला »** थाना चोला पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर ग्राम सबदलपुर मार्ग स्थित कोठरी के पास से 1 अभियुक्त को 70 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब सहित गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना चोला पर मुअसं- 85/24 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। पुलिस मीडिया सेल द्वारा उपरोक्त जानकारी दी गई। अवगत कराया कि गिरफ्तार अभियुक्त का नाम साबू उर्फ साबुद्दीन पुत्र बाबू निवासी ग्राम कौराली, चोला, बुलंदशहर है। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि उसके द्वारा गैर प्रांत की शराब बुलन्दशहर व आस-पास के क्षत्रों मे उच्च दामों मे बेचकर आर्धिक लाभ प्राप्त करना चाहता था। गिरफ्तार अभियुक्त साबू उर्फ साबुद्दीन का आपराधिक इतिहास के अनुसार उसके विरुद्ध वर्ष 2008 से अब तक थाना चोला, बुलंदशहर कोतवाली देहात, कोतवाली सिकंदराबाद व कोतवाली जहांगीराबाद पर उपनिरीक्षक अजीत सिंह (थाना प्रभारी चोला), वरिष्ठ उपनिरीक्षक कृष्णपाल सिंह, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक आशीष, हैड कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार, वरुण प्रताप सिंह व सिपाही संजीव सिंह शामिल रहे।

### अवैध कच्ची शराब बनाता एक गिरफ्तार

शमशान घाट पर चला रहा अवैध शराब की भट्टी

पब्लिक एशिया संवाददाता

**स्याना/नरसेना »** स्याना सीओ सर्किल अंतर्गत थाना नरसैना पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर ग्राम बसीबांगर श्मशान घाट के पास 1 व्यक्ति को अवैद्य शराब की भट्टी चलाते हुए 620 लीटर कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण सहित गिरफ्तार किया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना नरसैना पर मुअसं- 101/24 धारा 60(2) आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। पुलिस मीडिया सेल द्वारा उपरोक्त जानकारी दी गई। अवगत कराया कि गिरफ्तार अभियुक्त का नाम कैलाश पुत्र इंदर सिंह निवासी ग्राम बसीबांगर, नरसैना, बुलन्दशहर है। बरामदगी के बारे में जानकारी दी कि 620 लीटर अवैध कच्ची शराब, शराब बनाने के उपकरण 1 तसला, 1 कनस्तर, 1 पाइप, 3 ड्रम बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार अभियुक्त कैलाश के आपराधिक इतिहास के अनुसार उसके विरुद्ध वर्ष 2004 से अब तक आर्म्स एक्ट, पोक्सो एक्ट, आबकारी अधिनियम जैसे मामलातों में थाना नरसेना पर 6 मुकदमे तथा मेरठ जनपद के थाना जानी पर 1 मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी नरसैना/ उपनिरीक्षक मनोज कुमार ने किया। पुलिस दल में उपनिरीक्षक सुमित कुमार, हैड कांस्टेबल सेठपाल सिंह, कांस्टेबल संदीप पाल व मनीष कुमार शामिल रहे।

# भाजपा की जीत के बाद संभल विकास की नई ऊंचाईयों को छूएगा

भाजपा प्रत्याशी परमेश्वरलाल सैनी ने किया संभल लोकसभा क्षेत्र के मंडल असमोली के विभिन्न गांवों का दौरा

पब्लिक एशिया ब्यूरो





**मुरादाबाद।** संभल लोकसभा क्षेत्र के इटायला माफी, मालपुर, पैतिया माफी, अहरौला, नरेटा, मंसूरपुर, गालवपुर। गम्मनपुर, शहवाजपुर कलाँ, तलवार, असगरीपुर, सैदपुर निवौला शिव मंदिर, मनौटा, अकबरपुर गहरा, महमूदनगर, असमोली, मबई ढोल, मदाला, नगला, परियावली, ताजपुर में आयोजित हुई जन आशीर्वाद यात्रा। संभल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने जनआशीर्वाद यात्रा की निकाल कर विभिन्न गांवों में सभा को संबोधित कर उनका आभार व्यक्त किया। इसी के साथ ग्रामीणों के बीच उपस्थित होकर संभल की खुशहाली के लिए ग्रामीणों से शत प्रतिशत समर्थन एवं सहयोग की अपील की। परमेश्वर लाल सैनी ने जनता को विश्वास दिलाते हुए कहा कि भाजपा की जीत के बाद संभल विकास की नई ऊंचाईयों को छूएगा। क्षेत्र की हर समस्या को हल करना ही हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी। हमारा प्रत्येक कार्यकर्ता हमारे साथ जुड़कर संभल को एक खुशहाल संभल बनाने के लिए संकल्पित रहेगा। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर सैनी के साथ मंच पर हरेंद्र चौधरी जिला अध्यक्ष संभल भी मौजूद रहे।

## जहांगीराबाद में व्यापारी ने 2100 कन्याओं को जिमाया



कन्याओ को वितरित किए शिक्षा संबंधित उपहार, पैर छूकर लिया आशीर्वाद

कादिर अब्बासी पब्लिक एशिया

**जहांगीराबाद।** जहांगीराबाद मे व्यापारी नेता व उद्यमी सोनू पाठक ने चैत्र नवरात्रि की नवमी के अवसर पर अपने आवास पर 2100 कन्या लांगुरो को हलवा पुरी का भोग लगाकर जिमाया। इस अवसर पर व्यापारी ने बच्चों को बैग सहित शिक्षण सामग्री भेंट की।

बुधवार को व्यापारी नेता और उद्यमी सोनू पाठक ने नगर के टाउन स्कूल स्थित अपने आवास पर चैत्र नवरात्रि की नवमी के अवसर पर भंडारे का आयोजन कर 2100 कन्या लांगुरो को जिमाया। इस अवसर पर व्यापारी नेता ने कन्याओं के पैर छूकर उनसे आशीर्वाद भी लिया साथ ही उन्होंने सभी कन्या लांगुरो को उपहार के रूप में खाने के साथ एक बेग और शिक्षण सामग्री भेंट किए। इस अवसर पर व्यापारी नेता ने कहा कि धरती पर बच्चों के रूप में ही भगवान विद्यमान है। व्यापारी नेता सोनू पाठक ने सबसे पहले नवरात्र में मां दुर्गा के नौवें दिन सिद्धिदात्री माता की पूजा-अर्चना की और माता से लोक कल्याण की आराधना की।

इस अवसर पर उन्होंने सभी बच्चों को जिमाकर माता रानी से समस्त विश्व में सुख शांति की कामना भी की। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष किशन पाल सिंह, पूर्व सभासद नवीन बंसल, अजय कौशिक, उमेश गुप्ता, नीतू पाठक, रिंकू राणा,संजय लोधी, सूर्य प्रकाश, धन्नू राजोरा, मनमोहन अग्रवाल रामू, सुल्तान अंसारी, लव चड्ढा, जयेश अग्रवाल, एडवोकेट शिवम कौशिक हिरदेश पाठक व अंशुल गर्ग आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## मां चामुंडा पर नवरात्रि पर यज्ञ का आयोजन किया गया



वाजिद पाशा पब्लिक एशिया


**कुंदरकी »** कुंदरकी क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर अज्जू मे मां चामुंडा पर नवरात्रि पर यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें पंडित गुड्डू शर्मा ने विधि विधान से पूजन कर यज्ञ प्रारंभ किया जिसमें सभी भक्तों ने यज्ञ में आहुति दी और विश्व कल्याण की कामना की तथा बीमारियों से निजात और असुरी शक्तियों के विनाश की माता से कामना की हवन यज्ञ में मडंल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर, राजकुमार पुंडीर ,मनोज कुमार पुंडीर, रनवीर सिंह,सतीश सिंह, राजू सिंह, कृष्ण पाल सिंह, टिंकू सिंह, बब्बू पाल, राजेश सिंह, भगवान दास ,पप्पू पाल ,महिपाल, खेम पाल सिंह, इंद्रजीत सिंह, गुड्डू पाल, मोहित पाल, सुदीश सिंह ,सनोज ठाकुर,लव पुंडीर, रूद्र पुंडीर, हुकम सिंह पाल,सुभष सिंह, विवेक पाल, सजय सिंह, अरून कुमार, जितेंद्र कुमार, चमन सिंह, किरन पाल, सुनेपाल,टिट्टू पाल, रनवीर सिंह, तेजपाल, दानवती पाल, कशिश, मनु ,नेहा, निक्की, स्वाति, मीनू ,मोनिका, अंजलि, कमलेश ,राजवती, सर्वेश, कुसुम, रामवती ,प्रेमवती, सुंदरी, सरोज,विशनो देवी,काजल,शशि,राजकुमारी, भूरी देवी,गीता देवी,पूनम आदि उपस्थित रहे।

पंडित गुड्डू शर्मा ने विधि विधान से पूजन कर यज्ञ प्रारंभ किया।

## अष्टमी पर मां भद्रकाली मंदिर में हरेंद्र मामा यादव ने छप्पन भोग चढ़ा की क्षैत्र की सुख-समृद्धि की प्राार्थना

धार्मिक आयोजनों,अनुष्ठानों, में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं मामा यादव

कुलदीप शर्मा, पब्लिक एशिया



**गढ़मुक्तेश्वर »** नवरात्र की पावन बेला पर हरेंद्र मामा यादव ने भद्रकाली मंदिर में मां का छप्पन भोग लगाकर मां कालका देवी की आरती पूजा अर्चना कर मांगी घर परिवार, क्षेत्र,समाज मे सुख शांति की मन्नत मंगलवार शाम संध्या आरती के समय दुर्गा अष्टमी पर्व पर गढ़मुक्तेश्वर नगर स्थित भद्रकाली मंदिर मे शिवा ढाबा के संचालक परिवार सहित पहुंचे और विधि विधान से दुर्गा अष्टमी के उपलक्ष्य में माता रानी को छप्पन भोग लगाकर प्रसाद चढ़ाया।

जहां काली मैय्या मंदिर परिसर मे उपस्थित माता रानी के सभी भक्तो ने छप्पन भोग का प्रसाद ग्रहण किया।भद्रकाली मंदिर में मामा यादव का समय-समय विशेष योगदान रहता है तथा समय-समय पर धार्मिक अनुष्ठानों जैसे मन्दिर निर्माण,जयंती, धार्मिक पर्व,आदि में वह बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं वहीं मामा यादव ने बताया कि धार्मिक अनुष्ठानों आयोजनों में वह बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं तथा मन को बहुत प्रसन्नता मिलती है इस मांगलिक कार्य की शुभ अवसर पर कुलदीप चौधरी शिवा ढाबा, मनोज प्रधान शिवा ढाबा, राकेश कुमार, कृष्ण कुमार,, संदीप कुमार रश्मि देवी, सुजाता देवी, सीमा देवी, लक्ष्मी, शीतल कुमारी समेत भक्त मौजूद रहे।

## आगरा के लच्छीपुरा वासियों ने किया लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का ऐलान





पब्लिक एशिया संवाददाता

**आगरा।** छावनी विधानसभा क्षेत्र की विभव नगर कालोनी से लगी बस्ती लच्छीपुरा के निवासियों ने लोकसभा चुनाव के बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया है। लोगों ने बाकायदा बैनर पोस्टर टांग कर इसकी घोषणा की है। बताया जाता है कि लच्छीपुरा में कुशवाहा समाज के लगभग 200-250 घर हैं। ये लोग क्षेत्र की सड़क न बनने से नाराज हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यहां वर्ष 2006 में सड़क बनी थी और उसके बाद से कोई सुध नहीं ली गई। पूरा मार्ग ऊबड़-खाबड़ हो गया है, अनेक गड्ढे हो गए हैं, जिससे आए दिन लोग हादसों का शिकार होते रहते हैं। क्षेत्रीय नागरिक इस बारे के कई शिकायतें कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। क्षेत्रीय लोगों ने क्षेत्र की दुर्दशा और जिम्मेदार अधिकारियों और राजनेताओं की उदासीनता पर दुःख व्यक्त किया है।

# दोहरे हत्याकाण्ड में वांछित 9 अभियुक्त गिरफ्तार

अवैद्य असलाह कारतूस 1,13,800 रूपये व आलाकत्ल बरामद

मनोज सिंहल, पब्लिक एशिया



**स्याना/गुलावठी »** विगत 15 अप्रैल को जिले के गुलावठी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम में दंपति की हत्या के मामले में पुलिस ने 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस मीडिया सेल ने उपरोक्त जानकारी दी। अवगत कराया है कि 15 अप्रैल 2024 को वादी आसिफ पुत्र हाजी अनवार निवासी ग्राम महौली, गुलावठी, बुलन्दशहर द्वारा थाना गुलावठी पर सूचना दी गई कि उसके चाचा ईशाक पुत्र आशिफ व चाची जमीला प|ि ईशाक निवासीगण गांव महौली की गांव के कुछ लोगों द्वारा लाठी/डन्डा व फरसे से वार कर हत्या कर दी गई। इस सम्बन्ध में थाना गुलावठी पर मुकदमा अपराध संख्या 126/24 आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 323, 307, 302, 452, 504, 506 व 308 के तहत पंजीकृत किया गया। उक्त घटना के क्रम में कोतवाली गुलावठी पुलिस द्वारा जांच/छानबीन में 16 अप्रैल को नामजद 9 अभियुक्तों आरिफ, मोबीन, माजिद, साकिर, अफताब, शोकिन, नदीम, हाजी शहीद, अकिल उर्फ भूरा को ग्राम आसिफाबाद चन्दपुरा महोली रास्ते से एत्मादसराय जाने वाले तिराहे के पास आम के बाग से अवैध असलाह, कारतूस, 1,13,800 रूपये नकदी सहित गिरफ्तार कर लिया। सेल द्वारा जारी जानकारी के अनुसार अभियुक्तों की निशानदेही पर आलाकत्ल लाठी डन्डे व फरसा, बलकटी को बरामद कर लिया गया है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना गुलावठी पर पंजीकृत मुकदमे में 3/25 आयुध अधिनियम की वृद्धि कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। अवगत कराया गया है कि अभियुक्तों ने पूछताछ पर बताया गया कि विगत 15 अप्रैल को हम लोगों का आसिफ पुत्र हाजी से विवाद हो गया था। जिसमें हम लोगों द्वारा आसिफ के चाचा इशाक व चाची जमीला के द्वारा विरोध करने पर लाठी डन्डा व फरसा से वार कर दोनों की हत्या कर दी थी। गिरफ्तार करने वाली टीम का नेतृत्व कोतवाली गुलावठी के प्रभारी निरीक्षक समर बहादुर सिंह ने किया। पुलिस टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक उपेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक अमित कुमार, हैड कांस्टेबल अरूण कुमार, कुलदीप कुमार, मोहित कुमार शामिल रहे।

## डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मुख्य अतिथियों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

पब्लिक एशिया संवाददाता



**कुंदरकी।** क्षेत्र के बाछल भूङ मे डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मुख्य अतिथियों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित किए जिसमें मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर ने बताया कि भीमराव रामजी आम्बेडकर, डॉक्टर बाबा साहब आम्बेडकर नाम से लोकप्रिय,भारतीय बहुज्ञ,अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, और समाज सुधारक थे उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतो से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था उन्होंने दलितों की शिक्षा पर जोर दिया उनके पास 16 डिग्रियां थी कार्यक्रम में मडंल अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा विजय सिंह जाटव,मडंल कोषाध्यक्ष डॉक्टर मुकीम हुसैन,रामपाल सिंह,बादाम सिंह जाटव,विकास कुमार जाटव,विजेंद्र चौधरी,रामौतार सिंह आदि उपस्थित रहे।

## शातिर चोर गिरफ्तार कर नगदी आभूषण किए बरामद



पब्लिक एशिया संवाददाता

**स्याना/सिकंदराबाद »** सिकन्द्राबाद पुलिस द्वारा गेसुपुर तिराहा से 1 शातिर चोर को चोरी के पीली धातु के आभूषण, 4800 रूपये नकदी व अवैध असलहा, कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में कोतवाली सिकन्द्राबाद पर मुअसं- 288/24 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। पुलिस मीडिया सेल द्वारा जारी उपरोक्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त का नाम विनोद उर्फ कालिया पुत्र देवेन्द्र निवासी सिरोधन, सिकन्द्राबाद, बुलन्दशहर है। बरामदगी के विवरणानुसार 2 सैट गले के, 3 अंगूठी, 2 चैन गले की, 1 कन्डी, 2 झाला, 1 टोप्स कान के, 3 बाली कान की, 1 ओइम ( सभी आभूषण पीली धातु के), 4800 रूपये नकद, 1 नाजायज तमंचा 315 बोर मय 3 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा थाना सिकन्द्राबाद क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सिरोधन में घर में घुसकर चोरी करने की घटना कारित की थी। जिसके संबंध में कोतवाली सिकन्द्राबाद पर मुअसं- 115/24 धारा 380/457 भादवि पंजीकृत है। जिससे संबंधित पीली धातु के आभूषण, 4800 रूपये नकदी बरामद किए गए हैं है। गिरफ्तार अभियुक्त विनोद उर्फ कालिया के आपराधिक इतिहास के अनुसार उसके विरुद्ध वर्ष 2018 से अब तक कोतवाली सिकंदराबाद पर 6 मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का नेतृत्व राजकुमार मीना (सहायक पुलिस अधीक्षक/कोतवाली प्रभारी सिकन्द्राबाद) ने किया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राकेश सिंह, प्रशिक्षु महिला पुलिस उपनिरीक्षक किरन पौरुष, हैड कांस्टेबल मन्जूर अहमद, अनुज कुमार, संजीव, नीरज राठी, कांस्टेबल ललित कुमार व रमन खोखर शामिल रहे।

## मुख्य समाचार

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 108 मरीजों ने लिया लाभ : डॉ गोबिंद शरण




**जुबैर खान, पब्लिक एशिया**

**नूंह »** डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर तावडू खंड के गांव मोहम्मदपुर अहीर फोर्स रोड पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कराया। जिसमें 108 लोगों को निशुल्क जांच के साथ दवाईयों का लाभ दिया गया। इस मौके पर डॉ गोबिंद शरण ने सभी को अंबेडकर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह एक महत्त्वपूर्ण और गर्व का क्षण है जब हम समाज में न्याय और समानता के प्रति प्रतिबद्धता को दोबारा सजोते है। बाबा साहब ने देश को ऐसा संविधान दिया जिसकी राह पर चलकर भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यहां पर हर मजहब के लोग मिलकर रहते हैं। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे लोगों को स्वास्थ्य का लाभ दिया। यह स्वास्थ्य शिविर पारस हास्पिटल गुरुग्राम, स्टार हेल्थ केयर हॉस्पिटल के सौजन्य से किया। जिसमें मरीजों को ईसीजी, बीएमडी, बीपी की सुविधाएं मुफ्त प्रदान की गई। कैम्प में आंखो की जांच निशुल्क कराई। शिविर में कार्डियोलोजिस्ट और चेस्ट स्पेलिस्ट डॉक्टर की। टीम ने जांच और सहयोग प्रदान दिया। कैम्प में दवाइयां भी निशुल्क वितरित की। इस मौके पर मुख्य रूप से डॉ जावेद, मनोज, जय वसीम जफर, शुभम जिंदल, वसीम एलटी, यश, अमन, अरसीदा,वारिस, मोहम्मद कैफ, सद्दाम हुसैन ने मरीजों की जांच, पडताल और सहयोग किया। कैंप में 108 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाएं निशुल्क प्राप्त की।

### भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष केशव पंडित ने किया युवा कार्यकारिणी का गठन




**जुबैर खान पब्लिक एशिया**

**नूंह »** भाजपा युवा मोर्चा की जिला कार्यकारिणी का जिला अध्यक्ष केशव पंडित ने भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र योगी से विचार विमर्श कर गठन किया। जिसमें जिला महामंत्री नितिन सिंह व हेमंत बिछौर, जिला उपाध्यक्ष सुशर्मा, मोहित, सलीम, राहुल, हितेश हरियाणा, कमल गोयल, मनीष गर्ग जिला सचिव वसीम खान, मुमताज, मौसम, गंगाराम, रचना, नसीम, संतोष जिला कोषध्यक्ष विजेंद्र कुमार सोशल मीडिया आमिर, नासिर हुसैन बाई चंद्रभान मीडिया महेंद्र को जिम्मेदारी सौंपी। सभी मंडलों के अध्यक्षों की घोषणा की गई। जिसमें तेजपाल नूंह, मनीष उजीना, हुकम खेड़ा खलीलपुर, दीपक पुन्हाना, निशांत पिनगवां, शेर मोहम्मद बिसरू, दौलत राम नगीना, राजाराम दोहा व मुकेश कुमार फिरोज़पुर झिरका को जिम्मेदारी सौंपी। जिला अध्यक्ष केशव पंडित ने टीम की घोषणा के बाद कहा कि सभी मेहनती और पार्टी के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं को मोर्चा में जगह दी गई है। सभी पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाने के साथ पार्टी के विस्तार के लिए कार्य करें।

### करनाल पुलिस की टीम ने गांव खोरा खेड़ी व मुनक में स्कुली बच्चों को गुड टच व बैड टच के बारे दिया ज्ञान



**घरौंडा, सुभाष सिसोदिया »** करनाल पुलिस की काउंसलिंग सेल इन्चार्ज महिला निरीक्षक राजेश लता द्वारा दिनांक 16.04.2024 को गीता निकेतन वरिष्ठ माध्यमिक विघालय व भारत सिनियर सकैंडरी स्कूल गांव चौरा और आर.एल.एस. इंटरनेशनल स्कूल कालरों में स्कुल के बच्चों को गुड टच व बैड टच के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंनें बच्चों को बताया कि गुड टच क्या है और कौन-कौन हमें गुड टच कर सकता व कैसे टच करे की वो गुड टच बनता है और इसके अलावा उन्होंनें बच्चों को बताया कि यदि कोई हमें बैड टच करता है तो हमें किस प्रकार समझना चाहिए कि ये बैड टच है और जब कोई हमें बैड टच करता है तो हमें उसका विरोध करना चाहिए व जोर-जोर से चिल्लाना चाहिए। इसके अलावा यदि कोई हमें बैड टच करता है तो हमें तुरंत उसके बारे माता-पिता या स्कुल में अपने टीचर को बताना चाहिए। महिला निरीक्षक राजेश लता द्वारा स्कुलों में नान टीचिंग स्टाफ व टीचिंग स्टाफ से भी इस विषय में गंभीरता से बात की गई और उन्होंनें स्कुल के स्टाफ से कहा कि घर के बाद बच्चों का सबसे ज्यादा समय स्कुल में व्यतित होता है, माता-पिता के बाद टीचर ही बच्चों के पास सबसे अधिक समय रहता है, तो टीचर व बच्चों का रिश्ता इस प्रकार का होना चाहिए कि बच्चे अपनी हर बात आपके साथ सांझा कर सकें। कक्षा के अंदर यदि कोई बच्चा किसी बात को लेकर परेशान लगे या अन्य कोई बात लगे तो तुरंत उससे दोस्ताना अंदाज में बात करते हुए पता लगाने की कोशिश करें की उसे क्या समस्या है। यदि वह समस्या स्कुल या उसके खेल से जुड़ी है तो प्रयास कर उसका तुरंत निवारण करें और यदि कोई अन्य समस्या है तो तुरंत मुझे या डायल 112 पर कंट्रोल रूम को सुचित करें ताकि समय रहते उस बच्चे को सहायता मिल सके और उसकी समस्या का समाधान किया जा सके!

# देश के लोकतंत्र को बचाना जरूरी : सांसद मनीष तिवारी

## आम लोगों के लिए न्याय की लड़ाई है ये चुनाव

**पब्लिक एशिया ब्यूरो**

**चंडीगढ़ »** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और चंडीगढ़ लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार मनीष तिवारी ने कहा है कि यह चुनाव आम लोगों के लिए न्याय के साथ-साथ देश में लोकतंत्र की रक्षा हेतु लड़े जा रहे हैं।

श्री रामनवमी के अवसर पर शहर में आयोजित अलग-अलग कार्यक्रमों और चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में 22 गांवों के प्रतिनिधियों से बैठक को संबोधित करते हुए, तिवारी ने कहा कि देश का आम आदमी बड़े स्तर पर बेरोजगारी और कमर तोड़ महंगाई के चलते भारी दिक्कतों का सामना कर रहा है।

उन्होंने कहा कि मौजूदा हालातों में आम आदमी के लिए दो वक्त की जरूरतों को भी पूरा करना मुश्किल हो चुका है। उन्होंने कहा कि जहां लोगों की आमदन कम हो रही है, वहीं पर जरूरी चीजों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं।




उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यूपीए सरकार के शासनकाल में खाद्य सुरक्षा कानून, मनरेगा और लोगों के खातों में सीधे सब्सिडी ट्रांसफर जैसी जनहित तहसील स्कीमों को लाया गया था। लेकिन मौजूदा शासन ने जमीनी स्तर पर काम करने की बजाय सिर्फ झूठे वादे किए। उन्होंने कहा कि बीते 10 सालों में भाजपा सरकार ने देश के करोड़ों लोगों को गरीबों की रेखा के नीचे धकेल दिया है।

इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एच.एस लक्की ने कहा कि सांसद मनीष तिवारी के रूप में कांग्रेस ने चंडीगढ़ की आवाज को संसद तक पहुंचाने के लिए एक सही फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि सांसद तिवारी ना सिर्फ चंडीगढ़ के रहने वाले हैं, बल्कि श्री आनंदपुर साहब से सांसद होने के दौरान भी उन्होंने चंडीगढ़ के कई अहम मुद्दों को गंभीरता के साथ संसद में उठाया, जो निश्चित तौर पर लोकसभा हल्के के हितों की रक्षा में मजबूती के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे।जहां अन्य के अलावा, पूर्व मेयर सुरिंदर सिंह, वरिष्ठ नेता पवन शर्मा, जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन कुलदीप सिंह, पूर्व सरपंच लक्ष्मण सिंह, पूर्व सरपंच लखविंदर सिंह संधू, बलबीर सिंह, बलबीर सिंह पलसोरा, विजय राणा, गुरदीप सिंह पलसोरा, युवा कांग्रेस प्रधान मनोज लुबियाना, एस.एस परवाना, मोहन राणा भी मौजूद रहे।

## हरियाणा में उम्मीदवारों को नोटा ने भी हराया

**पब्लिक एशिया ब्यूरो**

**चंडीगढ़ »** सभी प्रत्याशी पसंद न होने पर विकल्प के रूप में चुनाव प्रणाली में स्थान पाने वाले नोटा का हरियाणा में लोकसभा और विधानसभा चुनावों में दबदबा बढ़ रहा है। नोटा यानी उपरोक्त में कोई नहीं ने चुनावों में न केवल शिरोमणि अकाली दल (शिअद) और आम आदमी पार्टी (आप) जैसे राजनीतिक दलों को बल्कि 80 प्रतिशत से अधिक निर्दलीय प्रत्याशियों को भी पटखनी दे दी।

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में नोटा का प्रयोग शुरू किया गया था। पहले ही चुनाव में राज्य के 34 हजार 220 लोगों को कोई प्रत्याशी पसंद नहीं आया और उन्होंने ईवीएम पर नोटा का बटन दबाया। सबसे ज्यादा अंबाला के 7816 मतदाताओं ने किसी भी उम्मीदवार को काबिल नहीं माना। दूसरे स्थान पर रोहतक रहा जहां 4932 वोटरों ने नोटा को चुना। सिरसा तीसरे स्थान पर रहा।

इसके आगे 2019 के लोकसभा चुनाव में 41 हजार 78 1 मतदाताओं ने सभी प्रत्याशियों को नकारते हुए नोटा को चुना, जो कुल मतदाताओं का 0.33 प्रतिशत रहा। तब सभी 10 लोकसभा सीटों पर 203 उम्मीदवार चुनावी रण में थे, जिनमें से 162 को नोटा से भी कम वोट मिले। सोनीपत में 23 और करनाल में 10 उम्मीदवार नोटा से हार गए थे। प्रदेश में एक भी लोकसभा सीट ऐसी नहीं थी, जहां नोटा को 2000 से कम वोट मिले हों। सबसे ज्यादा अंबाला में 7943 मतदाताओं ने नोटा को चुना, जबकि भिवानी-महेंद्रगढ़ में नोटा को सबसे कम 2,041 वोट मिले। फरीदाबाद में 4,98 6, गुड़गांव में 5,389, हिसार में 2,957, करनाल में 5,463, कुरुक्षेत्र में 3,198, रोहतक में 3,001, सिरसा में 4,339 व सोनीपत में 2,464 मतदाताओं ने नोटा का विकल्प चुना।

अगर मतदाता को कोई उम्मीदवार पसंद नहीं आता तो वह नोटा का बटन दबाकर अपना विरोध दर्ज करा सकते हैं। वर्ष 2013 में भारत सरकार बनाम पीपल्स यूनियन फार सिविल लिबर्टीज मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश दिया था कि जनता को मतदान के लिए नोटा का भी विकल्प उपलब्ध कराया जाए। इसके बाद ईवीएम में नोटा का बटन शुरू किया गया।

## जिला में 41505.05 मीट्रिक टन गेहूँ की हुई खरीद : उपायुक्त अजय कुमार

### अब तक 18948.82 मीट्रिक टन सरसों खरीदी गई

**सुकरमपाल, पब्लिक एशिया**

**रोहतक »** उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि जिला में गत मंगलवार तक 41505.05 मीट्रिक टन गेहूं व 18948.82 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। जिला प्रशासन द्वारा गेहूं व सरसों की सुचारू ढंग से खरीद के लिए सभी मंडियों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है तथा उच्चाधिकारियों को भी मंडियों में नियुक्त किया गया है।

किसान फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करें तथा अपनी फसलों को सुखाकर व अच्छी तरह साफ करके मंडियों में लाये। अजय कुमार ने बताया कि गत सोमवार तक जिला की मंडियों व खरीद केंद्रों में 41505.05 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई। इसमें से कलानौर साइलो में अब तक 1539.19 मीट्रिक टन, किलोई में 1523.80 मीट्रिक टन, मदीना में 265.20, महम मंडी में 3867.90 मीट्रिक टन, रोहतक



मंडी में 21506.31 मीट्रिक टन, सांघी में 3138.65 मीट्रिक टन तथा सांपला मंडी में 9664 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। इसी प्रकार गत मंगलवार तक जिला में 18948.82 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। इसमें से कलानौर मंडी में 5621.81 मीट्रिक टन, महम मंडी में 7155.38 मीट्रिक टन, रोहतक मंडी में 1968.50 मीट्रिक टन तथा सांपला मंडी में 4203.13 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। जिला प्रशासन द्वारा सभी मंडियों या खरीद केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है। किसानों की सुविधा के लिए सहायता केंद्र भी स्थापित किए गए है।

## गुटबाजी में फंसी है हरियाणा के कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची

**नईम खान, पब्लिक एशिया**

**चंडीगढ़ »** हरियाणा कांग्रेस की गुटबाजी के चलते नौ लोकसभा सीटों के उम्मीदवार घोषित करना कांग्रेस हाईकमान के लिए टेढ़ी खीर हो गया है। तीन लोकसभा सीट रोहतक, अंबाला और सिरसा को छोड़कर अन्य छह लोकसभा सीट पर उम्मीदवारों के नाम को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और सैलजा-रणदीप-किरण गुट में सहमति नहीं बन पा रही है।

कांग्रेस की गुटबाजी को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह ने अभी पत्ते नहीं खोले हैं। वह दोनों गुटों को भरोसे में लेकर चल रहे हैं। भिवानी से अपनी बेटी पूर्व सांसद श्रुति चौधरी का टिकट कटने की भनक लगने पर कांग्रेस विधायक दल की पूर्व नेता किरण चौधरी ने मंगलवार को नई दिल्ली में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की। श्रुति चौधरी भी उनके साथ थी।पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की ओर से भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट के लिए महेंद्रगढ़ के विधायक राव दान सिंह का नाम बढ़ाया जा रहा है। लेकिन एसआरके गुट चाहता है कि श्रुति चौधरी को ही यहां से टिकट मिलना चाहिए।

श्रुति चौधरी हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री. बंसीलाल की पौत्री हैं। हालांकि श्रुति लगातार दो चुनाव हार चुकी हैं, लेकिन फिर भी बंसीलाल और किरण चौधरी के प्रभाव के चलते एसआरके गुट श्रुति चौधरी की टिकट पर अड़ा हुआ है। करनाल लोकसभा सीट पर अलग से विवाद छिड़ा हुआ है।इंडिया गठबंधन में शामिल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) अपने नेता मराठा वीरेंद्र वर्मा के लिए कांग्रेस से यह सीट मांग रही है। मराठा ने कुछ दिन पहले नई दिल्ली में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा से भी मुलाकात की थी। कांग्रेस हाईकमान यह सीट एनसीपी को देने के लिए तैयार बताया जाता है। लेकिन हुड्डा गुट नहीं चाहता कि करनाल लोकसभा सीट एनसीपी को दी जाए। गठबंधन के सहयोगी के नाते आम आदमी पार्टी को कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पहले ही दी जा चुकी है, जहां से आप के प्रदेश अध्यक्ष डा. सुशील गुप्ता चुनाव लड़ रहे हैं। राजनीतिक गलियारों में इस बात की चर्चा है कि नौ लोकसभा सीटों के उम्मीदवारों के नाम घोषित करने को लेकर पार्टी में जिस तरह सिर फुटौवल की स्थिति बनी हुई है, उससे टिकट घोषित होने के बाद उम्मीदवारों के चुनाव प्रचार पर जबरदस्त विपरीत असर पड़ना तय है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद और मधुसूदन मिस्त्री के नेतृत्व में पार्टी हाईकमान ने तीन दिन पहले एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर टिकटों का विवाद खत्म करने की पहल की थी, लेकिन खुर्शीद और मिस्त्री के नेतृत्व वाली कमेटी भी हरियाणा के कांग्रेसियों की गुटबाजी को खत्म करने में कामयाब नहीं हो सके हैं।

उन्होंने संभावित उम्मीदवारों की एक लिस्ट बनाकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को सौंप दी है, जिस पर सहमति बनी थी कि यदि अध्यक्ष चाहेंगे तो बिना केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के ही इसे जारी किया जा सकता है। मंगलवार को खरगे का स्वास्थ्य ठीक नहीं होने के कारण इस लिस्ट पर कोई चर्चा नहीं हो सकी।

कांग्रेस की आपसी गुटबाजी के बावजूद पार्टी उम्मीदवारों के नाम पर किसी भी समय मुहर लग सकती है। कांग्रेस नेताओं ने दावा किया था कि नवरात्रों में टिकटों की घोषणा संभव है, लेकिन अब नवरात्रे भी बीत गए हैं। कांग्रेस आलाकमान सलमान खुर्शीद व मधुसूदन मिस्त्री की कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर टिकटों की घोषणा कर सकता है।

## ध्यानपूर्वक करें फसल कटाई प्रयोग का कार्य : अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह

### जिला के गांव शिमली में फसल कटाई प्रयोगों का किया निरीक्षण

**पब्लिक एशिया ब्यूरो**

**रोहतक »** उपायुक्त अजय कुमार (आईएएस) के मार्गदर्शन में अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह (आईएएस) ने जिला के गांव शिमली में फसल कटाई प्रयोगों का निरीक्षण किया। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को आदेश दिए कि वर्तमान रबी सीजन में यह कार्य ध्यानपूर्वक करे, क्योंकि इन्ही के आधार पर प्रत्येक गांव की औसत पैदावार तय की जाएगी। वैशाली सिंह ने बताया कि फसल कटाई प्रयोग के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की जिला के सभी गांवों में ड्यूटी लगाई गई है, जिनके द्वारा प्रत्येक गांव में गेहूं, चना, जौ व सरसों के लिए चार-चार फसल कटाई प्रयोग किए जाने है।

आंकड़ों में शुद्धता लाने के उद्देश्य से ही इस कार्य को किया जा रहा है। फसल कटाई प्रयोगों के आधार पर ही जिला की औसत पैदावार निकाली जाएगी। गांव शिमली में एडीओ जय सिंह का गेहूं का फसल कटाई प्रयोग का निरीक्षण कृषि विभाग के सहायक सांख्यिकी अधिकारी विनोद हुड्डा एवं बीमा कम्पनी से जिला प्रबंधक सुनील भारती ने नेतृत्व किया। मौके पर खेतों में जाकर




फसल कटाई के दौरान निरीक्षण किया गया। सहायक सांख्यिकी अधिकारी विनोद हुड्डा ने बताया कि हर गांव से रैंडम नंबर एवं स्मार्ट सैम्प्लिंग के आधार पर गेहूं, चना, जौ व सरसों फसल के लिए चार-चार खेत चुने जाते है, जिसमें 5 बाई 5 के प्लाट का चयन रैंडम तालिका द्वारा किया जाता है। यह कार्य कृषि विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा करना होता है और औसत पैदावार निकाली जाती है ताकि ब्लॉक एवं जिला स्तर की पैदावार निकाली जा सके। इस मौके पर कृषि विभाग रोहतक से सांख्यिकी सहायक विकास कुमार एवं फसल बीमा कम्पनी से विजयदीप, सुनील भारती, सोनू, मंजू और किसान प्रवीन मौजूद रहे।

## गुडगांव लोकसभा से जेजेपी ने सिंगर राहुल यादव फाजिलपुरिया को मैदान में उतारा : राहुल जैन

### प्रत्याशी की घोषणा के बाद गुड़गांव लोकसभा युवा वर्ग व मेवात के कार्यकर्ताओं में छाई खुशी

**जुबैर खान, पब्लिक एशिया**

**नूंह »** जेजेपी पार्टी ने गुडगांव लोकसभा से चुनाव मैदान में सिंगर राहुल यादव फाजिलपुरिया को मैदान में उतारा है। जननायक जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन ने बताया कि मंगलवार को लोकसभा चुनाव को लेकर जेजेपी ने उम्मीदवारों की प्रथम सूची जारी की। जिसमें जेजेपी ने पहली लिस्ट में पांच मजबूत प्रत्याशियों की घोषणा की गई। सिरसा लोकसभा से पूर्व विधायक रमेश खटक, हिसार से विधायक नैना सिंह चौटाला, भिवानी-महेंद्रगढ़ से पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह,फरीदाबाद में जेजेपी के युवा नेता नलिन हुड्डा, गुरुग्राम से मशहूर कलाकार राहुल यादव फाजिलपुरिया को उम्मीदवार के तौर पर चुनावी मैदान में उतारा है।जेजेपी




प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन बताया कि गुरुग्राम लोकसभा के मजबूत प्रत्याशी राहुल यादव फाजिलपुरिया बॉलीवुड के स्टार सिंगर हैं। गुरूग्राम के एक छोटे-से गांव फाजिलपुर झाड़सा से निकल कर बड़े पर्दे पर छाए है। वे निरंतर जेजेपी में सक्रिय तौर पर राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने हरियाणा के अलावा राजस्थान विधानसभा चुनाव में भी पार्टी प्रचार प्रसार किया। जेजेपी पार्टी का मशहूर गाना जेजेपी आई रे जेजेपी आई रे इन्हीं के द्वारा गाया हुआ है, जिसने पूरे हरियाणा में धूम मचाई। ये युवा वर्ग में भी विशेष तौर पर बहुत लोकप्रिय है। प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन बताया कि लोकसभा चुनाव जेजेपी पार्टी मजबूती के साथ लड़ेगी। जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला द्वारा उपमुख्यमंत्री रहते हुए हरियाणा के प्रत्येक क्षेत्र के विकास और हर वर्ग के कल्याण के किए गए। न कार्य के दम पर हम लोगों के दिलों में जगह बनाएंगे। जनता भारी बहुमत प्रदान कर जननायक जनता पार्टी को मजबूत बनाएगी। उन्होंने बताया कि राहुल फाजिलपुरिया को लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर लोकसभा प्रभारी व हरियाणा हज कमेटी के चैयरमैन मोहसिन चौधरी, राष्ट्रीय प्रचार सचिव दलबीर धनकड, वरिष्ठ नेता ॠषिराज राणा, अल्पसंख्यक प्रदेश प्रभारी बदरुद्दीन, मेवात प्रभारी योगेश हिलालपुरिया, नूंह जिलाध्यक्ष जान मोहम्मद ने भी खुशी प्रकट की।

## श्री चिंतपूर्णी के दरबार पहुंचे अनुराग, रामनवमी पर किए माता के दर्शन

**एजेंसी**

**ऊना, »** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर रामनवमी के पवित्र पावन अवसर पर बुधवार को माता श्री चिंतपूर्णी के दरबार पहुंचे और माता की विधिवत पूजा अर्चना करते हुए पावन पिंडी के दर्शन किए।इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक बलबीर चौधरी भी उनके साथ मौजूद रहे।

श्री ठाकुर ने देश भर के युवाओं में धर्म के प्रति आई जागृति को लेकर बड़ा बयान दिया और कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के विकास के साथ-साथ विरासत को भी संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने नारी शक्ति को सम्मान देने के लिए अनेकों योजनाएं चलाई और हर पात्र महिला तक उसका लाभ भी सुनिश्चित किया। उन्होंने कांग्रेस द्वारा महिलाओं को प्रति माह 1500 रुपए देने के ऐलान पर भी जमकर लताड़ लगाई।

श्री ठाकुर ने देशवासियों को जहां रामनवमी की बधाई दी वहीं युवा वर्ग का धर्म के प्रति विशेष रूप से रुझान बढ़ने को सकारात्मक भी बताया। उन्होंने कहा कि आज देश के सभी मंदिरों को विशेष रूप से संवारकर धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया गया है। जिसके चलते प्रतिवर्ष विदेश से करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक यहां पर आ रहे हैं और देश में रोजगार और रोजगार के पर्याप्त अवसर मिल रहे हैं।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने नारी शक्ति को विशेष रूप से सम्मान प्रदान करने के लिए अनेकों योजनाएं चलाई चाहे वह उज्ज्वला योजना हो, शौचालय बनाकर देने की बात हो या फिर देश में चार करोड़ घर बनाकर देना हो, जिनमें से तीन करोड़ सीधे तौर पर बहनों के नाम पर हैं।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन योजना के तहत महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण दिया है। दूसरी तरफ कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में सत्ता हासिल करने के लिए 23 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए देने का ऐलान किया था।

पब्लिक एशिया
नई दिल्ली, गुरुवार, 18 अप्रैल, 2024

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्श हजारों वर्षों बाद आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने त्रेतायुग में थे।श्री योगी ने कहा कि श्रीराम धर्म के साक्षात प्रतीक हैं। मर्यादा के आदर्श हैं। परमात्मा स्वरूप परमपुरुष हैं। हर क्षेत्र में उनके द्वारा स्थापित आदर्श हम सभी को पारिवारिक, सामाजिक और राष्ट्रीय कर्तव्यों के निर्वहन की प्रेरणा देते हैं।
-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश



## मुख्य समाचार

### स्याना में निकली भव्य रामनवमी शोभायात्रा

**समाजसेवी रवि सिंहल मंडल अध्यक्ष संदीप त्यागी चेयरमैन ऋषिपाल सिंह रहे मौजूद**



मनोज सिंहल, पब्लिक एशिया


**स्याना/बुलंदशहर »** बुधवार को स्याना में श्री रामनवमी शोभायात्रा भव्यता के साथ निकली। शोभायात्रा में भाजपाईयों के साथ-साथ नगर के धर्मालु प्रवृत्ति के नागरिक सम्मिलित हुए। जवाहर गंज स्थित शिव मंदिर से श्री राम नवमी पंखा की शुरुआत भगवान श्री रामचंद्र जी की पूजा के साथ हुई। समाजसेवी रवि सिंहल, नगरपालिका अध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह व भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप त्यागी ने भगवान श्री रामचंद्र जी की आरती की। शोभायात्रा पथ पर अग्रवाल धर्मशाला स्थित भाजपा चुनावी कार्यालय के समीप भाजपाईयों ने पुष्पवर्षा कर श्री रामनवमी पंखा शोभायात्रा का स्वागत किया। वैभव रस्तोगी, अजय लोधी, चेतन त्यागी, सौरभ राय, एडवोकेट विजय लोधी, विकास गुप्ता, सुमित ठाकुर, डॉ रामशरण सिंह चौहान, राज्यमंत्री रहे स्वर्गीय वासुदेव सिंह के सुपुत्र मदन लोधी, मा.चंद्रमोहन शर्मा, पूर्व सभासद मनोज जाटव, हरि सिंह वाल्मीकि, पूर्व सभासद बिजेंद्र कुमार बंटी, भाजपा के पूर्व नगराध्यक्ष मुकेश भारद्वाज, आदर्श श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष संजय कश्यप, महेश कश्यप, अनु कश्यप, महेश प्रजापति, दिनेश अग्रवाल गनेशी, प्रवेश सिंहल सहित सभी कमेटी पदाधिकारीगण मौजूद रहे। शोभायात्रा पथ पर स्थानीय पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली।

### खुलासा करते हुए एक आरोपी गिरफ्तार डिप्टी सीएमओ की चोरी हुई कार बरामद



**बरेली।** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में 15 अप्रैल को डिप्टी सीएमओ की कार चोरी होने की घटना सामने आई थी। आज पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने जब घटना को अंजाम दिया था तब डिप्टी सीएमओ पवन कपाही की मां की गाड़ी में ही बैठी हुई थी। तब आरोपी ने दुस्साहस करते हुए डिप्टी सीएमओ की मां को गाड़ी से फेंक दिया था और गाड़ी लेकर फरार हो गया था। तब से आरोपी गाड़ी के नंबर प्लेट बदलकर चला रहा था।प्रेमनगर पुलिस और एसओजी की टीम ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार 3 बजे के आसपास आरपीएफ गेट के पास आरोपी मोहम्मद बिलाल पुत्र मोहम्मद रज़ा निवासी गुलाब नगर को गिरफ्तार कर लिया। सीओ पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि डिप्टी सीएमओ की कार चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया था। पुलिस ने आरोपी मोहम्मद बिलाल को गिरफ्तार कर कार को बरामद कर लिया है। आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है।

### होटल रेडिसन एवम बीमा घर बरेली ने आज राम नवमी पर कॉरपोरेट डिस्काउंट कार्ड लांचइस कार्ड के द्वारा लोगो को 15 प्रतिशत की छूट रूम बुकिंग




**बरेली।** होटल रेडिसन एवम बीमा घर बरेली ने आज राम नवमी पर कॉरपोरेट डिस्काउंट कार्ड लांच किया।इस कार्ड के द्वारा लोगो को 15 प्रतिशत की छूट रूम बुकिंग एवम फूड, बेवरेज पर होटल रेडिसन बरेली के साथ साथ रेडिशन मुंबई, हयात प्लेस पुणे, हिंजेवाड़ी में भी मिलेगी।इस कार्ड में होटल रेडिशन के एमडी मेहताब सिद्दीकी ने बताया कि रेडिशन ग्रुप द्वारा बीमा घर के साथ विशेष टाई अप इस कारण से किया गया है ताकि लोगों की इंश्योरेंस के प्रति जागरुकता बढ़ सके।कार्ड की वैलिडिटी 31 मार्च 25 तक रहेगी। कॉर्ड की उपलब्धता होटल रेडिसन एवम बीमा घर पर रहेगी। बीमा घर के सीईओ अनुज अग्रवाल ने बताया कि फाइव स्टार होटल रेडिशन द्वारा लोगो को रेस्टोरेंट में बेहतर फूड, बेवरीज की उपलब्धता कराना है।जीएम हर्षित उप्पल ने बताया इस कार्ड को लॉन्च करने का उद्देश्य होटल रेडिशन बरेली ,'ड्डस्त्रद्बद्बह्यह्यश्ठ्ठ मुंबई एवम हयात प्लेस पूना की उत्कृष्ट सेवाओं,सुविधाओं को बरेली वासियों को पहुंचाना है। बरेली एवम आसपास के जिलों के बड़ी संख्या में युवा पुणे, मुंबई में विभिन्न मल्टीनेशनल कंपनियों में कार्यरत हैं उनके परिवार को देश की आर्थिक राजधानी मुंबई, पुणे जानें पर कॉरपोरेट डिसकाउंट कार्ड का लाभ उठा सकेंगे।बीमा घर के सीईओ अनुज अग्रवाल ने बताया बीमा घर जागरुकता अभियान चला रहा है ताकि लोग जीवन बीमा, स्वास्थ्य बीमा को नए नजरिए से देखना प्रारम्भ करें। इंश्योरेंस की समझ आए।उन्होंने बताया कि बीमा घर पर निशुल्क पोर्टफोलियो सुविधा उपलब्ध है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 को अमरोहा में करेंगे प्रचार

**पीएम प्रोग्राम की सुरक्षा व्यवस्था परखने एडीजी पीसी मीना पहुंचे गजरौला, डीआईजी व एसएसपी को सुरक्षा सम्बन्धी अहम दिशा निर्देश दिए सीनियर आईपीएस पीसी मीना ने**





पब्लिक एशिया ब्यूरो

**बरेली।** 2024 की सियासी महाभारत में फतह हासिल करने को देशभर में पीएम नरेंद्र मोदी और यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ एक्टिव मोड में ताबड़तोड़ चुनावी प्रोग्राम कर रहे हैं। इसी क्रम में 19 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में आ रहे हैं। पीएम मोदी का जनपद अमरोहा अंतर्गत गजरौला इलाके में चुनावी कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चाक चौबंद हो।

उच्च कोटि की यातायात व्यवस्था रहे।प्रोग्राम में किसी भी तरह की बाधा उत्पन्न ना हो सके। इन सभी बिन्दुओं पर पुलिस प्रशासन की तैयारियों का जायजा लेने मंगलवार को अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन पीसी मीना अमरोहा पहुंचे। एडीजी ने सभा व पार्किंग स्थल से लेकर हैलीपैड की व्यवस्थायें परखीं। एडीजी ने सुरक्षा से जुड़े कई अहम पॉइंट्स पर डीआईजी मुरादाबाद रेंज मुनिराज जी,एसएसपी अमरोहा कुंवर अनुपम सिंह समेत अन्य जिम्मेदार अफसरों को दिशा निर्देश दिए।एडीजी पीसी मीना ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि हाइवे किनारे कार्यक्रम प्रस्तावित होने के चलते कार्यक्रम वाले दिन किसी भी तरह की यातायात अव्यवस्था उत्पन्न ना हो सके, इसके लिए पहले ही पूरी तरह प्लानिंग कर ली जाए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि हाईवे पर कहीं जाम न लग सके।

## फतेहगंज पूर्वी पुलिस ने तस्कर से,1.5 किलो डोडा किया बरामद



पब्लिक एशिया ब्यूरो

**फतेहगंज पूर्वी।** पुलिस को लम्बे समय से कुछ ढाबों पर मादक पदार्थ की बिक्री की सूचना मिल रही थी।थाना पुलिस ने एक तस्कर को डोडा पोस्त के साथ गिरफ्तार कर लिया है।पिछ्ले माह भी दो तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जो ट्रक चालकों से खरीद कर महंगे दामों में दूसरे ट्रक चालकों को बेचकर परिवार का पालन पोषण कर रहे थे ।फतेहगंज पूर्वी में नेशनल हाईवे पर बीती रात पुलिस टीम गश्त कर रही थी।इसी दौरान पुलिस के अनुसार टिसुआ चौराहा पार करके प्रधान ढाबे से पहले बराबर में न्यू मोगा ढाबा के सामने एक युवक थैला लेकर खड़ा हुआ था। जो अपनी सप्लाई की खेप दूसरे पक्ष को सप्लाई करने जा रहा था।तभी पुलिस ने दौड़ा कर युवक को पकड़ लिया।सूचना पर क्षेत्राधिकारी फरीदपुर मौके पर पहुंच गए।पुलिस ने जिनके सामने युवक की तलाशी में करीब 1.6 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद किया।पुलिस पूछताछ पर युवक ने अपना नाम फतेहगंज पूर्वी के गांव वाकरगंज का परमजीत बताया है। युवक ने बताया ट्रक चालकों से खरीद कर दूसरे ट्रक चालकों को मुनाफे के दाम में बेचकर परिवार का पालन पोषण कर रहा हैं।पुलिस ने पकड़े गए तस्कर के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन» प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 की धारा 8,15 में मुकदमा दर्ज किया है।

## यूपीएससी परीक्षा पास करने वाला किसान का होनहार बेटे मनुप्रिय त्यागी को राष्ट्रीय सैनिक संस्था ने किया सम्मानित

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**हापुड़।** राष्ट्रीय सैनिक संस्था जिला इकाई के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष सुमन त्यागी के नेतृत्व मे ग्राम सबली पहुचे। जहा सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले मनु प्रिय त्यागी को तिरंगा पटका पहनाकर व सम्मान पत्र व सम्मानिट भेट कर सम्मानित किया। बता दे कि सबली निवासी कासन ओमत्त त्यागी के बेटे मनुप्रिय त्यागी ने यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर जनपद हापुड़ का नाम रोशन किय है। मनुप्रिय त्यागी की



यूपीएससी परीक्षा में 572वीं रैंक आई है। जिसके बाद क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस अवसर पर संस्था के प्रदेश प्रवक्ता व हापुड़ के जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र त्यागी, जिला सचिव मुकेश प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष मुकेश त्यागी, युवा कमांड के जिला अध्यक्ष तरुण ध्यानी, महिला ब्रिगेड की जिला उपाध्यक्ष नताशा त्यागी, जिला सचिव प्राची खुल्लर, रामनिवास बालिका इंटर कॉलेज के प्रबंधक हरिराज सिंह, गायत्री परिवार के सुधीर त्यागी, भाकियू अराजनैतिक के राधेलाल त्यागी, त्यागी समाज के निखिल त्यागी अहाते मौजूद रहे थे।

## बरेली के शोहम ने यूपीएससी में लहराया परचम, हासिल की 77वीं रैंक, ऐसे पाई सफलता

पब्लिक एशिया ब्यूरो

बरेली।शहर के शोहम तेबेरीवाल ने यूपीएससी सिविल सर्विस परीक्षा 2023 में 77वीं रैंक हांसिल कर बरेली का नाम रोशन किया है। परिणाम की घोषणा के बाद श्रेष्ठ आईएएस कोचिंग गुरू जी केबी त्रिपाठी ने शोहम की अपने और संस्थान के साथ की तस्वीरें शेयर की हैं। शोहम श्रेष्ठ कोचिंग के भी छात्र रहे हैं।



**घर पर बधाई देने वालों का लगा तांता**

शोहम ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुजनों और परिजनों को दिया है। जैसे ही शोहम के सफल परिणाम के बारे में संबंधियों को पता लगा तो लोगों के बधाई देने के लिए उनके परिजनों के पास फोन आना शुरू हो गए। शोहम के पिता अनुपम ने बताया कि उनके बेटे ने इस परीक्षा में सफल होने के लिए काफी मेहनत की है। इसी के परिणाम स्वरुप बेटे ने 77वीं रैंक हांसिल की है। शोहम शुरुआत से ही पढ़ने में तेज थे। उन्होंने दसवीं की परीक्षा सेंट फ्रांसिस और बारहवीं की परीक्षा वुडरो स्कूल से पास की है। उन्होंने बीटेक आईआईटी मुंबई से सिविल इंजीनियर किया।

**दूसरे प्रयास में यूपीएससी किया पास :** शोहम ने यूपीएससी की परीक्षा दूसरे प्रयास में पास की है। पहले प्रयास में उनका रेलवे में चयन हुआ था। उन्होंने पीडब्ल्यूसी गुड़गांव में नौकरी भी की। शोहम बुधवार तक बरेली पहुंचेंगे। शोहम आठ से दस घंटे की कड़ी मेहनत करते थे। उन्होंने जब से तैयारी शुरू की, सोशल मीडिया से भी काफी हद तक दूरी बना ली थी। उनके निरंतर अध्ययन ने ही उन्हें सफलता दिलाई है। अनुपम समेत पूरे परिवार को शोहम की इस सफलता पर गर्व है।पहले प्रयास में ही पाई यूपीएससी में सफलता यशवर्धन सिंह चौहान का 22 साल की उम्र में यूपीएससी में प्रथम प्रयास में ही चयन हो गया। सूचना मिलते ही यशवर्धन की मां अर्चना सिंह चौहान और बहन सुकन्या चौहान को बधाई देने उनके आवास पर भाजपा नेता बंटी ठाकुर, विनय कुमार सिंह राठौड़ पहुंचे। उन्होंने बेटे की सफलता पर बुके देकर बधाई और शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा भी कई लोगों ने बधाई दी।

## प्रभु श्रीराम का जीवन हम सभी के लिए है आदर्श : चंचलापित दास

मुकेश कुशवाह, पब्लिक एशिया

**मथुरा »** भगवान श्रीकृष्ण की नित्य विहार स्थली ब्रज मंडल में मर्यादा पुरूषोत्तम प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव की धूम मची रही । चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की नवमीं को सम्पूर्ण भारतवर्ष में मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के अवतरण दिवस 'रामनवमी' के पावन पर्व के रूप में मनाया जाता है । इसीक्रम में वृंदावन स्थित चंद्रोदय मंदिर में बुधवार को भगवान श्रीराम के अवतरण दिवस को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस पुनीत अवसर पर मंदिर प्रांगण में फूल बंगला, छप्पन भोग, श्रीराम तारक यज्ञ एवं हरीनाम संकीर्तन समेत अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । चंद्रोदय मंदिर के भक्तों के लिए यह उत्सव इसलिए भी विशेष रहा, क्योंकि रामनवमीं के पुनीत अवसर पर वर्ष 2004 में भगवान श्रीश्री राधा वृंदावन की प्राण प्रतिष्ठा चंद्रोदय मंदिर प्रांगण में की गई थी । मंदिर में आयोजित रामनवमीं महामहोत्सव के दौरान भक्तों को



संबोधित करते हुए चंद्रोदय मंदिर के अध्यक्ष चंचलापति दास ने कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन सभी भारतीयों के समक्ष आदर्श प्रस्तुत करता है । उनका जीवन एक पुत्र के रूप में, शिष्य, पति, पिता एवं राजा के रूप में, आदर्श जीवन है । उन्होंने राम नाम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पद्म पुराण में वर्णित मंत्र राम रामेति रामेति, रमे रामे मनोरमे । सहस्त्रनाम तत्तुल्यं, रामनाम वरानने, का दृष्टांत देते हुए कहा कि भगवान शिव, माता पार्वती को राम राम राम द्वयक्षर नाम के महत्व के विषय में कहते हैं कि इसी राम नाम का जागृत, स्वन एवं सुषुप्ति इन तीनों अवस्थाओं में जप करो । मैं भी इन्हीं मनोरम राम में रमता हूं । यह राम नाम भगवान विष्णु के सहस्त्र नामों के तुल्य है । भगवान राम के राम नाम को विष्णु सहस्त्र नाम के तुल्य कहा गया है । राम नवमीं की संध्या बेला में आयोजित इस कार्यक्रम में मथुरा, आगरा, दिल्ली, जयपुर, मध्यप्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के अन्य शहरों से बड़ी संख्या में भक्तगण वृंदावन पहुंचे थे ।

## हाईटेंसन लाइन का तार गिरने से गेहूं जलकर हुए राख, एसडीएम से मुआवजे की करी मांग

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**बरेली।** खेत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंसन लाइन का तार टूटने से खेत मे खड़ी गेहूं की फसल जलकर हुई राख, सूचना मिलने हीं मौके पर पहुँची दमकल की गाड़ी ने आग बुझाई पर जबतक लगभग दस बीघा खेत की फसल जलकर हुई राख, पीड़ित ने एसडीमएम से बिजली विभाग की शिकायत कर जलकर हुए नुकसान के बारे मे बताया और मुआवजा की मांग की।जानकारी के अनुसार मीरगंज मे बुधवार को करीब ग्यारह बजे ओमकार पुत्र भगवानदास निवासी रतनपुरी पंकज गंगवार पुत्र दीनदयाल निवासी रतनपुरी और धर्मपाल पुत्र गोंदनलाल निवासी ललितपुरी अपने अपने खेतो मे गेहूं की कटाई कर रहें थे तभी उनके खेत मे से निकलकर जा रही ग्यारह हज़ार के, वी की लाइन का तार टूटकर



उनके खेत मे गिर गया जिससे कुछ हीं देर मे खेत मे आग लग गयी हवा तेज़ चलने के कारण आग ने कुछ हीं समय मे विकराल रूप धारण कर लिया जिससे खेत मे पड़ी गेहूं की कटी फसल के साथ खड़ी फसल जलकर राख हो गयी,आग को देख ओमकार ने इसकी सूचना पुलिस को दी जिसके बाद फायर ब्रिगेड के साथ थाना पुलिस मौके पर पहुँच गयी, दमकल की गाड़ी से कर्मचारियों ने जबतक आग पर काबू पाया तबतक लगभग दस बीघा खेत मे खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी

पीड़ित ओमकार गंगवार ने बताया कि तीन लोगो के लगभग दस बीघा खेत मे हाईटेंसन लाइन का तार टूटने से खेत मे खड़ी गेहूं की फसल मे आग लग गयी जिससे खेत मे खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी, हवा तेज़ होने के कारण आग ने बहुत जल्दी विकराल रूप धारण कर लिया ओमकार गंगवार ने बिजली विभाग पर आरोप लगाया कि कई बार बिजली विभाग को उनके द्वारा मौखिक रूप से तार बदलने की बोल चुके है लेकिन अभीतक तार नहीं बदले है इससे पहले भी कई बार तार टूट कर उनके खेत मे गिरे चुके है, अगर विद्युत विभाग तार बदल देता तो आज यह हादसा नहीं होता उन्होंने मीरगंज एसडीएम देश दीपक सिंह को खेत मे आग लगने की शिकायत की है साथ हीं उन्होंने एसडीएम से मांग की है कि तार टूटने से हुए नुकसान का मुआवजा तीनो पीड़ितो को दिलाया जाए, जिससे गरीब किसानो की फसल के नुकसान की कुछ भरपाई हो सके।

## लूट करने वाले बदमाशों के करीब पहुंची वृंदावन पुलिस : मां-बेटे के साथ की थी बदमाशों ने लूटपाट

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**मथुरा »** दो दिन पूर्व मथुरा-वृंदावन रोड़ पर वात्सल्य ग्राम के समीप स्कूटी सवार मां-बेटे के साथ हुई लूट की घटना का खुलासा करने के लिए पुलिस के हाथ अहम सुराग लग गए हैं । सूत्रों के मुताबिक घटना के बाद पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर अहम जानकारी हांसिल कर ली है और साथ ही सीसीटीवी की फुटेज से लूटरों की पहचान कर ली है ।

जानकारी के मुताबिक सोमवार शाम वृंदावन में दर्शन करके बेटे के साथ स्कूटी से लौट रही बैरागपुरा गली नंबर तीन निवासी पूजा त्यागी से बाइक सवार तीन लुटेरों ने वात्सल्य ग्राम के पास लूट की वारदात को अंजाम दिया था । इस वारदात में मां और बेटे घायल हो गए थे । इस मामले में घायल महिला की बहन चित्रा ने लुटेरों के खिलाफ कोतवाली वृंदावन में पर्स लूटने का मुकदमा दर्ज कराया है । पीड़िता के पर्स में दो मोबाइल, नगदी और महत्वपूर्ण कागजात थे ।

घटना के बाद पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर अहम जानकारी और सीसीटीवी की फुटेज से लूटरों की पहचान कर ली है । आस-पास के कई सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए तो पुलिस के हाथ अहम सुराग लगे हैं । लूट की वारदात को अंजाम देने वाले लुटेरे नशेड़ी बताए जा रहे हैं । संभावना है कि जताई घटना को अंजाम देने वाले नशेड़ी शातिर किस्म के लुटेरे हैं ।

पूर्व में भी वह कई वारदातों को अंजाम दे चुके हैं । सूत्रों के अनुसार पुलिस को एक लुटेरा और वारदात में प्रयुक्त बाइक मिल गई है । लुटेरे के दो अन्य साथियों की तलाश के लिए पुलिस तलाश में जुटी हुई है ।

## मुख्य समाचार

### अमित बंसल जिले के प्रवक्ता नियुक्त

भाजपा जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह ढाका ने पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता अमित बंसल को भाजपा जिले का प्रवक्ता नियुक्त किया



सुकरमपाल, पब्लिक एशिया

**रोहतक »** उनकी इस नियुक्ति पर सभी कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है। जिला प्रवक्ता अमित बंसल ने बताया कि उनकी भाजपा में चौथी पीढ़ी है पिता स्वर्गीय श्री सुरेंद्र बंसल भाजपा जिला अध्यक्ष रहे। लगातार चार बार जिला कोषाध्यक्ष रहे इसके साथ ही जिला पर्यवेक्षक और विधानसभा प्रभारी और आदि महत्वपूर्ण पदों एवं अनेक पदों पर भी सुरेंद्र बंसल जी ने कार्य किया था। नवनियुक्त जिला प्रवक्ता अमित बंसल ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश नेतृत्व एवं जिला नेतृत्व का आभार प्रकट किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष श्री रणवीर सिंह ढाका जी, जिला महामंत्री सुखबीर चंदोलिया जी ,जिला उपाध्यक्ष श्री हरि ओम मित्तल भाली जी, जिला उपाध्यक्ष वीर सिंह हुड्डा जी, वरिष्ठ नेता वजीर खोखर जी, जिला उपाध्यक्ष उदयभान मलिक जी, वरिष्ठ नेता संजय बल्हारा जी, धर्मेंद्र सैनी जी, अंकित शर्मा जी, पंकज भारद्वाज जी ,उपस्थित रहे।

### पंजाब में कानून-व्यवस्था बिगड़ी : औजला

एजेंसी

**अमृतसर »** अमृतसर से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी गुरजीत सिंह औजला ने आज श्री हरिमंदिर साहिब और श्री दुर्गियाना मंदिर में माथा टेक कर चुनाव मुहिम की शुरुआत की। इस अवसर पर गुरजीत सिंह औजला ने आम आदमी पार्टी के विधायक कुंवर विजय प्रताप सिंह की ओर से लगाये आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुये कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ चुकी है। उन्होंने विधायक कुवर विजय प्रताप सिंह के आरोप को सही ठहराते हुए कहा कि विधायक को खुलकर अपनी बात कहनी चाहिये। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान पर भी निशाना साधते हुये कहा कि बेशक अधिकारियों की नियुक्तियां दिल्ली से हो रही है लेकिन मुख्यमंत्री तो बोल सकते हैं। श्री औजला ने भाजपा और आप पार्टी के प्रत्याशियों पर निशाना साधते हुये कहा कि दोनों पार्टियों को अपने कार्यकर्ताओं पर भरोसा नहीं है, इसीलिये भाजपा ने बाहरी चेहरे पर दांव खेला है। आप ने भी उन वर्कर्स को नजरंदाज किया है, जिन्होंने ग्राउंड लेवल पर काम किया है। उन्होंने कहा की आम आदमी पार्टी जिस तरह से सत्ता में आई थी, वह सब अब छलावा लग रहा है।

### जालंधर में अवैध हथियार के साथ एक गिरफ्तार

एजेंसी

**जालंधर, »** पंजाब के जालंधर में पुलिस ने एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने बुधवार को बताया कि पुलिस को खुफिया सूचना मिली थी। कि शहर में अवैध हथियारों की तस्करी करने वाला एक गिरोह सक्रिय है। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने इसमें शामिल अपराधियों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया था।पुलिस आयुक्त ने बताया कि पकड़े गये युवक की पहचान अमन लूथरा निवासी गुलाब देवी रोड रतन नगर जालंधर के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि उसकी तलाशी लेने पर पुलिसको 315 बोर का एक देसी कट्टा और एक कारतूस बरामद हुआ। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान अपराधी के संपर्कों का पता लगाने के लिये जांच की जा रही है। अभी तक युवक का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं पता चला है।

### सिरसा में दो किलो से अधिक अफीम सहित युवक गिरफ्तार

एजेंसी

**सिरसा »** हरियाणा के सिरसा जिला में लोकसभा चुनाव के साथ-साथ फ़सली सीज़न शुरू होने के बाद नशा की मांग बढ़ गई है। नशेड़ी किस्म के मतदाता जहां नेताओं से नशे की मांग कर रहे हैं वहीं फसल कटाई का काम आरंभ होने के साथ दिन-रात हाड़तोड़ मेहनत करने वाले मजदूर भी नशा मांगने लगे हैं। वहीं बड़े जमींदार मजदूरों से अधिकाधिक काम लेने के मकसद से उनको नशे का सेवन करवाते भी हैं। पिछले कुछ दिनों से जिलेभर में नशीले पदार्थों की डिमांड और बढ़ गई है। जिला की एंटी नारकोटिक्स,सेल सिरसा पुलिस ने गश्त के दौरान 2 किलो 605 ग्राम अफीम सहित एक युवक को गिरफ्तार भी किया है ।पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि पकड़े गए युवक की पहचान रणजीत कुमार पुत्र जगन यादव निवासी चक थाना मानातू जिला पलामू, झारखंड हाल डबवाली रोड, सिरसा के रूप में हुई है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान जनता भवन रोड सिरसा से होते हुए डबवाली रोड की तरफ जा रही थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी जब नजदीक फायर ब्रिगेड स्टेशन डबवाली रोड सिरसा पर पहुंची तो फायर ब्रिगेड गेट के सामने एक युवक अपने कंधे पर पिट्ठू बैग लिए हुए खड़ा दिखाई दिया।

### राजस्थान का साइबर ठग चढ़ा सिरसा पुलिस के हत्थे

एजेंसी

**सिरसा »** हरियाणा में सिरसा जिला की साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए एक साइबर ठग को राजस्थान के नागौर से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन प्रभारी इंस्पेक्टर जसवीर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जितेंद्र कुमार पुत्र हरेंद्र कुमार निवासी गांव गोटन जिला नागौर, राजस्थान के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, और रिमांड अवधि के दौरान उसके दो अन्य साथियों की भी पहचान कर ली गई है, जिनको भी शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा। थाना प्रभारी ने बताया कि शहर सिरसा के सेक्टर 19 हुड्डा निवासी पवन कुमार को टेलीग्राम के माध्यम से जोड़कर स्काई स्कैनर ऐप पर टास्क पूरा करने तथा मोटे मुनाफे के नाम पर करीब 5,84 269 रुपए की ठगी की गई थी। थाना प्रभारी ने बताया कि टास्क पूरा करने के नाम पर पहले और दूसरे दिन करीब 6/7 हजार रुपए पवन कुमार के बैंक खाते में डाले गए। पवन कुमार लालच में आ गया और उसने गत दो फरवरी से लेकर पांच फरवरी के बीच की अवधि के दौरान करीब 5,84,269 रुपए बताए गए अलग-अलग बैंक खातों में डाल दिए।

## पलवल विजय संकल्प रैली

# प्रधानमंत्री मोदी ने देश की संस्कृति और संस्कार का संरक्षण किया है : नायब सैनी

### मोदी सरकार ने 10 सालों में किसानों, युवाओं, गरीबों और महिलाओं के सपने साकार किए

पब्लिक एशिया ब्यूरो









**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की संस्कृति और संस्कार का संरक्षण किया है। पिछली सरकारों के दौरान संस्कृति और संस्कार विलुप्त हो रहे थे। आज हमें अपनी संस्कृति पर गौरव महसूस हो रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में केदारनाथ, कांशी विश्वनाथ, सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ है। 140 करोड़ लोगों के लिए गर्व की बात है कि 500 सालों के बाद राम लला भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान हुए। श्री सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार लोगों के हित में काम करने वाली सरकार है। मजबूती से देश के आगे बढ़ाने वाली सरकार है। बुधवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी फरीदाबाद लोकसभा की पलवल विधानसभा में विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। यहां श्री सैनी ने राम नवमी पर्व की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। विजय संकल्प रैली को केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने भी संबोधित किया।

सीएम नायब सैनी ने कहा कि देश की जनता इस बार नरेंद्र मोदी को 400 पार सीटें देने का संकल्प ले चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भी देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। श्री सैनी ने कहा कि मोदी सरकार 10 वर्षों में गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के सपने को साकार कर रही है।

कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए नायब सैनी ने कहा कि न्याय की बात कहने वाली कांग्रेस ने महिलाओं के साथ अन्याय किया है। कांग्रेस ने महिलाओं को वोट के लिए इस्तेमाल किया। महिलाओं को अधिकार देने की बात आती थी कांग्रेस अपना हाथ खींच लेती थी। नायब सैनी ने कहा कि देश में अबकी बार 400 पार का नारा गूंज रहा है तो फरीदाबाद लोकसभा में अबकी बार कृष्णपाल गुर्जर को 10 लाख पार वोटों से जीतकार दिल्ली भेजने का नारा जनता में गूंज रहा है। श्री सैनी ने कहा कि मोदी सरकार ने 10 सालों में देश को एक नई दिशा देने का काम किया है। लोगों के जीवन को सुगम और सरल बनाने तथा सुविधाएं पहुंचाने का काम किया है।

नायब सैनी ने कहा कि लोगों को सुरक्षित रखना मोदी सरकार का दायित्व है। उन्होंने कहा कि इन दस सालों में सड़कों, रेलवे, एयर कनेक्टिविटी वर्ल्ड क्लास की हुई है। देश ने विकास के नये आयाम को छूआ है। मोदी सरकार ने समस्याओं का समाधान किया है। हर व्यक्ति का सम्मान बढ़ा है। दुनिया के अदंर भारत का गौरव बढ़ा है।

नायब सैनी ने कहा कि मोदी सरकार ने 10 सालों में किसानों के खातों में 3 लाख करोड़ रुपये सीधे भेजने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी दिन रात देश की सेवा में लगे रहे हैं। गरीब लोगों को बीमारी की टेंशन ना रहे इसके लिए मोदी सरकार ने 5 लाख रुपये तक के ईलाज की गारंटी गरीबों को दी है। मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत हुआ है। मोदी के 10 साल के नेतृत्व में अब बार्डर पर पत्थरबाज दिखाई नहीं देते। नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने 55 साल देश पर शासन किया, लेकिन लोगों को मूलभूत सुविधाएं देने से वंचित रखा।

कांग्रेस के समय गैस का सिलेंडर लेने के लिए भी तीन-तीन दिनों तक लाइनों में खड़ा रहना पड़ता था। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों को निशुल्क गैस सिलेंडर दिया, हर घर नल से जल देकर महिलाओं का जीवन सरल बनाया।श्री सैनी ने कहा कि कांग्रेस झूठ का सहारा लेकर लोगों को बरगलाने का काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस धारा-370 को हटाने के पक्ष में कभी नहीं थी। कांग्रेस ने तो अब भी अपने घोषणा पत्र में धारा 370 पर विचार करने की बात कही है। नायब सैनी ने कहा कि मोदी सरकार का लक्ष्य देश का विकास करना है।

### गरीब के चेहरे पर मुस्कान मोदी जी की नीतियों के कारण आई है : कृष्णपाल गुर्जर

भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ सबका विकास और अन्त्योदय के मूल मंत्र पर चल बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग के लोगों के लिए काम किया है। मोदी जी को गरीब की चिंता है, आज गरीब के चेहरे पर मुस्कान मोदी जी की नीतियों के कारण आई है। देश की जनता अच्छे से जानती है कि भाजपा और मोदी जी ही देश के गरीब, युवा, महिला और किसान का भला कर सकते हैं, इसलिए देश की जनता ने मोदी जी को को मत देने का पक्का मन बना लिया है। श्री गुर्जर ने कहा कि 2014 के पहले और बाद का भारत आप लोग देख रहे हैं। पहले भारत को विश्व में किस नजर से देखा जाता था और आज 2014 के बाद विश्व का भारत के प्रति नजरिया बदल गया है। मोदी के नेतृत्व में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं।

### जितना रिकॉर्ड तोड़ विकास करवाया उतने रिकॉर्ड तोड़ वोट मिलेंगे : दीपक मंगला

भाजपा विधायक एवं विजय संकल्प रैली के आयोजक दीपक मंगला ने कहा कि भाजपा ने पलवल में रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य करवाया है। मनोहर लाल और कृष्ण पाल गुर्जर की जोड़ी ने इतना विकास करवाया है कि लोग आज काम गिनते -गिनते थक जाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रेल के क्षेत्र में पलवल को अनेक सौगातें मिली हैं। उन्होंने कहा कि आज पलवल में विकास की कोई कमी नहीं है और आने वाले लोकसभा चुनाव में पलवल में भाजपा के वोट की भी कोई कमी नहीं रहने वाली। इस मौके पर पलवल की जनसभा में भाजपा प्रत्याशी कृष्ण पाल गुर्जर, मंत्री मूलचंद शर्मा, आयोजक दीपक मंगला के साथ-साथ होडल के विधायक जगदीश नायर, हथीन के विधायक प्रवीण डागर, पृथला के विधायक नयनपाल रावत, पार्टी के जिला अध्यक्ष, लोकसभा की प्रभारी जीएल शर्मा, नगर परिषद प्रधान यशपाल, पूर्व विधायक रामरतन, अजय गोयल, सुभाष गहलोत, मनोज बामल, गौरव गौतम, वेदपाल दीक्षित, अजय बोहरा आदि भी मौजूद थे।

## कोसली से JJP प्रत्याशी रहे रामफल कोसलिया, निर्दलीय प्रत्याशी रही विनोद कुमारी, JJP प्रदेश सचिव नरेश जून समेत दर्जनभर नेता कांग्रेस में हुए शामिल



पब्लिक एशिया ब्यूरो

**रोहतक »** कोसली में कांग्रेस के कुनबे में बड़ा विस्तार हुआ है। राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने आज 2019 में कोसली विधानसभा क्षेत्र से छ्छ्छ्क प्रत्याशी रहे रामफल कोसलिया, छ्छ्छ्क के प्रदेश सचिव नरेश जून, कोसली से निर्दलीय प्रत्याशी रही विनोद कुमारी, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से कोसली प्रत्याशी रहे रामअवतार पचेरवाल को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई।

इनके साथ सरपंच कुलदीप उर्फ़ हैप्पी (भालौट), विनोद गोला पार्षद, विजय तंवर, पूरण सिंह (हलका प्रधान, स्ष्ट सेल छ्छ्छ्क कोसली), फूल सिंह (हलका प्रधान, स्ष्ट सेल छ्छ्छ्क कोसली), मुकेश देवी (उप-प्रधान, जिला कार्यकारिणी छ्छ्छ्क रोहतक) समेत दर्जनभर नेताओं ने भी कांग्रेस का दामन थामा। दीपेंद्र हुड्डा ने सभी का पार्टी में स्वागत किया और पूरे मान-सम्मान का भरोसा दिलाया। ज्वाइनिंग के बाद दीपेंद्र हुड्डा ने रोहतक से सांसद अरविंद शर्मा से अपने पुराने बयानों पर पक्ष स्पष्ट करने की मांग की है। दीपेंद्र हुड्डा का कहना है कि करनाल से सांसद रहते हुए अरविंद शर्मा ने कांग्रेस सरकार के चहुमुखी विकास की बारंबार तारीफ की थी। वह खुद हुड्डा सरकार के दौरान हुए विकास कार्यों का बखान करनाल समेत पूरे हरियाणा में करते थे। लेकिन जब उन्होंने कांग्रेस छोड़ी तो आरोप लगाया कि दीपेंद्र हुड्डा ने सारे काम रोहतक में ही करवा दिए। लेकिन कमाल की बात है कि बीजेपी में शामिल होने के बाद वहीं सांसद का रहे हैं कि दीपेंद्र हुड्डा ने रोहतक में काम ही नहीं करवाए।

## दीपेन्द्र हुड्डा को खुला चैलेज, हिम्मत हो तो सामने आकर दिखाए सबूत, मै दूंगा जबाव : डॉ. अरविंद शर्मा

सुकरमपाल, पब्लिक एशिया




**रोहतक »** भाजपा सांसद एवं रोहतक लोकसभा उम्मीदवार डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि झूठ कितनी ही बार बोला जाए, लेकिन वह कभी सच साबित नहीं हो सकता। कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा हर मामले पर झूठ पर झूठ बोल रहे है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस सांसद दीपेन्द्र हुड्डा में हिम्मत है तो वह सामने आकर सांसद निधि व अन्य विकास कार्यो को लेकर आकंडे प्रस्तुत करे, मैं उनका जबाव देने को तैयार हूं, अगर दीपेन्द्र हुड्डा अपनी बात सच साबित कर दे तो वह राजनीतिक तक छोडने को तैयार है। सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने सांसद निधि को लेकर खर्च की गई राशि के आंकडे दिखाए और कहा कि करीब पौने 17 करोड रूपये खर्च किए गए है और उनकी सांसद निधि में सिर्फ करीब 46 हजार रूपये ही बचे है। इसके अलावा अरविंद शर्मा ने यह भी कहा कि उन्हें पता है कि किस तरह से झूठ बोलकर भूपेन्द्र सिंह हुड्डा मुख्यमंत्री बने थे और अब उनका झूठ पकडा गया है। कांग्रेस सांसद हुड्डा ने एमडीयू द्वारा रद्द किए गए कार्यक्रम के आरोपों को लेकर भी भाजपा सांसद ने प्रतिक्रिया दी और कहा कि दीपेन्द्र हुड्डा चार बार के सांसद है, क्या उन्हें इस बात का नहीं पता कि आचार संहिता लागू होने के बाद किसी भी सरकारी भवन एवं शिक्षण संस्थान में कोई भी प्रत्याशी कार्यक्रम नहीं कर सकता है क्या कांग्रेस सांसद को आचार संहिता का भी ज्ञान नहीं है, वह तो जनता को झुठ बोलकर गुमराह करने का प्रयास कर रहे है।

बुधवार को सांसद डॉ. अरविंद शर्मा पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने लोकसभा क्षेत्र के विकास कार्यो का लेखा जोखा भी प्रस्तुत किया और कहा कि पूर्व सीएम हुड्डा भी यह बताए कि उन्होंने दस साल मुख्यमंत्री रहते हुए गढ़ी सांपला किलोई क्षेत्र के लिए क्या विकास किया और कितने लोगों को नौकरियां दी है। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस में भ्रष्टाचार के साथ साथ परिवारवाद का बोल बाला रहा और चुनिंदा लोगों को ही नौकरियां मिली, जोकि जगजाहिर हो चुका है। उन्होंने कहा कि हुड्डा को अपने बेटे दीपेन्द्र के अलावा कोई अन्य कार्यकर्त्ता व नेता दिखाई नहीं देता, बस दीपेंद्र को आगे ले जाना है कि चाहे उन्हें कुछ भी करना पड़े। उन्होंने कहा कि दीपेन्द्र हुड्डा भी हर मामले को लेकर झूठ पर झूठ बोले रहे है और अब तो कांग्रेस हाईकमान को भी इनकी झूठ के पुलिंदों के बारे में पता चल गया है, इसलिए टिकट बटबारे में देरी हो रही है।

सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने बहादुगरढ़ से आसौदा तक मेट्रो, राष्ट्रीय राजमार्ग 152, हांसी महम रेलवे लाइन, एम्स विस्तारीकरण सहित अन्य सहित कई प्रोजेक्टों का भी जिक्र किया। साथ ही उन्होंने राज्यसभा सांसद दीपेन्द्र हुड्डा से जबाव मांगा कि दस साल तक सांसद रहते हुए उन्होंने गढ़ी सांपला किलोई व लोकसभा क्षेत्र के कौन से प्रोजेक्ट को लेकर राज्यसभा व लोकसभा में कितनी बार आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि हुड्डा परिवार कुर्सी हथियाने के लिए यह किसी भी हद तक जा सकते है, इसलिए हर बार झूठ पर झूठ बोल रहे है, लेकिन अब इनकी झूठ पकड़ी गई है। उन्होंने गुलाबी गैंग का भी जिक्र किया और कहा कि कांग्रेस शासन काल के दौरान रिस्तेदारों तक को ठेकेदार बना दिये और खूब भ्रष्टाचार किया है। इस अवसर पर पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, सतीश नांदल, मनमोहन गोयल, रणबीर सिंह ढाका, कृष्णमूर्ति हुड्डा, शमेशर खरक, राजकमल सहगल, हरिओम भाली, ओमप्रकाश बागडी, मनोज मक्कड, सन्नी शर्मा, आशा शर्मा, दीपू नागपाल, उषा शर्मा, डिम्पल जैन, कुलविर सिक्का प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव से पहले हरियाणा कांग्रेस में हुई बंपर ज्वाइनिंग

सुकरमपाल, पब्लिक एशिया





**रेवाड़ी, »** हरियाणा में कांग्रेस का कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है। एक बार फिर पार्टी में बंपर ज्वाइनिंग हुई है। 2019 में कोसली विधानसभा क्षेत्र से छ्छ्छ्कप्रत्याशी रहे रामफल कोसलिया, छ्छ्छ्कके प्रदेश सचिव नरेश जून, कोसली से निर्दलीय प्रत्याशी रही विनोद कुमारी, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से कोसली प्रत्याशी रहे रामअवतार पचेरवाल कांग्रेस में शामिल हो गया है। इस दौरान बीजेपी, जेजेपी और इनेलो से भी दर्जनों लोगों ने कांग्रेस का दामन थामा। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने सभी को कांग्रेस का पटका पहनाकर कांग्रेस में शामिल करवाया, और उनका पार्टी में स्वागत किया।

कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए सभी नेताओं और कार्यकर्ताओ को दीपेंद्र हुड्डा ने विश्वास दिलाया कि सभी को पार्टी में पूरा मान सम्मान दिया जायेगा। और सभी मिलकर मजबूती के साथ कांग्रेस की सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में हर वर्ग भाजपा की नीतियों से तंग आ चुका है। और हर वर्ग प्रदेश में बदलाव चाहता है। भाजपा के प्रत्याशी लोगों के बीच में जाकर अपने कामों को गिनवाकर वोट तक नहीं मांग रहे है। क्योंकि उनके पास जनता से बताने के लिए कोई काम ही नहीं है।

रोहतक लोकसभा से बीजेपी प्रत्याशी अरविंद शर्मा, पीएम मोदी के नाम पर वोट मांग रहे है, वह खुद के कामों के बल पर वोट नहीं मांग रहे, अगर उनके द्वारा कोई काम करवाया गया है तो वह जानता के समझ रखे। दीपेंद्र हुड्डा में कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में रोहतक में हज़ारों करोड़ की परियोजनाएं आईं और कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के संस्थान स्थापित हुए। कांग्रेस कार्यकाल में ही दिल्ली मेट्रो का विस्तार बहादुरगढ़ तक हुआ, जिसे भाजपा ने रोहतक लाने का वादा किया था, लेकिन 10 साल में ये सरकार उसे एक इंच भी आगे नहीं बढ़ा पाई। उन्होंने कहा कि मौजूदा सांसद इलाके में कोई बड़ी परियोजना स्थापित करना तो दूर, पूरी सांसद निधि भी खर्च नहीं कर पाए। पूरे कार्यकाल में सांसद निधि से उन्होंने केवल ढाई करोड़ रुपये ही खर्च किए।

इस दौरान सरपंच कुलदीप उर्फ़ हैप्पी (भालौट), विनोद गोला पार्षद, विजय तंवर, पूरण सिंह (हलका प्रधान, स्ष्ट सेल छ्छ्छ्क कोसली), फूल सिंह (हलका प्रधान, स्ष्ट सेल छ्छ्छ्क कोसली), मुकेश देवी (उप-प्रधान, जिला कार्यकारिणी JJP, रोहतक), अशोक फौजी सिवाना बेरी (मण्डल अध्यक्ष, जिला झज्जर, BJP), पवन शर्मा, अश्वनी, आलोक, मंजीत नम्बरदार (BJP), सत्यवान, राजेश, सत्येन्द्र, साहिल गुढ़ा, अमित उर्फ़ मोनू, ढ्ढह्रष्ठ से आज़ाद, सुमित, अमित, पवन, डी. एन. पन्त आदि ने भी अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी का दामन थामा।

पब्लिक एशिया
नई दिल्ली, गुरुवार, 18 अप्रैल, 2024

कांग्रेस महासचिव ने बुधवार को भाजपा सरकार पर त्रिपुरा में राजनीतिक हिंसा को लेकर आरोप लगाए। कहा कि भाजपा शासित त्रिपुरा में बड़े पैमाने पर राजनीतिक हिंसा हो रही है। रमेश ने अगरतला में अपनी लोकसभा चुनाव रैली से पहले प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए पूछा कि क्या उन्होंने त्रिपुरा के लिए धोखा दो और राज करो की नीति अपनाई है।

-जयराम रमेश, वरिष्ठ कांग्रेस नेता



## मुख्य समाचार

### धूमधाम से निकाली रामनवमी शोभायात्रा



तहरीर अब्बास पब्लिक एशिया

**चिलकाना।** नगर मे श्री रामनवमी शोभा यात्रा बैंड बाजो के साथ बड़ी ही धूमधाम के साथ निकाली गई। बुधवार को मेन बाजार स्थित श्री हनुमान मंदिर से श्री रामनवमी शोभायात्रा धार्मिक धुन पर बजते बैंड बाजों तथा धार्मिक झांकियों के साथ प्रारंभ हुई। शोभायात्रा में रथ पर भगवान श्री राम की प्रतिमा लेकर बैठने का सौभाग्य समाजसेवी राजीव कुमार सिंघल तथा आशू शर्मा को प्राप्त हुआ। शोभायात्रा हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर निचला बाजार, बस स्टैंड चिलकाना मेंन बाजार से होकर वापस हनुमान मंदिर पर आकर संपन्न हुई। इस दौरान राजीव गुप्ता, हिमांशु रोहिला, श्याम नाथ शर्मा, भूषण गुप्ता, बालकृष्ण शर्मा, प्रेम नाथ शर्मा, मदन लाल शर्मा, संजय गुप्ता, सन्नी अरोड़ा, राजेंद्र कुमार, राजेश कश्यप, राकेश ऐरन, सचिन रोहिला, मदन लाल शर्मा, सुभाष सैनी, राजू सैनी, पवन सैनी, हिमांशु गर्ग, मोहन अग्रवाल, सोनू सिंघल, मनीष शर्मा, अनिरुद्ध शर्मा आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### दो महीने में बंद हो गई हो-हो बस सेवा, कंपनी ब्लैक लिस्टेड

**आगरा।** जिस होप ऑन, होप ऑफ बस सेवा का मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी ने दो महीने पहले हरी झंडी दिखाकर शुरुआत की, वह दो महीने में ही फ्लॉप हो गई। मार्च से हो-हो बस सेवा बंद पड़ी है। मंगलवार को मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी ने आगरा-मथुरा इलेक्ट्रिक बस सेवा की समीक्षा की, तो यह खुलासा हुआ। जिसके बाद कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश मंडलायुक्त ने दिए हैं। बंद हो चुकी हो-हो बस सेवा को दोबारा चलाने के लिए मेट्रो के समन्वय से कवायद होगी। पर्यटन सीजन में एक ही बस से ताजमहल, आगरा फोर्ट, फतेहपुर सीकरी, सिकंदरा सहित अन्य स्मारकों में पर्यटकों को घुमाने के लिए यह बस सेवा शुरू की गई थी। लेकिन, पर्यटक नहीं मिलने से बस सेवा पहले घाटे में गई और फिर इसे बंद करना पड़ा। आगरा-मथुरा सिटी ट्रांसपोर्ट के तहत 100 ई-बस संचालित हैं। हो-हो बस सेवा फेल होने के बाद मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी ने अब ई-बसों में एटीएम मशीनों से क्यूआर कोड से टिकट बुकिंग के लिए वन यूपी वन कार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा आठ से नौ हजार कार्ड हर माह आगरा व तीन हजार कार्ड मथुरा में बनाए जाएं। फतेहाबाद व एमजी रोड पर 20 यात्री शेल्टर बनाने के निर्देश दिए थे। इनमें 12 शेल्टर तैयार हो चुके हैं। बाकी शेल्टर बनाने से कंपनी ने हाथ खड़े कर दिए। ऐसे में अनुबंधित कंपनी को भी ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी ने दिए हैं। कैंट रेलवे स्टेशन की पार्किंग में बसों को खड़े करने की जगह नहीं मिलने पर चर्चा की गई।

### प्रतियोगिता में अभिनव, अर्थव, अवनी व विवेक को प्रथम स्थान



तहरीर अब्बास, पब्लिक एशिया

**चिलकाना।** नगर में श्री सत्संग मंडल के तत्वाधान में आयोजित श्री रामचरितमानस के अखंड पाठ के समापन अवसर पर प्रसाद वितरण के साथ धार्मिक प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरण भी किया गया। बुधवार को सुल्तानपुर नगर के चारजो वाले मंदिर में चल रहे श्री रामचरितमानस के अखंड पाठ का समापन भगवान श्री राम तथा रामायणजी की आरती के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे समाजसेवी बालकृष्ण शर्मा एवं पूर्व सभासद सुधीर कुमार जैन ने कहा कि भगवान श्री राम ने समाज के अंदर रिश्तों की मर्यादाओं को बनाते हुए सभी लोगों को सामाजिक रिश्तों में रहने की प्रेरणा दी। हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए।इस अवसर पर तीन खण्डों में आयोजित करवाई गई धार्मिक प्रतियोगिता के ग्रुप अ में अभिनव शर्मा व अथर्व गुप्ता प्रथम लक्ष्मी सैनी व वंशिका धीमान द्वितीय, देवांश तृतीय, ग्रुप ब में अवनी प्रथम, वैष्णवी द्वितीय, अक्षत तृतीय, ग्रुप स में विवेक पुंडीर प्रथम, वंश प्रजापत एवं रितिका सैनी द्वितीय, विशाल तोमर तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में सत्संग मंडल अध्यक्ष शिवनंदन शर्मा, आशु सैनी, निशांक जैन, ताराचंद सैनी, दिनेश कुमार, सुलेख चंद, गौरव जैन, सुरेश सैनी ,जनेश्वर सैनी, अमित सैनी, संजय सैनी, नीतू सैनी, राजेश भगत, मनीष सैनी, धोनी, आकाश कुमार आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए सभी तैयारियां पूर्ण

#### कल होगी पोलिंग पार्टियों की रवानगी

अंकुर जैन,पब्लिक एशिया

**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए तैयारियों के दृष्टिगत व्यवस्थाओं को देखा। डॉ0 दिनेश चंद्र ने बताया कि 19 अप्रैल को जनपद में होने वाले चुनाव के तहत सभी व्यवस्थाएं पूर्ण है। कल होने वाली पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए सभी व्यवस्थाओं के दृष्टिगत आज निरीक्षण किया गया जिसमें आवागमन हेतु परिवहन व्यवस्था पूर्ण रूप से चुस्त-दुरूस्त पाई गयी। उन्होने बताया कि चुनाव के दृष्टिगत निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्य किया जा रहा है। सभी को उनके उत्तरदायित्वों के बारे में बताया कराया गया है। उन्होने कहा कि मुझे विश्वास है कि सभी मतदान कार्मिक चुनाव का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तथा प्रभारी परिवहन व्यवस्था श्री रजनीश कुमार मिश्र, एआरटीओ, पीडीडीआरडीए उपस्थित रहे।

# भाजपा में शामिल होने के बाद पूर्व मंत्री डॉक्टर धर्म सिंह सैनी का भव्य स्वागत

जितेंद्र मेहरा, पब्लिक एशिया



**सहारनपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर चुनावी प्रचार जोरों पर है, वही सियासी उठापटक भी जारी है। भाजपा मे पूर्व मंत्री डॉ. धर्म सिंह सैनी के शामिल होने की उठक पठक काफी समय से चल रही थी। भाजपा में पूर्व मंत्री डॉ धर्म सिंह सैनी के शामिल होने के बाद इस उठक पठक पर भी विराम लग गया। भाजपा ज्वाइन करने के बाद भाजपाई हो चुके पूर्व मंत्री डॉक्टर मंत्री धर्म सिंह सैनी पीएम मोदी को देश का प्रधानमंत्री की की बात करते हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों की भारी मतों से जीत दर्ज कराने की बात कही।

भाजपा में शामिल के बाद सहारनपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री धर्म सिंह सैनी का भाजपा के जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह सैनी, सहारनपुर लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी राघव लखन पाल शर्मा समेत भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारीयो व कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। भाजपा के जिला अध्यक्ष महेंद्र सैनी और सहारनपुर लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी राघव लखन पाल शर्मा ने कहा कि पूर्व मंत्री डॉ धर्म सिंह सैनी के भाजपा में शामिल होने पर भाजपा को मजबूती मिलेगी और यहां पर बड़ी मजबूती के साथ कमल खिलेगा। भाजपा में शामिल होने के बाद पूर्व मंत्री डॉक्टर धर्म सिंह सैनी ने भाजपा नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा की लोकसभा चुनाव 2024 में बड़ी मतों से भाजपा अपनी जीत दर्ज कराएगी और मोदी जी पुन» देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि वह और उनके समर्थक जी जान से मेहनत कर भाजपा के प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने का काम करेंगे और लोकसभा चुनाव मे भाजपा का परचम लहराएंगे। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह सैनी, सहारनपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा समेत भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

## माता के जयकारों से गुंजायमान हुई शिवालिक घाटी



### श्रद्धालुओं ने घंटों लाइनों में लगकर किए जगत जननी के दर्शन

अरविंद गोयल पब्लिक एशिया

**बेहट।** शिवालिक पहाड़ियों के बीच स्थित माता शाकंभरी देवी मंदिर पर नवमी पर्व के मौके पर भारी भीड़ उमडी। भक्तों ने लंबी लाइनों में घंटों लगकर माता शाकंभरी के दर्शन किए। माता को भोग लगाकर व कंजिकाओ को जिमाकर भक्तों ने अपने व्रत भी खोले ।

बुधवार को नवमी पर्व के मौके पर शिवालिक पहाड़ियों के बीच स्थित सिद्धपीठ श्री मां शाकंभरी देवी मंदिर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पहुंची। अष्टमी पर्व की देर सांय से ही सिद्ध पीठ पर श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया था जो नवमी पर्व तक जारी रहा। श्रद्धालुओं ने घंटों लाइनों में लगकर मां शाकंभरी देवी के दर्शन किए और प्रसाद चढ़ा कर मन्नतें मांगी। माता के दर्शनों को लगी श्रद्धालुओं की लाइन श्री शंकराचार्य आश्रम तक पहुंच गई थी। लाइनों में लगे श्रद्धालुओं द्वारा लगाए गए मां भगवती के जयकारों से समूची शिवालिक घाटी गुंजायमान हो उठी। पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। माता के दर्शनों के उपरांत श्रद्धालुओं ने कन्याओं को भोजन कराया और उन्हें दक्षिणा भी भेंट की।

इसके बाद में विधिवत रूप से भक्तों द्वारा अपने व्रत खोले गए। मंदिर व्यवस्थापक राणा आतुल्य प्रताप सिंह द्वारा श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखा गया है। मेले में चतुर्दशी पर्व तक भारी भीड़ पहुंचने की संभावना है। मेला परिसर में सनातन संस्कृति उत्थान समिति द्वारा मां शाकुंभरी सेवा शिविर लगाया गया। शिविर संचालक पंडित संजय प्रपन्नाचार्य जी ने बताया कि शिविर में भोजन बनाने, खाने और विश्राम की उचित व्यवस्था की गई है।

## विशेष प्रेक्षकगणों ने बेवकास्टिंग एवं एमसीएमसी सेन्टर का किया निरीक्षण

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**मुरादाबाद।** विशेष सामान्य प्रेक्षक अजय बी नायक, विशेष प्रेक्षक पुलिस मनमोहन सिंह, विशेष व्यय प्रेक्षक राकेश कुटेजा के साथ सामान्य प्रेक्षक कुमार राहुल, पुलिस प्रेक्षक रंजन कुमार शर्मा, व्यय प्रेक्षक शहर एवं ग्रामीण विधान सभा सतीश शितोले एवं व्यय प्रेक्षक विधान सभा ठाकुरद्वारा एवं बढ़ापुर संदीप गुहा द्वारा संयुक्त रुप से कलेक्टेट सभागार में ऊपर स्थापित वेबकास्टिंग कंट्रोल रुम, एम0सी0एम0सी0 सेन्टर, सी-विजिल कंट्रोल रुम का निरीक्षण किया गया। मा0 प्रेक्षकगण ने बेवकास्टिंग कंट्रोल रुम एवं एमसीएमसी सेन्टर में कार्यरत कर्मियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अपने दायित्वों का ठीक प्रकार से निर्वहन करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासक गुलाब चन्द, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## खुशहालीपुर में छप्परनुमा दो घरों में आग लगने से भारी नुकसान



पब्लिक एशिया ब्यूरो

### विधायक उमर अली खान पीड़ित परिवारों से मिले, हर संभव मदद का दिया आश्वासन

**बेहट।** विकास खण्ड मुजफ्फराबाद क्षेत्र के गांव खुशहालीपुर खुर्द में बीती देर शाम दो घरों में अचानक आग लग गई, जिसमें कई पालतू मवेशी जलकर मर गए, ग्रामीणों ने बामुश्किल आग पर काबू पाया इस हादसे की खबर जब बेहट विधायक उमर अली खान को मिली तो वह खुशहालीपुर खुर्द जाकर पीड़ितो से मिले और हालात का जायजा लेने के बाद पीड़ित परिवारों को आर्थिक मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार को देर शाम गांव खुशहालीपुर खुर्द स्थित अशोक कुमार पुत्र दयाराम और सुशील कुमार पुत्र शीशराम के घास फूंस से बने कच्चे घरों में अचानक आग लग गई इस हादसे में चार पालतू मवेशी जलकर मर गए तथा घर में रखा खाने पहनने का कीमती सामान भी आग में स्वाहा हो गया। पीड़ित परिवारों ने खुली छत के नीचे रात गुजारी है। बेहट विधायक उमर अली खान ने जानकारी देते हुए बताया कि खुशहालीपुर स्थित दो घरों में भयंकर आग लग गई थी, दोनों घर पूरी तरह आगजनी में तबाह हो गए है, चार पालतू पशु भी जले हुए हैं जो पशु अभी झूलसी हुई हालत में जिंदा बचे हैं उनकी हालत बेहद गंभीर है, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को फोन करके इसकी जानकारी दे दी गई है, जल्द ही डॉक्टरों की टीम पशुओं का इलाज करने आ रही है। ग्रामीणों की मांग पर उप जिलाधिकारी बेहट से पीड़ितों को मुआवजा दिलाने के लिए बात कर ली गई, जल्द ही पीड़ितों को सरकारी स्तर पर आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी।

## मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम की निकाली भव्य शोभायात्रा

अरविंद गोयल पब्लिक एशिया



**बेहट।** भगवान पुरुषोत्तम श्रीराम की कस्बे में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया। कस्बे के मुख्य मार्गों पर शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। भगवान श्रीरामजी के जन्मोत्सव के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय गर्ग ने कहा कि पुरूषोत्तम श्री राम जी का जन्मोत्सव मनाना तभी सार्थक होगा जब हम सब मिलकर उनके बताये हुए मार्ग चलें। उन्होंने कहा कि रामराज्य में हर वर्ग खुशहाल था। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम हर वर्ग के थे।

पूर्व विधायक नरेश सैनी ने कहा कि देश रामराज्य की ओर अग्रसर है। इसके बाद भगवान पुरुषोत्तम श्री रामजी के रथ के सारथी के बोली की गई, सारथी बनने के लिए अभिनव सिंघल के नाम चार हजार रुपए में बोली छूटी। भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ मोहल्ला महाजनान स्थित प्राचीन शिव मंदिर से हुआ। शोभायात्रा मेन बाजार, गांधी चौक, दिल्ली यमुनोत्री हाईवे, मोहल्ला खालसा होते हुए प्राचीन शिव मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में सुंदर-सुंदर झांकियां आकृषण का केंद्र बनी हुई थी तथा शोभायात्रा में बैंड बाजों पर बज रही धार्मिक धूनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो रहा था। इस मौके पर अजय जैन,संजीव उर्फ बॉबी कर्णवाल, अनिल सिंघल, वशिष्ठ गुप्ता, देवेंद्र शर्मा उर्फ बंटी, अखिलेश बंसल, दीपक अग्रवाल, व्यापारी नेता अवनीश अग्रवाल, राजकुमार कंबोज, विनय चौहान, पंडित शशिकांत शर्मा, पूर्व चेयरमैन शाह महमूद हसन आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने इमरान मसूद के समर्थन में किया रोड शो

जितेंद्र मेहरा, पब्लिक एशिया



**सहारनपुर।** कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी इमरान मसूद के समर्थन में रोड शो किया। रोड शो में भारी संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक झंडे लेकर पहुंचे हैं, और खूब नारे लगाये। कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद के समर्थन में कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने सहारनपुर में रोड शो किया। रोड शो मे कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव प्रियंका को देखने के लिए लोगो मे पूरा उत्साह नज़र आया। भारी संख्या में लोग रोड शो में शामिल हुए। कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने मोदी पर खूब तंज कसे। सहारनपुर में रोड शो गोली कोठी से शुरु होकर कई जगह से होता हुआ गुजारा। रोड शो मे कांग्रेस नेताओ के साथ सपा के नेता भी मौजूद रहे। रोड शो के दौरान प्रियंका जिन्दाबाद के नारे लगाये गये। रोड शो मे कांग्रेस व सपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारियो समेत कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार बरामद

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**हापुड़।** जनपद की थाना हाफिजपुर पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का पर्दाफाश करत हुए एक शातिर अन्तर्राज्यीय हिस्ट्रीशीटर अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से बड़ी मात्रा में अवैध बने और अधबने तमंचे, अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए है। आरपी अवैध शस्त्रकों को बनाकर, डिमाण्ड आने पर अपराधी किस्म के लोगो को सप्लाई करता था। सीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि हाफिजपुर थाना पुलिस संदिग्ध लोगो और वाहनों की चैकिंग कर रही थी। इस बीच मुखबिर ने सूचना दी कि पुरानी चौकी बृजनाथपुर के सामने बन्द पड़ा ईट भट्टा पर अवैध हथियार बन रहे है।

इस पर हाफिजपुर थाना प्रभारी ने दो पुलिस टीमों का गठन कर छापामार कार्रवाई करते हुए एक शातिर अन्तर्राज्यीय हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताय कि पकड़ा गया आरोपी शातिर किस्म का अपरधी है, जो था हाफिजपुर का हिस्ट्रीशीटर है। जिसके विरुद्ध जनपद हापुड़, मेरठ, बुलदशहर, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर व दिल्ली मे हत्या, चोरी, लूट, डकैती आदि संगीन अपराधों के करीब 03 दर्जन अभियोग पंजीकृत है। पुलिस ने बताय कि आरोपी के कब्जे से 14 बने- अधबने अवैध तमंचे, एक अवैध बंदूक (कुल 15 अवैध शस्त्र), जिंदा व खोखा कारतूस तथा अवैध शस्त्र को बनाकर, डिमाण्ड आने पर अपराधी किस्म के लोगो को सप्लाई करता था। गिरफ्तार अभियुक्त प्रत्येक अवैध तमंचे को 5 से 7 हजार रुपए में बेचकर आर्थिकलाभ कमाता था। पुलिस ने बताय कि पकड़ा गया आरोपी मैनपाल उर्फ अतुल निवासी ग्राम नान थाना हाफिजपुर जनपद हापुड़ (एनएच नं. 04) है।

## चुनाव में बाधा बनने वालों पर होगी कठोरतम कार्यवाही - प्रेक्षक

### सामान्य एवं पुलिस प्रेक्षक ने की वाहनों की स्वयं चेकिंग

अंकुर जैन, पब्लिक एशिया

**सहारनपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्वक और सुगमता से कराने के दृष्टिगत सामान्य प्रेक्षक श्री संकेत एस भोंडवे द्वारा पुलिस प्रेक्षक श्री राजेन्द्र प्रसाद मीणा के साथ शाहजंहापुर पुलिस चौकी हरियाणा बार्डर पर स्वयं वाहन चेकिंग की गयी व लगभग एक लाख की नगदी जब्त की गयी।

सामान्य प्रेक्षक ने मतदाताओं को अभयता प्रदान करने व आपराधिक तत्वों पर अभेद्य अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस लाइन सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा केन्द्रीय पुलिस बल के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन में यदि कोई बाधा बने तो कठोरतम कदम उठाए जाएं। उन्होने फोर्स डिप्लायमेंट प्लान व सभी पुलिस बलों के आंतरिक समन्वय पर बल दिया। पुलिस प्रेक्षक ने सीपीएमएफ के अधिकारियों की समीक्षा कर प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आपके कार्यों की सर्वोच्चता एवं प्रतिबद्धता अग्रणी है। इसके साथ दिए गये उत्तरदायित्वों का निर्वहन बेहतर होगा। इसके दृष्टिगत निरंतर अलर्ट रहें और विजिट करते रहें। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों के नम्बर आपको उपलब्ध करवाए गये है उनसे समन्वय स्थापित किया जा सकता है।



## मुख्य समाचार

### प्राचीन श्री शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर कलश स्थापित




रमेश गोयल, पब्लिक एशिया

पुरकाजी कस्बे के मेंन बाजार में स्थित प्राचीन शिव मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष पर आयोजित 6 दिवसीय आयोजित कार्यक्रम के प्रथम दिवस श्री ठाकुरद्वारा मंदिर में कलश स्थापित किए गए हैं कस्बे के मेंन बाजार मैं स्थित प्राचीन श्री शिव मंदिर मैं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा हेतु आयोजित 6 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष पर कार्यक्रम के प्रथम दिवस पंडित विपुल शास्त्री जी द्वारा अनुज शर्मा के सहयोग से श्री ठाकुरद्वारा मंदिर सेवा समिति द्वारा रामनवमी एवं दुर्गा नवमी के पतित पावन अवसर पर श्री बालाजी धाम मंदिर सत्य विहार कॉलोनी से बालाजी धाम मंदिर समिति संस्थापक पंडित घनश्याम दास शर्मा गुरुजी सानिध्य और आशीर्वाद से 51 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा का आयोजन कर श्री ठाकुरद्वारा मंदिर में कलश स्थापित किए गए तथा महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया इस अवसर पर मंदिर समिति अध्यक्ष विपुल गोयल महामंत्री गौरव गोयल के अलावा बीनू बंसल दिनेश गोयल सुरेश गोयल आशीष गोयल तथा कोषाध्यक्ष आकाश गोयल चिराग सिंघल आदि का आदि सहयोग रहा है

### अतिरिक्त दहेज की मांग पर विवाहिता से मारपीट, घर से निकलने का आरोप

खालिद अली पब्लिक एशिया

झिंझाना। विवाहिता के परिजनों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर अतिरिक्त दहेज ना मिलने पर विवाहिता के साथ मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया है। अतिरिक्त दहेज के रूप में कार और पैसे मांगने का आरोप है। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस को तहरीर देते हुए विवाहिता के पिता सहेन्द्र पाल पुत्र सुखपाल निवासी जैनपुर की बेटी मुस्कान की शादी अमृतपाल पुत्र सोमपाल निवासी गांव - नथौड़ी, तहसील नकुड, जनपद सहारनपुर के साथ हुई थी। पति अमृतपाल, ससुर सोमपाल, सास - सुनिता, ननद रीनू पर आरोप है कि वें अतिरिक्त दहेज के रूप में कार और पैसे की मांग कर रहे हैं। और बीच में दो बार करके 1लाख रुपये भी दे चुके हैं। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया है।

### लापता किशोरी को पुलिस ने किया बरामद

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई किशोरी को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया हैं, पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के एक गांव से दो दिन पूर्व एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर उनकी नाबालिक पुत्री को बहला फुसला कर भाग ले जाने का आरोप लगाकर अभियोग दर्ज कराया था। पुलिस ने अभियोग दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी थी। बुधवार को पुलिस ने किशोरी को क्षेत्र के दिल्ली रोड से सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर परिजनों को सूचना दे दी है। पुलिस ने किशोरी को बरामदकर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### किसान के नलकूप की दीवार तोड़ कर चोरी ,15 दिन में दूसरी वारदात



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी एक किसान के नलकूप पर चोरों ने धावा बोलते हुए नलकूप से हजारों रुपए के उपकरण चोरी कर लिए, पीड़ित किसान का आरोप है की 15 दिन में दूसरी बार उसकी ट्यूबवेल पर चोरी की घटना हुई है। पीड़ित ने पुलिस से शिकायतकर कार्रवाई की मांग की है, पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी किसान इलियास ने बताया कि उसके खेत गंगेरू मार्ग स्थित रजवाहे के निकट है। आरोप हैं कि बुधवार की दोपहर को वह अपने खेत पर गया तो उसके नलकूप की दीवार तोड़कर चोरों ने स्टार्टर ,केबल सहित आदि हजारों रुपए के उपकरण चोरी कर लिए। पीड़ित किसान का आरोप है 15 दिन में उसके नलकूप पर दूसरी बार चोरी की वारदात हुई है। पीड़ित ने पुलिस से शिकायतकर कार्रवाई की मांग की हैं,पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है। गौरतलब लगभग 20 दिन पूर्व थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली के भी कई किसानों के खेतों पर बने नलकूप पर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है।

### विशेष प्रेक्षकगणों की अध्यक्षता में कलैक्टेट सभागार में लोक सभा निर्वाचन में लगे प्रभारी अधिकारी सह प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**मुरादाबाद।** कलैक्टेट सभागार में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत विशेष सामान्य प्रेक्षक अजय बी नायक, विशेष प्रेक्षक पुलिस मनमोहन सिंह, विशेष व्यय प्रेक्षक राकेश कुटेजा एवं सामान्य प्रेक्षक कुमार राहुल, पुलिस प्रेक्षक रंजन कुमार शर्मा, व्यय प्रेक्षक शहर एवं ग्रामीण विधान सभा सतीश शितोले एवं व्यय प्रेक्षक विधान सभा ठाकुरद्वारा एवं बढ़ापुर संदीप गुहा की अध्यक्षता में निर्वाचन में लगे प्रभारी अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मा0 विशेष सामान्य प्रेक्षक द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्य करने के निर्देश दिये गये। बैठक में पोस्टल बैलेट, ई0वी0एम0 संबंधी, एम0सी0सी0 संबंधी, बेवकास्टिंग सहित अन्य निर्वाचन संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का अच्छे से निवर्हन करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र, अपर जिलाधिकारी न्यायिन शशि भूषण सहित समस्त निर्वाचन कार्यो में लगे प्रभारी अधिकारी एवं सह प्रभारी अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# भाजपाईयों ने जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने का किया आग्रह

पब्लिक एशिया ब्यूरो




**हापुड़।** नगर थाना क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता ने जनसंपर्क कर दूकान-दूकान जाकर व्यापारियो से भाजप के पक्ष में मतदान करना का आग्रह किया और भाजपा सरकार ने किस प्रकार देश के लिए कार्य है वह भी बताया गया। जानकारी के अनुसार नगर थाना क्षेत्र में गौशाला स्थित चुनाव कार्यालय से भाजपा के पदधिकारी व कार्यकर्ता एक साथ जनता से वोट मांगने के लिए स्वर्ग आश्रम रोड पर निकले। कार्यकर्ताओं ने दुकान दुकान जाकर व्यापारियों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए आग्रह किया व सरकार ने किस प्रकार देश के लिए कार्य किया है सर्व समाज के लिए कार्य किया है इन सभी विषयों को जनता के बीच में रखा। विधायक विजयपाल आढ़ती ने दूकान-दूकान जाकर व्यापारियों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए आग्रह करते हुए बताय कि भाजपा सरकार देश मे तरफ तीव्र गति से विकास कर रही है। चारो तरफ सड़के बन रही है, युवती व महिलाए सुरक्षित है, व्यापारी अमन व शांति के साथ अपना व्यापार कर पा रहे है। उन्होंने बताया जिस प्रकार 500 वर्ष बाद राम मंदिर की अस्थापना हुई है। उससे ऐसा प्रतित होता है कि जल्द ही भारत विकसित भारत होगा। इस अवसर पर विधायक विजयपाल आडती, प्रफुल्ल सारस्वत, संजय कृपाल, कपिल एस एम, श्यामेंद्र त्यागी, मोहन सिंह, डॉक्टर पायल गुप्ता, अलका निम, राहुल शर्मा, सुनील वर्मा, पवन गर्ग, मुदित गोयल, प्रशांत त्यागी, गौरव शर्मा, विनित दीवान, योगेंद्र पंडित, हितेश मोदी, जगदीश प्रधान, विनोद गुप्ता, हितेश कश्यप, सौदान सिंह, शशांक गुप्ता व सुयश वशिष्ठ समेत अनेक कार्यकर्ता रहे।

## भाजपा के खिलाफ क्षत्रिय स्वाभिमान महासम्मेलन में राजपूतो ने भरी हुकार

### समाज के लोगो की उपेक्षा नही की जाएगी बर्दाश्त

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**हापुड़।** धौलाना क्षेत्र के एनटीपीसी रोड पर क्षत्रिय स्वाभिमान महासम्मेलन शुरू हो गया है। हजारों की संख्या में राजपूत समाज इस महासम्मेलन में पहुंचा है। समाज के लोगों ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा के खिलाफ हुंकार भरी है। किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित क्षत्रिय समाज महासम्मेलन में भारी संख्या में भीड़ पहुंच रही है। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह ने कहा कि बीजेपी नेता लगातार क्षत्रियों के खिलाफ कुछ न कुछ बोल रहे हैं और उनके खिलाफ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ठाकुर बीजेपी का मूल वोट हैं। एक बैंक रहा है, लेकिन आज इसी वोट बैंक की उम्मीद की जा रही है। पहले टिकट वितरण में गड़बड़ी हुई, फिर अब ठाकुरों को कुचलने की कोशिश की जा रही है। पूरन सिंह बुधवार को धौलाना के एनटीपीसी रोड स्थित फार्म हाउस में क्षत्रिय स्वाभिमान सम्मेलन में बोल रहे थे। कार्यक्रम में मौजूद पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह की पोती मंजरी सिंह ने राजपूत से संगठित रहने का आह्वान किया और कहा कि सरकार द्वारा समाज के लोगों की उपेक्षा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। आज संगठित होकर इस सरकार को आईना दिखाने का समय है। कार्यक्रम के दौरान कई वक्ताओं ने बीजेपी के बहिष्कार का ऐलान किया। इस दौरान समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से यह संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## सुंदरपुर-शाकंभरी देवी मार्ग पर हुआ भीषण हादसा

अरविंद गोयल, पब्लिक एशिया

**बेहट।** बीती देर शाम सुन्दरपुर-शाकुम्भरी देवी मार्ग पर गांव खुशहालीपुर के समीप तेज रफ्तार एम्बुलेंस की चपेट में आकर बाइक सवार युवक और उसकी सगी बहन लहुलुहान हो गए, जब-तक मौके पर घायलों को अस्पताल लें जाने के लिए वाहन की व्यवस्था हुई तब तक युवक ने तड़पतड़पकर दम तोड दिया, घायल युवती को इलाज के लिए हायर सेंटर भेजा गया है। मिली जानकारी के मुताबिक बीती देर शाम कोतवाली बेहट क्षेत्र के गांव शाहबुदीनपुर निवासी सावेज पुत्र आजाद अपनी बहन शहजादी को बाइक पर साथ लेकर गांव भटपुरा (थाना फतेहपुर) से वाया सुन्दरपुर-शाकुम्भरी देवी मार्ग से घर वापस लौट रहा था। बताया जा रहा है कि जैसे ही वह खुशहालीपुर तिराहे के समीप पहुंचे तो सामने से कोई तेज रफ्तार एम्बुलेंस आ रही थी जिसकी चपेट में आकर बाइक सवार सावेज और उसकी बहन सड़क पर गिर पड़े और चोट ज्यादा लगने से दोनों लहुलुहान हो गए। इस दौरान आरोपी एंबुलेंस कार चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह घायलों को सड़क से उठाकर अस्पताल ले जाने के लिए गाड़ी का प्रबंध किया, बताया जा रहा है कि जब तक गाड़ी पहुंची तब तक सावेज (21 वर्ष) ने तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया था। सावेज की बहन शहजादी को उपचार के लिए देहरादून हायर सेंटर भेजा गया है। बिहारीगढ़ थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि सूचना के बाद मौके पर पहुंची बिहारीगढ थाना पुलिस ने मृतक सावेज के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद आरोपी कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## रामनवमी पर श्री शिरडी साईं सर्वदेव मंदिर में हुआ विशाल भंडारा का आयोजन

पब्लिक एशिया संवाददाता

**बरेली।** शहर के श्री शिरडी साई सर्वदेव मंदिर में रामलला विराजमान के उपरांत प्रथम रामनवमी पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर मंदिर के महंत पंडित सुशील पाठक ने बताया कि 500 वर्ष तक भगवान राम एक टेंट में रहे , बाद में भाजपा सरकार में रामलला का विशाल मंदिर निर्माण हुआ है यह क्षण हर सनातनी के लिए गर्व के हैं।

उन्होंने यह भीबताया कि राम लला के मंदिर में विराजमान होने के बाद प्रथम रामनवमी पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमे हजारों लोगों ने रामलला का प्रसाद ग्रहण किया।पंडित सुशील पाठक ने बताया कि इस मौके पर मंदिर में 9 दिवसीय उत्सव मनाया गया जिसमें नवापारायाण रामायण का पाठ के साथ साथ दुर्गा सप्तशती का विशेष पाठ किया गया। रामनवमी के दिन सुबह बाबा का अभिषेक हुआ। विशाल हवन किया जिसके उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। दोपहर 12 बजे शुरू हुए भंडारे में देर रात तक भक्तों के रामलला का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर वन एवं पर्यावरण मंत्री कैन्ट विधायक क संजीव अग्रवाल ,पुस्पेन्दू शर्मा, विशेष कुमार ,गौरव अरोरा संजय आयलानी ,अनुपम टीबडेबाल, बिजेंद्र शर्मा, ममता शर्मा, नरेन्द्र मिश्रा, संजय कालरा, मनीश अग्रवाल, अजय कश्यप, शिवांगी ,नीरज अग्रवाल ,शोभित श्रीवास्तव ,अभिषेक पाठक, इन्द्रेश ,सबिता ,मीनू ,निक्कू आदि अनेक गणमान्य भक्तो का सहयोग रहा।

# भीमनगरी मंच पर बीजेपी प्रत्याशी एसपी सिंह बघेल के स्वागत के विरोध में जाटव समुदाय

» फर्जी अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र बनाने का दावा

» आर्थिक तौर संपन्न बघेल जाति पिछड़ी जाति में है अंकित

» एससी आयोग से लेकर हाईकोर्ट तक हो चुकी है शिकायतें

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**आगरा।** अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र पर चुनाव लड़ रहे बीजेपी उम्मीदवार एसपी सिंह बघेल का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। उनके प्रमाण पत्र की शिकायत चुनाव आयोग से लेकर हाईकोर्ट तक की गई, लेकिन मामले में अभी कोई निर्णय सामने नहीं आया है। ताजा मामला भीमनगरी मंच पर हुए स्वागत को लेकर खड़ा हो गया है। मंच पर स्वागत करने वाले केंद्रीय कमेटी के सदस्यों के विरोध में जाटव समुदाय लामबंद है। भीमनगरी के पदाधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी की जा रही हैं।

14 अप्रैल बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अगले दिन आयोजित होने वाली भीमनगरी के मंच पर बीजेपी प्रत्याशी एसपी सिंह बघेल का स्वागत किया गया। एसपी सिंह बघेल पर आरोप है कि उन्होंने अपना अनुसूचित जाति का फर्जी प्रमाण पत्र बनवाया है। टेढ़ी बगिया के रहने वाले नितिन प्रताप सिंह जाटव का कहना है कि बघेल जाति पिछड़ी जाति में दर्ज है। उनके खिलाफ कई शिकायतें अनुसूचित जाति आयोग, चुनाव आयोग, हाईकोर्ट आदि में की गई हैं। रिटायर आईएएस डॉ. चंद्रपाल, श्याम सिंह बोधी, पूर्व विधायक राकेश बाबू, अधिवक्ता सुरेश चंद सौनी समेत कई लोगों ने इसकी शिकायत की है। साल 2017 में एसपी सिंह बघेल ने पहली बार एससी सीट पर विधानसभा का चुनाव लड़ा था। तब भी उनके खिलाफ शिकायत की गई थी। इसके बाद एसपी सिंह बघेल ने 2019 में लोकसभा आगरा की सुरक्षित सीट से चुनाव लड़ा था और सासंद बन गए। एक बार फिर से वे 2024 लोकसभा का चुनाव सुरक्षित सीट से लड़ रहे हैं।

### समाज के ठेकेदार बने गद्दार

नितिन प्रताप सिंह जाटव का कहना है कि एसपी सिंह बघेल अनुसूचित जाति का हक खा रहे हैं। उनका विरोध होना चाहिए, लेकिन अपने आप को जाटव समुदाय के ठेकेदार बताने वाले करतार सिंह भारतीय, धर्मेंद्र सौनी समेत तमाम भीमनगरी आयोजन समिति से जुड़े लोग एसपी सिंह बघेल का स्वागत करके उनका हौंसला अफजाई कर रहे हैं। अगर ऐसा ही होता रहा तो पूरा बघेल समाज अनुसूचित जाति में दर्ज हो जाएगा और पहले से ही आर्थिक तौर पर संपन्न बघेल समाज अनुसूचित जाति को गर्त में ले जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी है कि समाज के ठेकेदारों का बहिष्कार किया जाएगा। उनके खिलाफ मोर्चा खोल जगह-जगह पुतले दहन किए जाएंगे।

## मौसम की मारना पड़ी तो आम की बंपर फसलहोने का अनुमान

रमेश गोयल पब्लिक एशिया

**पुरकाजी »** गत वर्ष आम की फसल पर पड़ी कुदरती मार से आम का स्वाद गरीबों की पहुंच से दूर रहा था तथा बाघ ठेकेदारों को आम की फसल कम और बर्बाद होने से काफी नुकसान उठाना पड़ा था लेकिन इस बार आम के पेड़ पर बोर को देखते हुए तथा आम की बैठक से आम की बंपर फसल होने का अनुमान है क्योंकि आम के पेड़ों पर आम की बैठक से बागों के आसपास का वातावरण आम की सुगंधित से पूरी तरह से सराबोर है। फलों का राजा आम जिसका स्वाद सभी को बहुत पसंद है लेकिन पिछली बार मौसम के बिगड़े मिजाज तथा कुदरतीमार के चलते जहां आम लोगों की पहुंच से आम का स्वाद कोसों दूर हो गया था तथा बाघ ठेकेदारों को भी आम की फसल कम तथा मौसम की मार के कारण काफी नुकसान उठाना पड़ा था।

## चुनाव में पुलिस रख रही सोशल मीडिया पर पैनी नजर, गलत पोस्ट वायरल करने वाले पहुंचेंगे जेल

मुकेश कुशवाह, पब्लिक एशिया

**मथुरा »** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस-प्रशासन ने कमर कस ली है । पुलिस हर हाल में शांतिपूर्ण चुनाव कराने को प्रयासरत है । पुलिस ने इंटरनेट मीडिया की भी निगरानी शुरू कर दी है । फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सएप आदि सभी सोशल मीडिया पुलिस के निशाने पर हैं । करीब 100 से अधिक ग्रुपों की पुलिस निगरानी कर रही है । भड़काऊ पोस्ट डालने पर संबंधित के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके जेल भेजा जाएगा । पहले चुनाव प्रचार का माध्यम पोस्टर, बैनर और पंपलेट होते थे लेकिन विगत कुछ चुनाव से प्रचार का तरीका भी हाईटेक हो गया है । आज हर एक घर में स्मार्ट फोन हैं, ऐसे में सभी दलों ने प्रचार का माध्यम इंटरनेट मीडिया को बना लिया है । हर एक दल और प्रत्याशी वॉट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम आदि के जरिए ग्रुपों के माध्यम से अपना प्रचार-प्रसार कर रहे हैं । तमाम लोग ऐसे भी होते हैं जो गलत संदेश भी प्रसारित करते हैं । अब जबकि चुनाव चल रहा है, ऐसे में जिले की पुलिस ने इंटरनेट मीडिया की निगरानी बढ़ा दी है । एसएसपी आवास में बने इंटरनेट मीडिया सेल की सक्रियता चुनाव को लेकर और बढ़ा दी गई है । वहां शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई हैं । करीब 100 से अधिक ग्रुपों की पुलिस लगातार निगरानी कर रही है । एसपी ग्रामीण त्रिगुण बिसेन ने बताया कि मीडिया सेल चुनाव को लेकर सक्रिय कर दी गई है । कहा कि 24 घंटे वॉट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम आदि के सोशल मीडिया पर नजर रखी जा रही है ।

# रामनवमी पर माँ वैष्णों धाम पर हुआ विशाल भंडारा व माता की चौकी का भव्य आयोजन

## चैत्र नवरात्रि में पूरे नौ दिन लगा रहा, माँ वैष्णो धाम पर मेला

लायक हुसैन, पब्लिक एशिया





**गाजियाबाद।** बुधवार को सपनावत के माँ वैष्णो धाम मंदिर पर रामनवमी के शुभ अवसर पर विशाल भंडारे के साथ माता रानी की चौकी का भव्य आयोजन किया गया। माँ वैष्णो धाम मंदिर सेवा समिति की ओर से वैष्णो धाम पर प्रत्येक वर्ष चैत्र नवरात्रों में माता रानी की चौकी का आयोजन किया जाता है। तथा पूरे नवरात्रों मंदिर पर मेले के आयोजन में भक्तों का तांता लगा रहता है। इस अवसर पर पूरे मंदिर को फूलों के साथ रंग बिरंगी चुनरी आदि से भव्य रूप से सजाया गया। माता की चौकी के आयोजन में बुलंदशहर की सुप्रसिद्ध विनीत एण्ड लोकेश पार्टी के द्वारा सुनाए भजनों पर श्रद्धालु गण जमकर झूमे तथा पूरा मंदिर प्रांगण माता रानी के जयकारों से गूंज्यमान रहा। बुधवार को ही माँ वैष्णो धाम के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता व रश्मि गुप्ता के विवाह की वर्षगांठ भी रही। जिसके फल स्वरुप सैकड़ो लोगों ने गुप्ता दंपति को शुभकामनाएं भी भेंट की। इस अवसर पर मुख्य रूप से संजीव कुमार गुप्ता, राजीव गुप्ता, रश्मि गुप्ता, सीमा गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, सुरभि गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, तुषार गुप्ता, तनुज गुप्ता, तुषार गुप्ता, तास्विक गुप्ता, टियारा गुप्ता, रेनू गोयल, राकेश गोयल, प्रदीप गुप्ता, रोहित गोयल, उमेश गर्ग, अंजलि गर्ग,निशा गोयल, धीरज गोयल, नीरज गोयल, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहें।

## पेड़ पर लटका मिला शिक्षक का शव, पुलिस जांच में जुटी

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में गांव मसौता के जंगल में मेवात (हिरयाणा) के नूंह के गांव सूद ताबडो निवासी एक 26 वर्षीय शिक्षक सुरेंद्र का शव जामुन के पेड़ पर लटका मिला। शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना मिलने पर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने पुलिस को बताया कि पिछले दो दिनों से शिक्षक किसी मानसिक तनाव में था।

मृतक हरियाणा से एक ट्राला में बैठकर घटना स्थल तक पहुंचा था और देर रात मृतक की वार्ता अपनी मां से भी हुई थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दरअसल, गांव लाखन निवासी अनिल का मसौता के जंगल में खेत है। जिसमें गेहूं की फसल है। जब वह अपने खेत पर पहुंचे तो खेत के बीच में जामुन के पेड़ पर उन्हें एक युवक का शव लटका हुआ मिला। जिसकी सूचना उन्होंने तुरंत ही पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पेड़ से उतारा और उसके कपड़ों से मिले दस्तावेजों से मृतक की पहचान की और घटना की जानकारी उनके परिजन को दी। हरियाणा के जिला नूंह के गांव सूद ताबड़ों निवासी शिक्षक धर्मपाल के दूसरे नंबर के बेटे सुरेंद्र भी एक प्राइमरी पाठशाला में डेढ़ वर्ष पूर्व शिक्षक के पद पर तैनात हुए थे। वह अपने घर से विद्यालय के लिए निकले थे, जब वह देर रात तक घर नहीं पहुंचे तो परिजन ने उन्हें फोन किया, लेकिन उनका फोन बंद था। उनकी फोन पर अपनी मां से बात हुई थी, जिसमें मृतक ने अपनी मां से बताया था कि उसे कुछ अच्छा नहीं लग रहा है और वह हरियाणा से ट्रोला में बैठकर पिलखुवा के जंगल तक पहुंचा है। पिलखुवा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पेड़ पर एक युवक के शव लटके हुए मिलने की सूचना मिली थी। शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है।

पब्लिक एशिया
नई दिल्ली, गुरुवार, 18 अप्रैल, 2024

प्रधानमंत्री मोदी ने तमिल संस्कृति और भाषा को अंतरराष्ट्रीय मंच पर लाने का विश्वास दिलाया है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से प्रगति हुई है। एक दशक पुराने राजग शासन के दौरान 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। प्रधानमंत्री मोदी के गतिशील नेतृत्व में गांवों को मजबूत किया गया है, उन्हें सशक्त बनाया गया है। स्वास्थ्य से लेकर शिक्षा तक, गांवों से शहरों तक, बुनियादी ढांचे से लेकर रक्षा तक सभी क्षेत्रों में विकास को सुनिश्चित किया गया है।

-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा



## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने कार्य प्रगति की समीक्षा की

**स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं की समीक्षा**

**ग्रीष्मकालीन भीड़ की व्यवस्थाओं पर बल**

**समयपालनबद्धता में सुधार पर बल**



नई दिल्ली, संवाददाता। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री शोभन चौधुरी ने उत्तर रेलवे के विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं जैसे प्लेटफार्मों के विस्तार, प्लेटफार्मों के स्तर में वृद्धि, वॉशेबल एप्रन, दूसरे प्रवेशद्वार का प्रावधान, फुट ओवर ब्रिज, एस्केलेटर, दिव्यांगजनों के लिए लिफ्ट की सुविधा, अग्रभाग सहित स्टेशन भवन में सुधार आदि पर ध्यान केंद्रित करते हुए उत्तर रेलवे की कार्य प्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने ग्रीष्मकाल में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ की निकासी के लिए विशेष ट्रेनों के संचालन, स्टेशनों पर अन्य व्यवस्थाओं जैसे प्लेटफार्मों की साफ-सफाई, प्लेटफार्मों पर पीने के पानी की उचित आपूर्ति, टिकट बुकिंग के लिए अतिरिक्त खिड़कियां खोलने आदि के लिए किए जाने वाले कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी मौजूदा वाटर कूलर कार्यशील रहे और सभी प्लेटफार्मों पर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए स्टेशनों पर नियमित निरीक्षण किए जाए। श्री चौधुरी ने रेलगाड़ियों के निर्बाध संचलन के लिए रेलपथों के साथ-साथ रिले और पैनल रूमों पर विद्युत सुरक्षा पर ध्यान केन्द्रित करने पर बल दिया। उन्होंने रेल परिचालन में मानवीय भूलों को कम करने पर जोर दिया। उन्होंने प्रमुख विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों से समयपालनबद्धता को बनाए रखने और संरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मालभाड़ा लदान की गति बढ़ाने के लिए कहा । उन्होंने आगे कहा कि निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी प्रणाली पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए क्योंकि रेलवे का विकास बहुत हद तक इन परियोजनाओं पर निर्भर करता है। उन्होंने विभागाध्यक्षों से विशेष निर्माण परियोजनाओं को निर्धारित समय में पूरा करने के लिए कहा । उत्तर रेलवे अपने उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित, सुगम और बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### पूर्व पार्षद प्रत्याशी कुंती देवी व राजेश टांके ने सपा को टाटा बॉय-बॉय कह भाजपा का दामन थामा










गाजियाबाद, पब्लिक एशिया। संजीव शर्मा महानगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद के द्वारा श्रीमति कुंती देवी (पूर्व पार्षद प्रत्याशी वार्ड नंबर 4 गाजियाबाद व जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा गाजियाबाद) और उनके समर्थक वेद राम, तुषार कुमार, विकास, इशांत कुमार, सागर, प्रदीप,राजेश कुमार टॉक आदि लोगों को महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा व मनवीर सिंह राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, राजीव अग्रवाल जिला महामंत्री, विजय मोहन, आशु वर्मा जी पूर्व मेयर, अजय शर्मा लोकसभा प्रभारी गाजियाबाद, बॉबी त्यागी, गौरव त्यागी पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष, सुरेंद्रनागर पार्षद, व पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी के द्वारा भारतीय जनता पार्टी परिवार में शामिल कराया गया और भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। बता दें कि कुंती देवी और उनके पति राजेश कुमार टांक सहित समस्त सपा परिवार के साथ आज महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा की मौजूदगी में भाजपा परिवार का हिस्सा बन पार्टी और मोदी जी व योगी जी के नेतृत्व वाली सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। साथ ही पार्टी नेतृत्व के पदाधिकारियों को निराशा हाथ नहीं लगने दूंगी।

### राजस्थान में लोकसभा चुनाव में फेसिलिटेशन सेंटर्स पर अब तक एक लाख 52 हजार 812 मत डाले

जयपुर। राजस्थान में लोकसभा चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिकों, पुलिस अधिकारियों आदि द्वारा सभी जिलों में बने फेसिलिटेशन सेंटर्स पर अब तक एक लाख 52 हजार 812 मत डाले गए हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि इनमें से अब तक 72987 पुलिसकर्मी, 10927 आरएसी 910, जीआरपी, 67597 मतदानकर्मी तथा 391 प्राइवेट (चालक) द्वारा मताधिकार का उपयोग किया गया। श्री गुप्ता ने बताया कि प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों एवं अन्य जिलों में चुनाव कार्य में नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र से मतदान करने के लिए फेसिलिटेशन सेंटर स्थापित किये गए हैं। इन केंद्रों पर 18 अप्रैल तक पहले चरण तथा 25 अप्रैल तक दूसरे चरण के लोकसभा क्षेत्रों में विभिन्न दिवसों पर मतदान किया जा सकेगा। श्री गुप्ता ने निर्देश दिये हैं कि उक्त सुविधा केन्द्रों के अतिरिक्त प्रत्येक रिटर्निंग अधिकारी स्वयं के कार्यालय में एक सुविधा स्थापित करना सुनिश्चित करेंगे।

### राजस्थान में अब तक 64 हजार से अधिक बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने किया घर से मतदान

जयपुर। राजस्थान में लोकसभा चुनाव में अब तक 64 हजार से अधिक बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता घर से ही अपने मताधिकार का उपयोग कर चुके हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के अंतर्गत प्रदेश में 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाता भारत निर्वाचन आयोग की पहल पर पहली बार घर से ही उत्साहपूर्वक मतदान कर रहे हैं और प्रदेश में अब तक हुई होम वोटिंग में 64 हजार 608 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाता अपना वोट डाल चुके हैं। इनमें 48 हजार 989 बुजुर्ग तथा 15 हजार 119 दिव्यांग मतदाताओं ने घर से मतदान करने की सुविधा का लाभ लिया है। श्री गुप्ता ने बताया कि प्रथम चरण के 25 लोकसभा क्षेत्रों के लिए पात्र 76,068 पात्र मतदाताओं के फॉर्म स्वीकृत किए गए हैं। इनमें 58,659 वरिष्ठ नागरिक और 17,409 दिव्यांग शामिल हैं। विशेष मतदान दल ऐसे मतदाताओं के घर जाकर पूरी गोपनीयता के साथ डाक मतपत्र के माध्यम से उनका मतदान करवा रहे हैं। प्रथम चरण के लोकसभा क्षेत्रों में होम वोटिंग के लिए मतदान की प्रक्रिया 5 से 13 अप्रैल तक चली थी।

**घोषणापत्र में ममता बनर्जी ने दी ये गारंटी**

# मुफ्त एलपीजी सिलेंडर, सबको घर और युवाओं को रोजगार

**तृणमूल कांग्रेस ने अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी किया**

**इस घोषणा पत्र में 10 वादों का उल्लेख किया गया**

**सीएए, एनआरसी और यूनिफॉर्म सीविल कोड को लेकर किए ये वादे**



कोलकाता, एजेंसी। लोकसभा चुनाव का पहला चरण शुरू होने से दो दिन पहले बुधवार को तृणमूल कांग्रेस ने अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी किया। इस घोषणा पत्र में 10 वादों का उल्लेख किया गया है। पार्टी संयोजक ममता बनर्जी ने बार-बार आश्वासन दिया है कि बंगाल में कोई नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) और समान नागरिक संहिता (यूसीसी) नहीं होगी।

TMC ने अपने घोषणा पत्र में वादा किया है कि केंद्र में सरकार बनने पर वह सीसीए (नागरिकता संशोधन अधिनियम) को रद्द कर देगी। साथ एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर) की प्रक्रिया रोक दी जाएगी। यूनिफार्म सिविल कोड (यूसीसी) को लागू नहीं करने का वादा किया है। टीएमसी का घोषणा पत्र जारी करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि दीदी की शपथ के साथ हम हर भारतीय को रोजगार की गारंटी, सभी को घर, मुफ्त एलपीजी सिलेंडर, किसानों को एमएसपी, एससी-एसटी और ओबीसी छात्रों को छात्रवृत्ति देने वादा करते हैं।

**रामनवमी का ही दिन क्यों चुना?**

TMC के घोषणा पत्र की खास बात यह है कि इसे जारी करने के लिए पार्टी ने रामनवमी का दिन चुना। राज्य में मुख्य विपक्षी भाजपा तृणमूल कांग्रेस और ममता सरकार पर लगातार मुस्लिम तुष्टीकरण का आरोप लगाती रही है। ऐसे में रामनवमी पर घोषणापत्र जारी करने के कदम को हिंदू वोटों को साधने के लिए तृणमूल की रणनीति का हिस्सा बताया जा रहा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रधान मुख्य सलाहकार डॉ. अमित मित्रा ने घोषणा पत्र जारी करने के बाद कहा कि एनआरसी को रोका जाएगा। यूसीसी को पूरे देश में लागू नहीं किया जाएगा। भाजपा लोकतंत्र के बुनियादी ढांचे को नष्ट कर रही है। जब वे दिल्ली गए तो हमारे नेतृत्व को अपमानित किया गया। हम इन सभी प्रमुख मुद्दों के खिलाफ लड़ेंगे।

## अयोध्या में रामनवमी पर रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, हनुमानगढ़ी में भी लगा भक्तों का तांता

**अयोध्या, एजेंसी**

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार अयोध्या के राम मंदिर में रामनवमी मनाई जा रही है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि श्री रामनवमी की पावन बेला में आज, श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्रभु श्री रामलला सरकार का दिव्य अभिषेक किया गया। सुबह से ही भक्तों की उमड़ी भीड़ है। रामनवमी के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या में राम मंदिर में भगवान रामलला के दर्शन करने के लिए पहुंचे हैं। रामनवमी के अवसर पर अयोध्या में राम मंदिर के साथ ही हनुमानगढ़ी में भी बड़ी संख्या में भक्तों की रौनक है।रामनवमी पर अयोध्या में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अयोध्या रेंज के आईजी प्रवीण कुमार ने बताया, व्यवस्था पहले से ही की गई है। हमने इलाकों को दो सेक्टर में बांटा है।दर्शन सुबह 3:30 बजे से शुरू हो गए हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने एक्सा पर तस्वीसरें शेयर करते हुए लिखा, ह्लश्री रामनवमी की पावन बेला में आज, श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्रभु श्री रामलला सरकार का दिव्य अभिषेक किया गया। धर्म के जानकारों का कहना है कि बुधवार दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में रामलला का 3 मिनट तक सूर्य तिलक होगा। सुबह 3:30 बजे से मंदिर के कपाट खुल गए हैं। हालांकि, आम दिनों में कपाट 6.30 बजे खुलते हैं। श्रद्धालु रात 11.30 बजे तक (20 घंटे) दर्शन कर सकेंगे। सुबह कपाट खुलने के बाद रामलला का दूध से अभिषेक, फिर श्रृंगार किया गया। इस दौरान भक्त रामलला का दर्शन भी करते रहे। सुबह 5 बजे मंगला आरती हुई। राम जन्मभूमि परिसर में लंबी लाइनें लगी हैं।राम पथ, भक्ति पथ और जन्मभूमि पथ पर काफी भीड़ है। शयन आरती के बाद रात 11:30 बजे रामलला के कपाट बंद किए जाएंगे। उधर, रामनवमी पर 40 रामभक्त जयपुर से 700 किलोमीटर पैदल चलकर अयोध्या पहुंचे हैं। रामभक्तों का कहना है कि 21 मार्च को सिर पर 750 ग्राम चांदी की चरण पादुका, अखंड ज्योति और ध्वजा लेकर रवाना हुए थे।

## उत्तर प्रदेश डार्टस संघ ने गाजियाबाद डार्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में छाबरा बैंक्वेट हॉल मे 8वी उत्तर प्रदेश डार्ट्स खेल चैंपियनशिप 2024 का आयोजन किया गया









**गाजियाबाद, संवाददाता**

डार्ट्स एकमात्र ऐसा खेल है जिसमें सभी आयु वर्ग के खिलाड़ी समान उत्साह के साथ भाग ले सकते हैं। इस परतियोगिता ने प्रदेश टीम का चयन किया गया जो 24-26 मई 2024 में कोलकाता में नेशनल डार्ट्स चैंपियनशिप के लिए उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी । इस चैंपियनशिप मे गाजियाबाद, मेरठ, नोएडा, आगरा, कानपुर, उन्नाव, बाराबंकी, लखनऊ, वाराणसी सहित 15 टीम ने प्रतिभाग किया । प्रतियोगिता का उद्घाटन STAIRS के स्कूल इकाई के राष्ट्रीय सचिव श्री दिवयांश गर्ग और वैश्विक युवा एवं खेल परिषद के चयरमेन श्री अनिल सिंह खेरा ने किया । डार्टस खेल विश्व स्तर पर तेजी ने उभरता हुआ खेल है जो की यूरोप, अमेरीका और एशिया के कई देश जिनमे जापान थायलैंड फिल्लिपिनेस मे मान्यता प्राप्त खेल है । इस अवसर पर मेरठ मण्डल के पत्रकार असोशिएशन के अध्यक्ष एवं एसएसडी जैन पब्लिक स्कूल के प्रबन्धक श्री अजय जैन ने अपने सभी स्कूल मे डार्टस खेल को शामिल करने की घोषणा करी। इस प्रतियोगिता मे विभिन्न स्कूल आयु वर्ग में अंडर 14, अंडर 18 और ओपन एज ग्रुप जूनियर और सीनियर ग्रुप, मास्टर्स ग्रुप के साथ पत्रकार एवं अधिकारी वर्ग को भी सम्मिलित किया गया । इस प्रतियोगिता मे एकल वर्ग मे पहले और दूसरे स्थान मे आने वाले खिलाड़ी उत्तर प्रदेश टीम से कोलकाता मे होने वाली 22वी नेशनल डार्टस प्रतियोगिता मे शामिल होंगे । प्रतियोगिता के समापन समोरोह मे श्री विवेक त्यागी जी एवं श्री अनिल कौशिक जी ने सभी खिलाड़ियो को पुरस्कार प्रदान किया । इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र मे 3 बार की अंतर राष्ट्रीय पदक विजेता, मास्टर एथ्लेटिक्स मे पदक धारक और रॉयल किड्स स्कूल चैन की निर्देशक रिचा शूद ने सभी खिलाड़ियो को नेशनल प्रतियोगिता के चयन पर बधाई दी और स्वम भी ओपेन मास्टर आयु वर्ग मे प्रतिभाग करने की इच्छा जाहीर करी । प्रतियोगिता समापन पर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमन सचान एवं प्रदेश सचिव श्री राम सीसोदिया जी ने सभी सम्मानित अतिथिवो का धन्यवाद दिया और आसवशन दिया की प्रदेश टीम नेशनल प्रतियोगिता मे भी उम्दा प्रदर्शन करेगी ।

### प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड के जमीन घोटाला केस में झामुमो नेता अंतू तिर्की समेत चार को गिरफ्तार किया

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के बहुचर्चित जमीन घोटाला केस में आज (बुधवार) झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता अंतु तिर्की, प्रियरंजन सहाय, रियल एस्टेट कारोबारी विपिन सिंह एवं इरशाद को गिरफ्तार किया है। इनके ठिकानों पर मंगलवार सुबह छापा मारा गया था। इन सभी को देररात रांची स्थित ईडी कार्यालय लाया गया। पूछताछ की गई। इसके बाद इनको गिरफ्तार किया गया। ईडी ने अंतू तिर्की के बरियातू मेडिकल चौक स्थित आवास, विपिन सिंह के मोरहाबादी स्थित आवास, खेलगांव स्थित शेखर कुशवाहा के ठिकानों के साथ कोकर में प्रियरंजन सहाय और कपड़ा कारोबारी इरशाद के ठिकाने पर छापा मारा था। इस केस में निदेशालय झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जनवरी में गिरफ्तार कर चुका है। हेमंत फिलहाल राजधानी रांची के होटवार में स्थित बिरसा मुंडा जेल में बंद हैं।

## देशभर में धूमधाम से मनाई जा रही है रामनवमी, अयोध्याधाम में रामलला सरकार का किया गया दिव्य अभिषेक


**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश में आज रामनवमी की धूम है। सुबह से मंदिरों के बाहर लोग मंदिरों के बाहर कतारबद्ध हैं। दिल्ली के झंडेवालान मंदिर, कालकाजी शक्ति पीठ और छतरपुर मंदिर में लोग मां दुर्गा के रूपों की पूजा-अर्चना कर रहे हैं।

अयोध्याधाम में 500 साल के लंबे इंतजार के बाद प्रभु श्रीराम के जन्म स्थान बने भव्य-दिव्य मंदिर में रामनवमी का त्यौहार धूम-धाम से मनाया जा रहा है।

अयोध्याधाम में सूर्यवंशी भगवान श्रीराम के माथे पर स्वयं सूर्यदेव तिलक करेंगे। भगवान रामलला के ललाट पर सूर्य किरण 12 बजकर 16 मिनट पर करीब पांच मिनट तक पड़ेगी। इसके लिए महत्वपूर्ण तकनीकी व्यवस्था की गई है। वैज्ञानिक इस अलौकिक पल को पूरी भव्यता से प्रदर्शित करने के लिए जुटे हुए हैं। आज रामलला भक्तों को 19 घंटे दर्शन देंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सिर्फ राम जन्मोत्सव के दिन यानी 17 अप्रैल को ही दर्शन की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया है। सुबह 3:30 बजे से भक्तों को दर्शन कराए जा रहे हैं। रात 11 बजे तक श्रृंगार, राग-भोग और दर्शन साथ-साथ चलेंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने सुबह श्री राम जन्मभूमि मंदिर में राम लला का दिव्य अभिषेक किया। बेंगलुरु में रामनवमी के अवसर पर कोदंड राम स्वामी मंदिर में विशेष पूजा की गई है। गुजरात में सूरत के मंदिरों में भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए मंदिर पहुंच रहे हैं। ओडिशा के पुरी में रामनवमी के अवसर पर रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने रेत से भगवान राम की मूर्ति बनाई। हरियाणा में पंचकूला के मनसा देवी मंदिर में लंबी कतार लगी हुई है। कटरा में माता वैष्णो देवी मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की शक्तिपीठों में भी लोग मां के दर्शन कर रहे हैं।

### अयोध्या में सूर्य की किरणों से रामलला का हुआ सूर्याभिषेक



अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहली रामनवमी है। इसीलिए यह रामनवमी खास और ऐतिहासिक है। आज रामलला के मस्तक पर सूर्य की किरणों से सूर्याभिषेक हुआ। इस मौके पर विशेष पूजा अर्चना की गई। रामनवमी के असवर पर भगवान रामलला का सूर्याभिषेक किया गया। सूर्य की किरणों से रामलला का सूर्याभिषेक किया गया। राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा, रामलला को छप्पन भोग लगाया गया। आज रामनवमी का मेला है। भक्त प्रार्थना कर रहे हैं और आज सब कुछ विशेष है। उन्होंने बताया कि सूर्य तिलक के साथ ही रामलला का जन्म हो गया। मंदिर में आरती की गई। सूर्य तिलक के बाद कुछ देर के लिए रामलला का पट बंद कर दिया गया।इससे पहले जगद्गुरु राघवाचार्य ने 51 कलशों से भगवान रामलला का अभिषेक किया।बुधवार सुबह 3.30 बजे मंदिर के कपाट खुल गए, आम दिनों में यह 6.30 बजे खुलते हैं। श्रद्धालु रात 11.30 बजे तक, यानी 20 घंटे दर्शन कर सकेंगे।

### कुकी संगठन ने अपने सदस्यों से कहा, लोकसभा चुनाव में मतदान से दूर रहें

इंफाल। कुकी-जोमी आदिवासी समुदाय की शीर्ष संस्था कुकी इनपी सदर हिल्स (केआईएसएच) ने मंगलवार को अपने सदस्यों को आगामी लोकसभा चुनाव में भाग लेने से दूर रहने का निर्देश दिया। केआईएसएच की प्रचार शाखा ने एक बयान में यह स्पष्ट कर दिया कि लोकसभा चुनावों के लिए उनका दृष्टिकोण बहिष्कार करना नहीं है, बल्कि मतदान से दूर रहने का विकल्प चुनना है। बयान में कहा गया है कि 18वीं लोकसभा चुनाव में कुकी-जोमी समुदाय से कोई उम्मीदवार नहीं है। आदिवासियों के लिए आरक्षित बाहरी मणिपुर संसदीय क्षेत्र में चार उम्मीदवारों के बीच एक सर्वसम्मति वाले उम्मीदवार का चयन करने का प्रयास किया गया था। हालांकि, सर्वसम्मति नहीं बन सकी। इसलिए, कुकी इंपी मणिपुर द्वारा स्वीकार किए गए सभी हितधारकों के साथ तालमेल कर आगामी चुनाव में मतदान से दूर रहने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

**शुभकामनाएं** ये श्रीराम की परम कृपा है कि इसी वर्ष अपने कोटि-कोटि देशवासियों के साथ मैं अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा का साक्षी बना...

# पीएम मोदी-शाह ने देशवासियों को दी रामनवमी की शुभकामनाएं



**नई दिल्ली,एजेंसी**

देशभर में बुधवार को रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने देशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी। पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया, देशभर के मेरे परिवारजनों को भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी की अनंत शुभकामनाएं! इस पावन अवसर पर मेरा मन भावविभोर और कृतार्थ है। ये श्रीराम की परम कृपा है कि इसी वर्ष अपने कोटि-कोटि देशवासियों के साथ मैं अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा का साक्षी बना। अवधपुरी के उस क्षण की स्मृतियां अब भी उसी ऊर्जा से मेरे मन में स्पंदित होती हैं। पीएम मोदी ने एक और पोस्ट करते हुए लिखा, यह पहली रामनवमी है, जब अयोध्या के भव्य और दिव्य राम मंदिर में हमारे राम लला विराजमान हो चुके हैं। रामनवमी के इस उत्सव में आज अयोध्या एक अप्रतिम आनंद में है। 5 शताब्दियों की प्रतीक्षा के बाद आज हमें ये रामनवमी अयोध्या में इस तरह मनाने का सौभाग्य मिला है। यह देशवासियों की इतने वर्षों की कठिन तपस्या, त्याग और बलिदान का सुफल है। पीएम मोदी ने आगे लिखा, प्रभु श्रीराम भारतीय जनमानस के रोम-रोम में रचे-बसे हैं, अंतर्मन में समाहित हैं। भव्य राम मंदिर की प्रथम रामनवमी का यह अवसर उन असंख्य राम भक्तों और संत-महात्माओं को स्मरण और नमन करने का भी है, जिन्होंने अपना पूरा जीवन राम मंदिर के निर्माण के लिए समर्पित कर दिया। मुझे पूर्ण विश्वास है कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जीवन और उनके आदर्श विकसित भारत के निर्माण के सशक्त आधार बनेंगे। उनका आशीर्वाद आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। प्रभु श्रीराम के चरणों में कोटि-कोटि नमन और वंदन! केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी देशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी।

### प्रधानमंत्री मोदी ने चंद्रशेखर की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की और एक अनुकरणीय नेता के तौर पर उनकी सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने जमीनी स्तर से उठकर देश की प्रगति में अपना बहुमूल्य योगदान दिया था। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, उन्हें गरीबों और वंचितों की सेवा करने के लिए याद किया जाता है। वह आपातकाल का विरोध करने और हमारे लोकतांत्रिक आदर्शों की रक्षा करने में भी सबसे आगे थे। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर का जन्म 1927 में उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में हुआ था। वह एक समाजवादी नेता थे जिन्होंने कुछ समय के लिए अल्पमत सरकार का नेतृत्व किया था।

### अतुलनीय आनंद में है अयोध्या नगरी: प्रधानमंत्री मोदी ने रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को देशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दीं और कहा कि अयोध्या नगरी अतुलनीय आनंद में है क्योंकि वहां राम मंदिर बनने के बाद यह पहली रामनवमी है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा, अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली रामनवमी एक मील का पत्थर है जो सदियों की भक्ति को आशा और प्रगति के एक नए युग से जोड़ती है। यह वह दिन है जिसका करोड़ों भारतीयों को इंतजार था। उन्होंने कहा कि यह देशवासियों की वर्षों की मेहनत और बलिदान का फल है। रामनवमी का त्योहार भगवान राम के जन्मोत्सव पर मनाया जाता है और हाल ही में उसी स्थान पर राम मंदिर का निर्माण किया गया है जहां ऐसी मान्यता है कि भगवान राम का जन्म हुआ था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, प्रभु श्री राम का आशीर्वाद हम पर हमेशा बना रहे और हमारे जीवन को ज्ञान और साहस से रोशन करते हुए हमें धर्म और शांति की ओर ले जाए।मोदी ने कहा कि इस पावन अवसर पर मेरा मन भावविभोर और कृतार्थ है। ये श्रीराम की परम कृपा है कि इसी वर्ष अपने देशवासियों के साथ मैं अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा का साक्षी बना। उस क्षण की स्मृतियां अब भी उसी ऊर्जा से मेरे मन में बसी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, भगवान राम भारतीयों के रोम-रोम में बसे हैं। रामनवमी उन असंख्य राम भक्तों और संत-महात्माओं को स्मरण और नमन करने का भी दिन है, जिन्होंने अपना पूरा जीवन राम मंदिर के निर्माण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा, मुझे पूर्ण विश्वास है कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जीवन और उनके आदर्श विकसित भारत के निर्माण का सशक्त आधार बनेंगे। उनका आशीर्वाद आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करेगा।